राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 राजद के घोषणा पत्र पर सियासी बयानबाजी... | नितिन गडकरी की छवि के सामने फेल हैं सारे... 12

वर्ष : 11 | अंक : 330 | पटना, रविवार, 14 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 32°C
न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 75,395
चांदी 83,800
सेंसेक्स 74,244
निफ्टी 22,519

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलियांवाला बाग नरसंहार में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों के प्रति शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और कहा कि उन शहीदों की देशभक्ति की भावना आने वाली नईढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। औपनिवेशिक शासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रोलेट एक्ट के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों पर ब्रिटिश सेना ने 1919 में आज ही के दिन पंजाब के अमृतसर के जलियांवाला बाग में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की थी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जलियांवाला बाग में मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। स्वराज के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाली उन सभी महान आत्माओं के प्रति देशवासी सदैव ऋणी रहेंगे। मुझे विश्वास है कि उन बलिदानियों की देश-भक्ति की भावना आने वाली नईढ़ियों को सदा प्रेरित करती रहेगी।

### केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सोमवार को

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी, इसके बाद केजरीवाल ने बुधवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। हाई कोर्ट ने ईडी की इस दलील पर गौर किया कि एजेंसी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं। इसमें कुछ बयान और शराब नीति के निर्माण में उनके शामिल होने के आरोप शामिल हैं। बुधवार को केजरीवाल ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से एक ईमेल भेजने के लिए कहा, जो सीएम केजरीवाल की ओर से पेश हुए और तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### आम्बेडकर जयंती पर जारी हो सकता है भाजपा का संकल्प पत्र

नई दिल्ली। कल यानि रविवार को डॉ. आम्बेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र यानी घोषणा पत्र जारी हो सकता है। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने संकल्प पत्र का अंतिम प्रारूप तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार उस को अंतिम रूप दे सकते हैं। रविवार को पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पहले भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र जारी करती थी, जिसे वह अब संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। पार्टी नेताओं का कहना है धारा 370 और राम मंदिर निर्माण जैसे राष्ट्रीय संकल्प को पूरा कर भारतीय जनता पार्टी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह जो कहती है वह करती है। इसीलिए हम केवल घोषणाएं नहीं करते, बल्कि जो संकल्प करते हैं उसे पूरा भी करते हैं। अब यह संकल्प मोदी की गारंटी बन चुके हैं और लोगों को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।

---

**मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा को किया संबोधित**

# देशभर में एनडीए को 400 सीटें मिलेंगी : नीतीश

## बोलें-नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री

- 2005 से पहले शाम में लोग घर से निकलते नहीं थे
- 15 सालों में 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी
- हर समुदाय के विकास के लिए किया काम



प्रात : किरण

गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के बाराचट्टी में एनडीए प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजद पर जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि 2005 से पहले शाम में लोग घर से निकलते नहीं थे। गरीबी के कारण लड़कियां पढ़ नहीं पातीं थीं। उन्हें पोशाक, साइकिल, छात्रवृति दी गई। इससे हालात में सुधार आए हैं। सीएम ने कहा कि हिंदू मुस्लिम का झगड़ा होता था। शिक्षा, सड़क,स्वास्थ्य भी नहीं थी पहले,बहुत बुरा हाल था। सीएम ने आगे कहा कि अगर गलती से उन लोग को मौका मिल जाएगा तो फिर हिंदू मुस्लिम झगड़ा शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे खाली अपने परिवार का काम करते हैं। कभी बेटे तो कभी बेटी को टिकट देकर लड़वाते हैं। नीतीश ने कहा कि नौकरी देकर बदले में पैसा और जमीन ली गई, उसकी जांच हो रही है। हम उनको साथ में रखकर बता दिए कि देखो कितना काम किए। अब कह रह हैं कि वो लोग काम किए हैं। जब उन लोगों को साथ रखे तो गड़बड़ करने लगे। तब हम पुरानी जगह पर आ गए। अब कहीं नहीं जाएंगे। यहीं रहेंगे यहीं काम करेंगे। बहुत काम हुआ है। कुछ बचा हुआ है तो चुनाव के बाद सब काम करा देंगे। अधिकारियों को निर्देश देंगे। सब काम हो जाएगा। सीएम ने कहा कि केंद्र से उन्हें हर तरह का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम करे हैं। इससे देश आगे बढ़ रहा है। यहां राज्य और गया भी आगे बढ़ेगा। जब हमको मौका मिला तो लड़कियों के लिए साइकिल, पोशाक योजना की शुरूआत की उसके बाद लड़का के लिए योजना की शुरूआत की है। इंटर पास पर लड़कियों को 25 और फिर अब आगे की पढ़ाई पर 50 हजार रुपए देने का काम किया। पीएम भी देश भर के लिए काम कर रहे है। हम भी हर घर में बिजली, नल का जल,शौचालय पहुंचा दिया है।

4 लाख को नौकरी,5 लाख को रोजगार दिया है। कोई भाषण देने आएगा और अंड बंड कर देगा। हम से कुछ लोग नाराज है तो उसको छोड़ दीजिए। हमने सभी जाति के लिए काम किया है। सीएम ने कहा कि पिछली बार जिसको कहा उसको जिताए इस बार भी जीतन राम मांझी को कहने आए हैं जीत दिलाइए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। देशभर में एनडीए को 400 सीटें मिलेंगी। बिहार में हम सभी 40 सीटों पर जीतेंगे। विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग आपके लिए जीवन भर काम करेंगे। कुछ लोग अपने लिए काम करेंगे। इसे कायम रखिएगा तो आगे बढ़िएगा। केंद्र से भी सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि 2005 से 2020 15 सालों में उन्होंने 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। सात निश्चय योजना 2020 में 10 लाख सरकारी नौकरी, 10 लाख रोजगार की बात हुई थी। चार लाख लोगों को नौकरी और पांच लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है। एक लाख का और होने वाला है। तीन लाख का और जल्द हो जाएगा।

**अधिकारियों से जांच कर करेंगे विकासः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमें इमामगंज क्षेत्र में कई कमियां महसूस हुई है, और जानकारी मिली है। इसको लेकर मैं चुनाव बाद एक बार जरूर इमामगंज क्षेत्र में आऊंगा और एक-एक कमी को अधिकारियों से जांच कर यहां पर विकास करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम से कुछ लोग नाराज हैं तो उसको छोड़ दीजिए, उल्टा पुल्टा कोई काम नहीं करते हैं। हम मुस्लिम समाज से कहेंगे कि सबके लिए काम कर रहे हैं। सभी जाति के लिए काम किया है।

---

# जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए बनाएं गेम : मोदी

## पीएम ने भारत के शीर्ष गेमर्स के साथ की अनोखी बातचीत

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को क्रिएटर्स से कहा कि उन्हें ऐसे गेम बनाने चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता जैसे वैश्विक समस्याओं का समाधान कर सके। अनिमेष अग्रवाल, मिथिलेश पाटनकर, पायल धारे, नमन माथुर और अंशू बिष्ट जैसे कुछ शीर्ष भारतीय गेमर्स के साथ बातचीत में, प्रधान मंत्री ने कहा कि पश्चिमी दुनिया द्वारा सृजित शूटिंग खेलों के विपरीत, हमारे खेलों को वास्तविक जीवन के मुद्दों का भी समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा,विश्व नेता ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में बात करते हैं और उनसे निपटने के तरीकों की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी ने गेमर्स से कहा, मैंने मिशन लाइफः लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट नाम से एक वैकल्पिक तरीका तैयार किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा,अब, वैश्विक जलवायु संकट के समाधान के उद्देश्य से एक गेम की कल्पना करें, यहां गेमर को सबसे टिकाऊ दृष्टिकोण की पहचान करने के लिए विभिन्न तरीकों और समाधानों का पता लगाना होगा। इसी तरह, एक खेल स्वच्छता के इर्द-गिर्द घूम सकता है और देश के प्रत्येक बच्चे को ऐसे खेल खेलना चाहिए और गेमिंग के वास्तविक महत्व को समझना चाहिए। पीएम मोदी ने गेमर्स से कहा, परिवर्तन के लिए ऐसे गेम बनाएं, जो न केवल स्थानीय समस्याओं का, बल्कि वैश्विक मुद्दों का भी समाधान करे।

उन्होंने कहा कि आप स्वच्छ भारत पर आधारित एक गेम भी विकसित कर सकते हैं। खेल का विषय स्वच्छता के बारे में हो सकता है और हर बच्चे को इसे खेलना चाहिए। युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाना चाहिए और उनके वास्तविक महत्व को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि 2047 तक देश को उस स्तर तक ऊपर उठाया जाए कि मध्यम वर्ग को अपने जीवन में किसी अनावश्यक सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो हम कागजी कार्रवाई, दस्तावेजों और कानूनी व्यवस्था के चक्र में फंसे रहेंगे। गेमर्स ने प्रधानमंत्री के साथ गेमिंग उद्योग में नए विकास पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सरकार ने गेमर्स की रचनात्मकता को पहचाना है और भारत में गेमिंग उद्योग को बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीसी और वीआर गेमिंग की दुनिया में खुद को सराबोर करते हुए भारत के शीर्ष गेमर्स के साथ एक अनोखी बातचीत की।

सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेजी से विकसित हो रहे गेमिंग उद्योग के प्रति अपना उत्साह दिखाते हुए गेमिंग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने जिन सात गेमर्स से मुलाकात की, उनमें तीर्थ मेहता जीसीटीर्थ, पायल धारे पायल गेमिंग, अनिमेश अग्रवाल 8बीठग, अंशु बिष्ट गेमरफ्लीट, नमन माथुर मॉर्टल, मिथिलेश पाटणकर मिथपैट और गणेश गंगाधर एसक्रोसी शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गेमिंग कम्युनिटी के इन बहुचर्चित लोगों की मुलाकात का पूरा वीडियो आज रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस मुलाकात का एक टीजर रिलीज किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात के दौरान मोबाइल, पीसी और वीआर गेमिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री का गेम नियंत्रण और उद्देश्यों की त्वरित समझ से युवा गेमर्स आश्चर्यचकित हो गए। प्रधानमंत्री मोदी के गेमिंग कौशल से प्रभावित होकर गेमिंग समुदाय ने उन्हें नमो ओपी नाम दिया। यहां ओपी का मतलब प्रबल होता है। गेमर्स ने कहा, हम सभी के पास गेमर टैग हैं। चूंकि आप हमारी तरह जेन जेड हैं, इसलिए हम अब आपको नमो ओपी (प्रबलित) कहेंगे, क्योंकि आप हमारे लाइवस्ट्रीम चैट में देश के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं।

प्रधानमंत्री ने देश के कुछ शीर्ष गेमर्स के साथ बातचीत के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्हें नोब कहा। यह शब्द किसी ऐसे व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो नौसिखिया है या खेल में बहुत कुशल नहीं है। मोदी ने कहा, अगर मैं चुनाव के दौरान इस शब्द (नोब) का इस्तेमाल करता हूं, तो लोगों को आश्चर्य होगा कि मैं किसकी बात कर रहा हूं... अगर मैं ऐसा कहूंगा, तो आप एक विशेष व्यक्ति के बारे में सोचेंगे।

---

# राजद का घोषणा पत्र शिकार फंसाने का चारा जैसा : सम्राट

- मोदी की गारंटी गरीबो का 5 लाख तक मुफ्त इलाज व 5 किलो अनाज

प्रात : किरण



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूछा है कि एक करोड़ नौकरी का झांसा देकर तेजस्वी यादव कितनी जमीन गिफ्ट और दान में लेंगे? उन्होंने कहा कि राजद का घोषणा पत्र शिकार फंसाने का चारा जैसा है। श्री चौधरी ने कहा कि लालू परिवार जब भी सत्ता में आया दोनों हाथों से नामी-बेनामी सम्पत्तियों का अंबार खड़ा किया। सम्पत्ति इकट्ठा करने की ऐसी हवश है कि लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री रहते जहाँ पशुओं के चारा तक को नहीं बख्शा वहीं अपने रेलमन्त्रित्व काल में रेलवे के होटलों को लीज पर देने के एवज में पटना के सगुना मोड़ स्थित करोड़ों की जमीन कोचर बंधुओं से अपने परिजनों के नाम पर ले थी। श्री चौधरी ने कहा कि लालू राज में रोजगार केवल उनके परिवार को मिला, लालू के बाद पत्नी राबड़ी देवी मुख्यमंत्री, दोनों बेटा विधायक व मंत्री,उपमुख्यमंत्री,दो-दो बेटी लोकसभा उम्मीदवार बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि लालू मंडल कमीशन का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ,जबकि भाजपा हमेशा मंडल और कमंडल के साथ रही। विशेष पैकेज के तौर पर बिहार को मिल रहा है 4 हजार करोड़, जिस एयरपोर्ट की राजद को चिंता, उसपर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक गरीबी दूर नहीं, जारी रहेगी आरक्षण की व्यवस्था। मोदी की गारंटी गरीबो का 5 लाख तक मुफ्त इलाज व 5 किलो अनाज,हर घर सोलरयुक्त करने की योजना है।

---

# राजद का घोषणापत्रः एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा

## 2024 के चुनाव के लिए लेकर आए हैं 24 वचन : तेजस्वी

प्रात : किरण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें उसने एक करोड़ युवाओं को रोजगार और महिलाओं को साल में एक लाख रुपया देने समेत 24 वादे किये हैं। राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना घोषणा पत्र, जिसे परिवर्तन पत्र नाम दिया गया है जारी कर दिया। घोषणापत्र जारी करते हुए तेजस्वी ने कहा कि विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। राजद ने अपने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद के परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए हैं। यादव ने यहां घोषणापत्र जारी करने के दौरान कहा हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। बिहार के विकास के लिए आज हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा हम लोग जो वादा करते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय हम लोगों ने जितने भी वादे किए थे उसे अपने 17 महीने के कार्यकाल के दौरान पूरा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, हमने पांच लाख सरकारी नौकरी की व्यवस्था की। जाति आधारित गणना कराई और आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया। यादव ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वर्तमान में 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। यादव ने कहा, हमारी सरकार बनने पर अगले 15 अगस्त से देश को बेरोजगारी से आजादी मिलनी शुरू हो जाएगी। हम लोगों का प्रण है कि आगामी 15 अगस्त से देश को बेरोजगारी से आजादी दिलाने के साथ-साथ इसी दिन से नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने का भी वादा किया गया है।

हम संविदा और अस्थायी पदों को नियमित करने के लिए भी तेजी से अभियान चलाएंगे। हम लोगों से ये वादा करते हैं कि बिहार में जिस प्रकार नौकरी का मतलब तेजस्वी हो गया है यही वादा हम इस चुनाव में एक प्रतिबद्ध संकल्प के रूप में लेते हैं। अतः केंद्र में राजद समर्थित गठबंधन की सरकार के गठन के छह महीने के अंदर एक करोड़ नौकरियों की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। इसके अलावा तेजस्वी ने कहा कि- हमारी सरकार आई तो पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। इतना ही नहीं बिहार में स्पेशल पैकेज अलग से देंगे। हमलोग हरके लोकसभा क्षेत्र में 4 हजार करोड़ देंगे। इसके अलावा हमारा सरकार आई तो बिहार में खासकर 2 सौ यूनिट फ्री बिजली देंगे। इसके अलावा तेजस्वी ने शिक्षा को लेकर कहा की हमारी सरकार आई तो हम सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का तेजी से ऑडिट करेंगे तथा उनके बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों को अपडेट करेंगे। छात्र और शिक्षक अनुपात में नियुक्तियों की राष्ट्रीय नियमावली बनाएंगे। समयबद्ध तरीके से इसकी निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाई जाएगी। परिवर्तन पत्र में 24 वादे : 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी परिवर्तन पत्र में 24 वादे किए गए हैं, जिसमें पूरे देश में एक करोड़ नौकरी, गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 10 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा शामिल है।

---

### लोस चुनाव : चार आईएएस अधिकारियों का तबादला



पटना। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सरकार ने राज्य के चार आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इनमें से तीन अधिकारियों को नए विभागों में सचिव की जिम्मेदारी सौंप गई है। शनिवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग दया निधान पांडे को लघु संसाधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। ईखायुक्त गिरिवर दयाल सिंह को राजस्व परिषद के सचिव के तौर पर ट्रांसफर किया गया है। इसी तरह लघु जल संसाधन विभाग की सचिव डॉक्टर असीमा जैन को नगर विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं, राजस्व पर्षद के मौजूदा सचिव अनिल झा का तबादला कर उन्हें ईखायुक्त की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को नगर विकास विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है।

---

# पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम जदयू में हुए शामिल

## पूर्व मंत्री व कद्दावर नेता वृषिण पटेल ने राजद से दिया इस्तीफा

प्रात : किरण



पटना। राजद के पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम के नेतृत्व में कई वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को जदयू का दामन थामा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज में अशफाक करीम की एक अलग पहचान है एवं पूरे प्रदेश के अकलियत वर्ग में श्री करीम साहब का मजबूत प्रभाव भी है इसलिए हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी में इनके आने से हमारे संगठन को धरातल पर काफी बल मिलेगा। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज के हकों की हिफाजत की है। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कोशी-सीमांचल के क्षेत्र में विकास के कई एतिहासिक काम हुए हैं। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि 2024 के चुनाव में मुस्लिम समाज का एक बड़ा हिस्सा एनडीए के पक्ष में वोट करने का मन बना चुका है। श्री अशफाक करीम ने कहा कि राजद ने टिकट बंटवारे में मुस्लिम समाज को उचित हिस्सेदारी नहीं दी। आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज के धरोहरों को आगे बढ़ाने का काम किए हैं। वहीं, राजद को दूसरा झटका वृषिण पटेल के रूप में लगा। राजद सरकार में मंत्री रह चुके कद्दावर नेता वृषिण पटेल ने भी पार्टी छोड़ने की चिट्ठी प्रदेश अध्यक्ष को भेज दी। वृषिण पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष जगतनंद सिंह को पत्र लिखा है कि मैंने महसूस किया है कि राष्ट्रीय जनता दल को समर्पित कार्यकताओं की कोई आवश्यकता नहीं है।

---

**चुनाव** | **लोस चुनाव : 2019 के चुनाव मे राजद के सभी प्रत्याशियों को मिली थी हार**

# राजद ने विगत चुनाव में पराजित छह प्रत्याशियों पर फिर जताया भरोसा

प्रात : किरण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने 2019 में पराजित छह योद्धाओं पर एक बार भरोसा जताया है। उन्हें चुनावी समर में उतार दिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव मे महागठबंधन में शामिल राजद ने 19 प्रत्याशियों को चुनावी रणभूमि में उतारा था, लेकिन सभी प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा। इस बार के चुनाव में राजद ने 2019 के चुनाव में अपनी पार्टी के पांच पराजित योद्धा समेत छह पर भरोसा जताते हुये उन्हें फिर से चुनावी मैदान में उतार दिया है। इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व सांसद अर्जुन राय, राज्यसभा सांसद मीसा भारती और पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम शामिल हैं। राजद ने इसके अलावा वाल्मीकी नगर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लड़े पराजित उम्मीदवार दीपक यादव पर भी भरोसा जताते हुये उनपर दाव लगाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जय प्रकाश नारायण यादव ने बांका संसदीय सीट से चुनाव लड़ा, जहां उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल जनता दल यूनाईटेड प्रत्याशी गिरिधारी यादव ने पराजित कर दिया। पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने जहानाबाद संसदीस सीट से अपनी तकदीर आजमायी लेकिन उन्हें सत्ता के नये खिलाड़ी जदयू प्रत्याशी चंद्रेश्वर प्रसाद ने शिकस्त दे दी। पूर्व सांसद अर्जुन राय सीतामढ़ी संसदीय पर चुनावी मैदान में उतरे लेकिन उन्हें जदयू प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू ने मात दे दी। मीसा भारती ने पाटिलीपुत्र सीट से चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव ने परास्त कर दिया। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम हाजीपुर सु से चुनावी समर में उतरे लेकिन उन्हें लोक जनशक्ति पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस ने मात दे दी। वर्ष 2019 में वाल्मीकी नगर लोकसभा सीट पर दीपक यादव ने बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में जदयू प्रत्याशी वैधनाथ प्रसाद महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय केदार पांडेय के पौत्र और पूर्व सांसद स्वर्गीय मनोज पांडेय के पुत्र शाश्वत केदार को पराजित किया। बसपा प्रत्याशी दीपक यादव तीसरे नंबर पर रहे थे। श्री महतो के निधन के बाद वर्ष 2020 में इस सीट पर उप चुनाव हुआ। उप चुनाव में जदयू उम्मीदवार वैधनाथ

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसव के दौरान महिला की हुई मौत



दानापुर। नगर के अंतर्गत एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद वहां मौजूद डॉक्टर व नर्स शव को छोड़कर फरार हो गये। वहीं महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन उग्र हो गये और अस्पताल में तोड़फोड़ कर जमकर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची मृतका का भाई राजेश रजक ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम बहन रजनी कुमारी के पति दीपक उनके परिजन दीदी को प्रसव पीड़ा होने के बाद दानापुर अनुमंडल अस्पताल भर्ती करवाने पहुंचे थे। लेकिन वहां के चिकत्सको द्वारा प्रसव का समय नहीं होने का हवाला देकर घर जाने को कहां। उसी दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद किरण देवी नामक आशा कर्मी ने उन्हें अपने झांसे में लेकर कम पैसे बात कर बीबीगंज स्थित निजी अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की बात कह उन सभी को वहां ले गई। निजी अस्पताल में पहुंचने पर चिकित्सों द्वारा तत्काल ऑपरेशन करने को कहां। परिजनों के हामी भरने पर चिकित्सक उसका आपरेशन कर दिये।

### फुटओवर ब्रिज से एक व्यक्ति का किया गया शव बरामद

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने स्टेशन स्थित पश्चिमी फुट ओवर ब्रिज के ऊपर दक्षिण ओर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष लगता है। मृतक प्रथम द्दष्टया भिखारी प्रतित होता है। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। आने के बाद पहचान के लिए सुरक्षित रख दिया जाएगा।

### रेलवे लोहे के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



दानापुर खगौल। रेल थाना के अंतर्गत कोइलवर रेलवे स्टेशन से दो व्यक्तियों को पुल के नीचे रोड पर एक मोटरसाइकिल पर रेलवे ब्रिज का लोहा लोड कर ले जाते पकड़ा गया और स्प्लेंडर बाइक पर रखे बोरे की तलाशी लेने पर उसमें 15 किलो रेलवे का लोहा एवं रिविट हेड मिला। आरोपी विक्की कुमार सिंह उम्र-26 वर्ष पिता-स्व0 हरिद्वार सिंह, सा0-धनडीहा वार्ड नं0-10 थाना-कोईलवर जिला-भोजपुर गोलु कुमार उम्र-19 वर्ष पिता- हरेन्द्र राम, और सा0-धनडीहा वार्ड नं0-2 थाना-कोईलवर जिला-भोजपुर को गिरफ्तार किया गया वही इन दोनों पकड़े गये अभियुक्तो को लेकर उनके निशानदेही पर देर ना करते हुए कबाड़ी वाले को पकड़ने के लिए उपरोक्त की सूचना केंपिंग स्टाफ द्वारा तुरंत पोस्ट को दिया गया तो वहाँ से उ0नि0 विमल कुमार साथ आरक्षी राजेष कुमार चैबे, आरक्षी आर0बी0सिंह, आरक्षी टी0के0राय एवं आरक्षी अखिलेश कुमार के द्वारा स्थानीय थाना कोईलवर के सहयोग से उक्त कबाड़ी दूकान मे छापेमारी की गई तो कबाड़ी दूकान मे मौजूद दूकानदार सत्येन्द्र साह उम्र-46 वर्ष पिता-भूषण साह सा0-कोईलवर वार्ड नं0-09 थाना-कोईलवर जिला-भोजपुर की मौजूदगी मे दूकान की तलाशी लेने पर रेलवे पुल मे लगने वाले रेलवे का लोहा एवं रिविट हेड लगभग 20 किलो बरामद किया गया। उक्त मामले में तीनो अभियुक्तों को आरा जेल भेज दिया गया।

### चैती छठ के दूसरे दिन खरना पूरा, सायंकालीन अर्घ्य आज



पटना सिटी। चार दिनों के चैती छठ अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को व्रती दिन भर निराहार रहीं। इस दौरान एक बार फिर अधिकांश व्रतियों ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर जाकर स्नान-ध्यान किया। इसके बाद घर लौटे। अपराह्न से ही लकड़ी, गोइठा, कपूर की मदद से अग्नि प्रज्वलित करने के बाद खीर और रोटी बना कर भगवान भास्कर को भोग अर्पित किए। पान, फूल, माला के साथ ही दीया जला कर छठी मैया की आराधना की गई। व्रती के द्वारा छोड़े गए रोटी और खीर को परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। आस-पड़ोस के लोग, मित्र, रिश्तेदारों के बीच छठ मैया के खरना का प्रसाद पाने के लिए रात तक होड़ से लगी रही। इसी के साथ व्रती का 36 घंटे का व्रत हो गया। रविवार को व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को सायंकालीन अर्घ्य दिया जाएगा।

## एम्स पटना में मनाया राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस

# पैथोलॉजी सभी प्रकार की बीमारियों के निदान में महत्वपूर्ण : डॉ. जीके पाल

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। एम्स पटना के पैथोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस मनाया। यह दिन हर साल 13 अप्रैल को पद्म भूषण डॉ. वी आर खानोलकर की जयंती पर मनाया जाता है। क्वेटा में जन्मे, डॉ. वसंत रामजी खानोलकर ने 1921 में लंदन विश्वविद्यालय से पैथोलॉजी में एमडी करने से पहले मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज में अपनी मेडिकल शिक्षा पूरी की। वह यह डिग्री प्राप्त करने वाले पहले भारतीय थे, जिसने यह उपलब्धि हासिल की।

एक प्रतिष्ठित करियर की शुरूआत. उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ सहित राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थानों की योजना बनाने में महत्पूर्ण भूमिका निभाई। पैथोलॉजी विभाग के सेमिनार कक्ष में आधे दिन की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करके यह दिन मनाया गया। शैक्षणिक गतिविधियों की शुरूआत डॉ. (प्रो.) रुचि सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) पुनम प्रसाद भदानी ने पैथोलॉजी की यात्राः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया। उन्हें माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. (प्रो.) भास्कर ठाकुरिया ने सम्मानित किया। इसके बाद केक काटा गया और क्लिनिकोपैथोलॉजिकल क्विज का आयोजन किया गया, जिसका संचालन पैथोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार और डॉ. सुरभि ने किया। क्विज के विजेता डॉ. अबिनया, डॉ. सौप्तिक बसु और डॉ. प्रिया थे। समारोह की सूत्रधार सहायक प्रोफेसर डॉ. मधु कुमारी थीं। पैथोलॉजी के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. श्रीकांत भारती ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पैथोलॉजी विभाग के सभी जूनियर और सीनियर रेजिडेंट्स के साथ ऑन्कोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन, डमेटीलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के संकाय और रेजिडेंट्स इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. जी. के. पाल ने पैथोलॉजी विभाग को बधाई दी और आने वाले समय में निदान शाखाओं में और अधिक विकास की कामना की क्योंकि पैथोलॉजी सभी प्रकार की बीमारियों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# नमो 400 पार व वे चार लाख पार पर काम कर रहे हैं : रविशंकर

## पटना साहिब सांसद ने तख्त साहिब में मत्था टेका, शक्तिपीठ में की पूजा-अर्चना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविशंकर प्रसाद ने मत्था टेका। यहां जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा प्रदान किया। सांसद के साथ पटना सिटी अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा और भाजपा वाणिज्य मंच के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमित कानोडिया भी थे।

तख्त साहिब में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़े पुस्तक व श्री साहिब (तलवार) भेंट की। इससे पहले सांसद शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनेदवी मंदिर पहुंचे। यहां महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा-अर्चना का अनुष्ठान कराया और माता की चुनरी व प्रसाद प्रदान किया। तख्तश्री पटना साहिब में सांसद रविशंकर प्रसाद से संगत सरदार प्रेम सिंह,, दमनजीत सिंह रानू, अमरजीत सिंह, नवराज सिंह हैप्पी, दया सिंह, इंद्रजीत सिंह, त्रिलोक सिंह आदि ने पटना साहिब स्टेशन पर एक्सीलेटर लगाने, मेट्रो की सेवा का विस्तार तख्तश्री पटना साहिब के कंगन घाट तक किए जाने, पटना साहिब स्टेशन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और पटना साहिब से अमृतसर के लिए ट्रेन की मांग की। इस दौरान रविशंकर प्रसाद ने कहा कि फिलहाल पटना में मेट्रो निर्माण का कार्य चल रहा है। एनएच 30 के महादेव स्थान से गुरु गोविंद सिंह पथ होते हुए यह आएगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी आग्रह किए थे और चुनाव जीतने के बाद एक बार फिर भी इस दिशा में सार्थक प्रयास करेंगे। मेट्रो ट्रेन निश्चित तौर पर इधर आएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही उनकी बात पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से हुई थी। जल्द ही यहां पटना साहिब स्टेशन पर एक्सीलेटर लगाने का काम किया जाएगा। प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और पटना साहिब से अमृतसर के बीच ट्रेन सेवा शुरू किए जाने की मांग भी की गई है। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद वह इस दिशा में सार्थक पहल करेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ अबकी बार 400 पर कह रहे हैं। इस तरह से पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार लाख पार के साथ वह जनता के बीच हैं। जनता का असीम प्यार और स्नेह उन्हें मिल रहा है। साथ ही नरेंद्र मोदी की गारंटी पर वोटरों का विश्वास भी है।

# रोटरी क्लब ने दिव्यांगों की सेवा में दिए कृत्रिम उपकरण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पहाड़ी, पटना स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल सह रिसर्च सेंटर में शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल, दानापुर के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं ने अस्पताल का भ्रमण किया। अस्पताल की सेवाओं को देखकर वे सब भावुक हो गए। स्कूल के छात्रों ने कहा कि यहां आकर दिव्यांग बच्चों को देख उन लोगों को नया अनुभव मिला, जो अब तक हमलोगों ने अनुभव नहीं किया था।

बच्चों ने कहा कि वे सब भी प्रयास करेंगे कि कोई दिव्यांग नजर आ आए, तो उसे इस अस्पताल का पता बता कर जरूर भेजेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के द्वारा 12 मरीजों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किया गया। दो मरीजों को श्रवण यंत्र और दो व्हील चेयर प्रदान किया गया। रोटरी पाटलीपुत्र के अध्यक्ष चिन्तन जैन एवं सचिव श्रीमती कविता अग्रवाल यहां की सेवा से प्रभावित हुए। रोटरी पाटलीपुत्र के सदस्यों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर अस्पताल के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने अस्पताल के सेवाओं के बारे में बताया। अस्पताल के प्रबंध न्यासी विवेक माथुर ने अस्पताल में होने वाले कार्यों को बताया एवं कार्यक्रम में आए लोगों से आह्वान किया कि राह चलते जो दिव्यांग दिखे, उसे विकलांग अस्पताल जरूर भेजें। इस अवसर 10 मरीजों को कृत्रिम उपकरण तथा दो विकृति के शिकार बच्चों का प्लास्टर डॉ उमेश कुमार चौधरी सुमन के द्वारा किया गया। साथ ही अस्पताल के द्वारा फिजियोथेरेपी एवं न्यूरोथेरेपी चिकित्सा पद्धति का प्रदर्शन किया गया।

## दुकान से दो लाख की संपति चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के मसूरगंज मेन रोड पर स्थित राजेश कुमार की दुकान के शटर का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब दो लाख रुपए से अधिक की संपति की चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार राजेश की ओर से इसकी शिकायत मालसलामी थाना में की गयी है। पुलिस मौके पर पहुंच मामले में छानबीन की है। पीड़ित दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि चोरों ने शटर तोड़ कर डेढ़ लाख नगद और लगभग 50 हजार रुपये से अधिक के सिगरेट की चोरी कर लिया है। चोरी के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के डीबीआर निकाल कर ले गया है। चोरी की घटना को लेकर दुकानदारों में आक्रोश है।

# खालसा पंथ के साजना दिवस पर तख्तश्री पटना साहिब में विशेष दीवान

## शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल, अनेक ने किया अमृतपान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



खालसा पंथ के साजना दिवस पर शनिवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में विशेष दीवान सजा। इससे पहले बीते दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह ने कथा कर खालसा की स्थापना के उद्देश्य को रखते हुए कहा कि खालसा पंथ की नींव धर्म से परे होकर, जीवन जीने के लिए रखा है। रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह, पटियाला से आए भाई कंवलप्रीत सिंह व लखविंदर सिंह, होशियारपुर के भाई अवतार सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास व हुकुमनामा के साथ विशेष दीवान की समाप्ति की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला। इससे पहले सुबह में आशा जी दी वार से आरंभ हुए धार्मिक कार्यक्रम में भाई नविंदर सिंह ने इसकी शुरूआत की। इसके बाद भाई दिनेश सिंह (लखनऊ) ने शबद कीर्तन किया। शाम के समय में रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास व हुकुमनामा के साथ सोदर कीर्तन भाई जोगिंदर सिंह ने की। कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु इतिहास पर कथा कही। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद अमृत बाटा में दर्जनों लोगों ने अमृत छक सिख पंथ की दीक्षा ली। दूसरी ओर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन शनिवार को हुआ। इसके बाद बाबा गुरविंदर सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। आयोजन में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल के अलावा अधीक्षक दलजीत सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह, दमनजीत सिंह रानू, अमरजीत सिंह, नवराज सिंह हैप्पी, त्रिलोक सिंह, तेजेंद्र सिंह बंटी, बलराम सिंह, सरदार प्रेम सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा आदि मौजूद थे।

# राजद का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा : प्रभाकर मिश्र

## एक करोड़ नौकरी देकर कितनी जमीन हड़पना चाहते हैं राजद सुप्रीमो

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए कहा कि राजद ने अपने घोषणा पत्र का नाम 'परिवर्तन पत्र' देकर यह बताना चाहा है कि वह 'कानून के राज' को परिवर्तन कर फिर से 'जंगल राज' कायम करना चाहता है। राजद ऐसा राज स्थापित करना चाहता है, जहां भ्रष्टाचार का बोलबाला हो। लूट-खसोट कर अपनी तिजोरियां भरने की संस्कृति हो। राजद के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद को अपने घोषणा पत्र का नाम 'झूठ पत्र' रखना चाहिए था, क्योंकि यह 'झूठ का पुलिंदा' है। इसमें सिर्फ सपने दिखाये गए हैं। राजद बिहार में 23 और झारखंड में दो सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रहा है। यह किसी की समझ से परे है कि 25 सीटों पर चुनाव लड़ने वाला दल किस प्रकार अपने वादों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि राजद का हाल 'घर में नहीं दाने और अम्मा चली भुनाने' जैसा है।

जब वादे सिर्फ दिखावे के लिए ही करने थे, तो और बड़े वादे किए जा सकते थे। पिछले लोकसभा चुनाव में शून्य पर आउट होने वाले राजद के लिए यह घोषणा पत्र हास्यास्पद है। श्री मिश्र ने इंडी गठबंधन के घटक दलों पर हमला करते हुए कहा कि 'घमंडिया' गठबंधन के कुनबे में शामिल दलों के घोषणा पत्र में कहीं कोई तालमेल नहीं है। किसी में कुछ, तो किसी में कुछ है। इसी से पता चलता है कि घमंडिया गठबंधन बिना सिर-पैर का गठबंधन है। लालू को यह भी बताना चाहिए कि चुनावी घोषणा पत्र में एक करोड़ नौकरी के पीछे कितनी जमीन हड़पने का उनका टारगेट है। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए पैसे कहां से लाएंगे। अग्निवीर योजना समाप्त करने के पीछे क्या मंशा है। 200 यूनिट फ्री बिजली देने वादा भी सिर्फ लफ्फाजी है। राजद का घोषणा पत्र को जनता गंभीरता से कभी नहीं लेगी।

# महावीर घाट जाने के रास्ते में आधी सड़क धंस नाले में मिला

## व्रती व श्रद्धालुओं को घाट जाने और लौटने में होगी परेशानी, बना रहेगा खतरा


पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चार दिवसीय चैती छठ शुरू हो चुका है। गंगा नदी की पूछ एक बार फिर बढ़ी है। महावीर घाट पर हजारों की संख्या में व्रती और श्रद्धालु सायंकालीन और सुबह का अर्घ्य देने के लिए उमड़ते हैं। मगर अशोक राजपथ से महावीर घाट जाने वाले रास्ते में नाला टूटा हुआ है। मंदिर के पास टूटा हुआ नाला आधी सड़क को अपने चपेट में ले लिया है। इस कारण से आम दिनों में भी बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान जाम लग जाता है। अभी छठ के मौके पर जब टू, थ्री और फोर व्हीलर से और पैदल भी व्रती और श्रद्धालु गंगा स्नान करने, कपड़ा, गेहूं, चावल, दाल धोने और गंगाजल ले जाने के लिए आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे में यह टूटा नाला लोगों के लिए परेशानी का कारण बना है। साथ ही लोगों के लिए खतरा भी बना है। यह वार्ड पहले पटना के महापौर सीता साहू के जिम्मे में था, मगर मेयर और पार्षद दोनों चुनाव जीतने के बाद उन्होंने पार्षद पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में हुए उपचुनाव में यहां से सीता साहू की बड़ी बहू श्वेता कुमारी चुनाव लड़ीं और विजय दर्ज कीं। मगर समस्या यह बनी है कि महावीर घाट जाने के रास्ते के दौरान यह टूटा हुआ नाला आधी सड़क को अपने आगोश में ले लिया है, जो लोगों के आने-जाने में परेशानी के साथ ही खतरे की घंटी बजा रहा है।

# नोटिस चिपकाने से मेहंदीगंज रेल गुमटी के पास के दुकानदारों में आक्रोश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




मेहंदीगंज गुमटी के समीप और गुलजारबाग स्टेशन के पूरब एल/सी नं 72/बी किमी 536/12-16 के नजदीक झुग्गी-झोपड़ी एवं कच्चा-पक्का मकान अनधिकृत रूप से बना हुआ है। यह अवैध है। क्योंकि यह जमीन रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। सात अप्रैल से 16 अप्रैल 24 यानी 10 दिनों के अंदर झुग्गी-झोपड़ी एवं कच्चा तथा पक्का मकान को हटा लें। उक्त समय-सीमा के बाद आप पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और रेल प्रशासन द्वारा अनधिकृत कब्जा को हटा दिया जाएगा। साथ ही इस अनधिकृत कब्जा हटाने के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति होने पर रेल प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा। आईडब्ल्यूओ सुरेंद्र कुमार के हस्ताक्षर से यह नोटिस छह अप्रैल, 24 को जारी किया गया है। इस नोटिस को चिपकाने के बाद दुकानदारों में आक्रोश है। दुकानदारों का कहना है कि मामला पटना के जिला कोर्ट में इस विवाद से जुड़ा मामला मिसलेनियस अपील 21/2022 अजीत कुमार बनाम यूनियन ऑफ इंडिया चल रहा है। दोनों पक्ष के बीच बहस हो चुका है और मामला आदेश पर लंबित है। ऐसे में न्यायालय के फैसला आने तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने की मांग दुकानदारों ने उठायी है। दुकानदार अजीत कुमार का कहना है कि फतुहा इंस्पेक्टर ऑफ वर्क की ओर से निर्गत नोटिस दुकानदारों को हस्तगत नहीं करा दुकान दरवाजे पर बाहर चिपकाया गया है। दरअसल 16 फरवरी, 2023 को भी इन सभी झोपड़ी और दुकान को खाली कराने का रेल प्रशासन ने प्रयास किया था। तब स्थानीय प्रशासन के सहयोग से भी सख्ती बरते जाने के बाद दुकान में रहे अजीत कुमार के भाई मनोज कुमार के शरीर में अचानक आग लग गई और वह दुकान से भागते हुए रोड पर आ गए। लोगों ने उनके शरीर पर सुखा बालू, कचरा और कंबल भी फेंका। गंभीर स्थिति में उन्हें अस्पताल में इलाज को भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया था। इस हादसे के करीब एक माह बाद ही पिता ओम प्रकाश साहू भी तनाव और दुख से दम तोड़ दिए। हालांकि उस समय पटना के तत्कालीन डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने तब पीड़ित परिवार के अजीत कुमार को आश्वस्त किया था कि जब तक कोर्ट का आदेश नहीं आ जाता है।

# अगमकुआं आरओबी के अशोक स्तंभ के पास बन रहा पोस्ट

## शरारती तत्वों ने मार्च में तोड़ डाला था, मेयर बनवा रहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं आरओबी के ऊपर केंद्र में अशोक स्तंभ बना है। मौसम की मार झेलते हुए यातायात पुलिस के पदाधिकारी और जवान यातायात नियंत्रण के लिए काम करते रहे हैं। उन्हें लघुशंका से निवृत होने, पानी पीने के लिए या वर्षा होने पर बचाव के लिए तेजी से नीचे भागना पड़ता था। बाद में उन जवानों ने एक दिन वाहन से जा रही पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू को रुकवा कर आग्रह किया कि यहां पर एक पोस्ट बना दिया जाए, ताकि वह सब मौसम की मार खाए बिना अपनी ड्यूटी ढंग से कर सकें। इसके बाद यहां अल्युमिनियम फ्रेम की मदद से घेरबंदी कर और किवाड़ लगाकर शीशा लगाया गया, ताकि जवान मौसम की मार से बचते हुए अपनी ड्यूटी ईमानदारी से कर सकें। मगर शरारती तत्वों को यह रास नहीं आया। दो किस्तों में इस पुलिस पोस्ट को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि एक बार फिर से महापौर से आग्रह किया गया है। इस बार अल्यूमिनियम और शीशे की मदद से पोस्ट नहीं बनवा कर ईंट, बालू, सीमेंट की मदद से लोहे के पाइप का इस्तेमाल कर बनाया जा रहा है, ताकि शरारती तत्व आसानी से इसे नहीं तोड़ सकें। एक बार फिर पड़ रही गर्मी और गर्म हवा के थपेड़े से बचाव की आस यातायात पुलिस के पदाधिकारी और जवानों को लगी है। निर्माण के पूरा होने में करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है। मगर इसके बाद से उन्हें राहत मिलेगी। जवानों ने कहा कि ड्यूटी के दौरान वे सब यहां कुर्सी, पीने का पानी, हेलमेट, खाना, कुछ सामान रख दिया करते थे। अचानक से बारिश शुरू हो जाने पर वह सब पोस्ट के अंदर ही शरण लिया करते थे। मगर शरारती तत्वों ने दो बार इसे तोड़ने का काम किया है।

# मितन घाट के बाद महाराज घाट में अर्घ्य की व्यवस्था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



इस बार चैत्र नवरात्र पर खाजेकलां घाट सूना-सूना दिखाई देगा। इस घाट के पश्चिम सीता घाट और पूरब की ओर टेढ़ी घाट पर भी यही स्थिति बनी रहेगी। कारण कि नगर निगम के द्वारा पश्चिम में मितन घाट और पूरब में महाराज घाट में व्रती और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। मगर इन दोनों के बीच तीन घाट पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बताया गया कि इन घाटों पर किनारे में पानी काफी कम होने के कारण तैयारी को अंजाम देना संभव नहीं था। इसी कारण से इन घाटों को पूजा के लिए तैयार नहीं कराया जा सका। दूसरी ओर शनिवार को जिन-जिन लोगों के घरों में चैत्र नवरात्र हो रहा है, ऐसे लोग खाजेकलां घाट पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कारण कि एनएच 30 के दक्षिण की ओर मरचा मर्ची, रानीपुर, नून की चौराहा, सदर गली, लोदीकटरा, मीर गुलाबी बाग, मच्छरहट्टा गली, जिरिया तमोलिन की गली, चौधरी गली, टेढ़ी घाट, खाजेकलां, पानी टंकी, पादरी की हवेली जैसे दर्जनाधिक मोहल्ले के लोग इन तीन घाटों पर उमड़ते थे। मगर अब यह लोग कहां अर्घ्य देने के लिए जाएंगे यह प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। हालांकि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने भी कोई पहल नहीं की है। इससे श्रद्धालुओं में निराशा की स्थिति देखी जा रही है।

# रानीपुर में सती सावित्री सत्यवान की पूजा व मेला 14 से 16 तक

पटना सिटी। सती सावित्री ने धर्मराज से वाक युद्ध कर अपने पति सत्यवान का प्राण वापस लिया था। उसी की खुशी में आदिकाल से ही इस प्रसंग से जुड़ा स्थल रानीपुर के बभनगामा में सती सावित्री सत्यवान के मंदिर के पास मेष संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय (14 से 16 अप्रैल को) मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी स्थानीय कर रहे हैं। इस वर्ष भी मेला में महिलाओं की अधिक भागीदारी हो, इस उद्देश्य से कलश शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पूर्व महापौर प्रत्याशी अंजू सिंह को प्रभारी बनाया गया। मगर इसी सप्ताह उनके पड़ोस की एक महिला तथा युवा की दुर्घटना में मौत हो जाने से वह खासा मर्माहत हैं। इस कारण शोभायात्रा को स्थगित कर अब मंदिर परिसर में ही नारी शक्ति सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया है। समिति के संरक्षक रामजी योगेश तथा उपाध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा ने शरारती तत्वों के द्वारा मेला और समिति के बारे में भ्रामक प्रचार किए जाने की निंदा की है। साथ ही कहा कि वह इससे बाज आएं, अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह देश का इकलौता मेला है तथा भारतीय नारी की अस्मिता से जुड़ा हुआ है। इस समिति का निबंधन बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद से वर्ष 2015 में कराया गया है, जिसका निबंधन संख्या 4410 है। इस मेले को राजकीय दर्जा मिले, इसके लिए समिति प्रयासरत है तथा लगातार पत्राचार भी किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्याम नंदन प्रसाद, केएल यादव, विनय कुमार वर्मा, देवानंद यादव, पिंटू सिंह आदि सक्रिय हैं।

# टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण राजभवन में 22 को



प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, पटना सिटी शाखा का प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन गोविन्द कानोडिया के नेतृत्व में राज्यपाल सह अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी से राजभवन में शनिवार को मिला। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर पटना सिटी शाखा द्वारा गोद लिए गए 125 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का वितरण के लिए राज्यपाल से सहमति मांगी गई। इसमें उनके द्वारा 22 अप्रैल को राजभवन परिसर में उनके ही कर कमलों द्वारा वितरण को राजभवन सचिवालय के पत्रांक 263/ए डीसी/जीबी प्राप्त हुआ है।

आपको बता दें कि यह प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत राज्यपाल के निर्देश पर इन टीबी मरीजों को पटना सिटी शाखा द्वारा गोद लिया गया था। इन्हें छह माह तक पौष्टिक आहार दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में वाइस चेयरमैन प्रदीप बरेलिया, सदस्य राजेश कानोडिया, राजकुमार गोयनका शामिल थे।

# राजद के घोषणा पत्र पर सियासी बयानबाजी शुरू, एनडीए ने कसा तंज

## समुद्र के पानी को मीठा बना देंगें व हवा में उड़ेगा पहाड़ : मांझी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा चुनाव के लिए जारी राजद के घोषणा पत्र पर विरोधी दलों ने तंज कसा है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने राजद के घोषणा पत्र पर चुटकी ली है। उन्होंने तेजस्वी यादव को सुझाव दिया है कि वे घोषणा पत्र में कुछ अन्य बातें जोड़ें जो छूट गई है। जीतन राम मांझी ने लिखा है- राजद के घोषणा पत्र में शायद कुछ बातें छूट गई हैं,जो निम्नलिखित हैं। भारत में अमेरिका का विलय करेंगें। सूरज पश्चिम से उगाएंगें। समुद्र के पानी को मीठा बना देंगें। पहाड़ हवा में उडेगा। अब जब तेजस्वी यादव जी को पता है कि उनकी सरकार बन ही नही रही तो वह कुछ भी घोषणा कर सकतें हैं।

**राजद का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा :** राजद के घोषणा पत्र के बाद जेडीयू ने नौकरी के बदले जमीन लेने का मुद्दा उठाकर लालू परिवार को घेरा। जेडीयू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा ने कहा है कि राजद का यह घोषणा पत्र बिहार के लोगों के लिए झांसा देने वाला है। जब भी इन लोगों को काम करने का मौका मिला तो सिर्फ माल बनाया। राजद ने घोषणा पत्र का नाम बदल कर परिवर्तन पत्र कर दिया है, इससे इन लोगों की मंशा में कोई परिवर्तन होने वाला नहीं। इनकी मंशा सिर्फ कमाना है। तेजस्वी पर तंज कसते हुए जेडीयू महासचिव ने कहा कि इन्होंने एक करोड़ नौकरी देने की बात करी है तो बदले में कितनी जमीन लेंगे ? जेडीयू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा ने राजद के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए कहा कि राजद ने अपने घोषणा पत्र का नाम परिवर्तन पत्र देकर बिहार वासियों की आंख में धूल झोकने की कोशिश की है। राजद कानून के राज को परिवर्तित कर फिर से जंगल राज कायम करना चाहता है। ऐसा राज स्थापित करना चाहता है, जहां भ्रष्टाचार और लूट-खसोट कर अपनी तिजोरी भरी जा सके। जेडीयू महासचिव ने कहा कि राजद को अपने घोषणा पत्र का नाम झूठ पत्र रखना चाहिए था, क्योंकि यह झूठ का पुलिंदा है। घोषणा पत्र में सिर्फ सपने दिखाये गये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में शून्य पर आउट होने वाले राजद के लिए यह घोषणा पत्र जारी करना हास्यास्पद है। चुनाव में घोषणा पत्र जारी करना कुछ फिसड्डी दलों के लिए औपचारिकता होती है। ऐसे दलों को घोषणा पत्र के बगल में औपचारिकता पत्र भी लिख देना चाहिए, ताकि आम जनता भ्रमित न हो।

## 5 विभागों के मंत्री थे, कितने लोगों को नौकरी दी : जीवेश



● पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने तेजस्वी से किया सवाल

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने आज राजद द्वारा जारी घोषणा पत्र पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पिता , राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को घेरते हुए कहा कि अपने परिवार से बाहर 1 भी व्यक्ति को नौकरी नहीं देने वाले आज 1 करोड़ लोगों को नौकरी देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी हास्यास्पद स्थिति क्या हो सकती है कि 23 सीट पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी देश के लिए घोषणा पत्र जारी कर रहा है। भाजपा मीडिया सेंटर में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने तेजस्वी को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज वे प्रदेश में नौकरी देने की बात करते हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि 17 महीने उनके पास जो पांच विभाग थे, उन विभागों में उन्होंने कितने लोगों को नौकरी दी। उन्होंने कहा कि राजद के घोषणा पत्र जारी कार्यक्रम में इंडी गठबन्धन का कोई घटक दल के नेता उपस्थित नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में कोई विजन नहीं है, यह पूरी तरह अपरिपक्व घोषणा पत्र है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद परिवार सत्ता में रहने या नहीं रहने के दौरान परिवार से बाहर किसी को नौकरी दे नही पाए और आज वे 1 करोड़ रोजगार की बात कर रहें है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मोदी जी की सरकार ने 10 लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी और 10 लाख और देने की तैयारी में है। पूर्व मंत्री श्री मिश्रा ने कहा कि 2017 से 2023 तक कोरोना के बावजूद भी 5.28 करोड़ ईपीएफओ का रजिस्ट्रेशन हुआ है, इसका मतलब साफ है कि भारत सरकार ने उस काल में भी नौकरी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल सरकारी नौकरी से देश नही चल सकता है रोजगार सृजन भी आवश्यक है। सरकार का उसपर भी फोकस कर रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि गरीब आदमी का जमीन लेकर नौकरी देने वाले लोग आज फिर से नौकरी के नाम पर गरीबों को झांसा दे रहें है। उन्होंने 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने के वादे पर श्री मिश्रा ने कहा कि उनकी सरकार में लकड़ी पर खाना महिला बनाती रही, लेकिन उनकी चिंता नहीं की गई। मोदी जी ने चिंता किया और सबको गैस सिलेंडर दिया। सुधाकर सिंह प्रदेश के कृषि मंत्री थे और इस्तीफा देकर बाहर आ गए थे। आज फिर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिला आत्मनिर्भर होकर रहना चाहती है। राजद की सहयोगी पार्टी कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छवि दिख रही है। उन्होंने विशेष राज्य का दर्जा देने के वादे पर कहा कि तेजस्वी जी को पहले अपने बाबू जी से पूछना चहिए कि जब वो थे तब वे विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिलवा सके थे। तेजस्वी से सवाल करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि राजद को यह भी बताना चाहिए कि वह कांग्रेस के घोषणा पत्र को मानेगी या नहीं। उन्होंने कहा कि राजद का मतलब अपराध, डकैती, नरसंहार मात्र है। राजद की सरकार में 100 से अधिक नरसंहार हुए थे । इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता सुषमा साहू, अमित प्रकाश बबलू और राकेश पोद्दार उपस्थित रहे।

## जदयू का तंज-तेजस्वी को 20 करोड़ बोलना चाहिए था

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद के घोषणा पत्र को एनडीए के घटक दलों ने राजद के घोषणा पत्र भ्रामक बताते हुए जमकर आलोचना की है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव का पूरा परिवार सिर्फ भ्रष्टाचार कर सकता है। 1 करोड़ नौजवानों को नौकरी का वादा करके सिर्फ सपना दिखाया है। लालू यादव ने रोड मैप तैयार किया है कि कैसे 1 करोड़ नौकरी के नाम पर लोगों की जमीन हड़प ली जाएं। वहीं, नीतीश सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी को 20 करोड़ बोलना चाहिए था। चिराग ने कहा कि बिहार की सत्ता में लम्बे समय तक तेजस्वी के परिवार के लोग ही रहे हैं। उस दौर में कैसे नौकरी मिली यह किसी को बताने की जरूरत नहीं हैं।

चुनावी समय में बातें बड़ी बड़ी की जाती हैं। लेकिन सत्ता में आने के बाद बहाने बनाए जाते है। अभी लोकसभा के चुनाव में बिहार की जनता पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प ले चुका है। यूपी इसका उदाहरण है कि कैसे डबल इंजन की सरकार में तरक्की होती है। उन्होंने लालू-राबड़ी के शासन काल पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर उस समय मुख्यमंत्री रहते उन्होंने बिहार की बेहतरी के लिए काम किया होता तो आज बिहार पिछड़ा प्रदेश नहीं होता। हाथी के दांत दिखाने के अलग और खाने के अलग हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव ने पहले जो वादे किए थे उसे पूरा करना चाहिए। तेजस्वी ने केसीसी माफ करने की बातें की थी। लेकिन उनके ही दल के मंत्री कृषि विभाग में रहे और ऐसा कुछ नहीं हुआ। उनकी बातें ऐसी होती हैं। नीतीश कुमार से सीखना चाहिए कि कैसे जो बोलते हैं वह करते हैं। नीरज ने कहा कि चाहे अपराध नियंत्रण हो या विकास उसमें नीतीश कुमार ने मानक पेश किया है। गया में फल्गू नदी को सीता का श्राप कहा जाता था लेकिन नीतीश कुमार ने आज उस गया में गंगा जल पहुंचा दिया। नवादा तक गंगा जल जा रहा है। इसलिए तेजस्वी कभी भी अपने वादे पूरे नहीं करने वाले नेता रहे हैं और यह घोषणा पत्र भी वैसा ही है।

## 15 साल में राजद ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया : नित्यानंद

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के चुनावी घोषणा परिवर्तन पत्र पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सिर्फ और सिर्फ लोगों को गुमराह करने का काम करती है। जिस राष्ट्रीय जनता दल ने 15 साल बिहार में सत्ता में रहकर जंगल राज लाया, अपराधियों को संरक्षण दिया वह पार्टी विकास की बात करें तो लोगों को भरोसा कैसे होगा? उजियारपुर से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय ने कहा कि देश की जनता और बिहार के लोगों का भरोसा सिर्फ मोदी की गारंटी पर है। मोदी जी ने ही काम किया है मोदी जी ही काम करेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आगे कहा कि कहा राष्ट्रीय जनता दल के घोषणा पत्र में जो वादे किए गए है वह लागू इसलिए भी नहीं हो सकता क्योंकि राहुल गांधी के वादे कुछ और है, तो अखिलेश यादव के कुछ और है, तो स्टालिन के वादे कुछ और कहते हैं। मतलब यह की जितनी पार्टिया उतने वादे और मकसद सिर्फ एक लोगों को गुमराह करना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव से सवाल करते हुए कहा कि आखिर राजद ने अपने घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को लेकर एक शब्द भी क्यों नहीं कहा? मतलब यह कि भ्रष्टाचारियों को खुली छूट और लूट इनके घोषणा पत्र का हिस्सा है? राष्ट्रीय जनता दल और इनके नेता सिर्फ लोगों को गुमराह करने का काम कर सकते हैं काम करने का काम नहीं कर सकते। नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय जनता दल के घोषणा पत्र को सिर्फ चुनावी घोषणा पत्र बताते हुए कहा कि इस घोषणा पत्र का मकसद सिर्फ लोगों को दिग्भ्रमित करना है लेकिन यह ह्यबिहार की पब्लिक है सब जानती है। हाँ, राजद एक काम जरुर कर सकता है और वह है अपराधियों को संरक्षण, भ्रष्टाचार की खुली छूट, परिवार के लोगों को राजनीति में बढ़ावा। इसके सिवा ना तो तेजस्वी यादव जी के पास बिहार के लोगों के लिए ना कोई एजेंडा है और ना ही कोई मुद्दा।

## राष्ट्रीय जनता दल का घोषणा पत्र भ्रामक और गुमराह करने वाला : विजय

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद के घोषणापत्र पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि यह भ्रामक और गुमराह करने वाला घोषणा पत्र है ।लोकसभा में घुसने की कोशिश में इनका यह नया भ्रामक पत्र है जिससे इनका खुद का जमींदोज होना सुनिश्चित हो गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि घोषणा पत्र के माध्यम से राजद अपनी नाकामियों को छिपाने और ध्वस्त ट्रैक रिकॉर्ड पर पर्दा डालने की असफल कोशिश कर रहा है। लेकिन राज्य के युवा और महिला इनके चाल चरित्र से पूरी तरह वाकिफ हैं। जमीन के वदले नौकरी और वलात्कार मामलों में सजायाफ्ता एवं जेल में बंद पूर्व विधायक भी इन्हीं के पाठशाला के उत्पाद हैं। दो दो बार सुधरने का मौका मिलने के वावजूद इनका नेचर नहीं बदला। ये अभी भी1990 से 2005 का एजेंडा चला रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि घोषणा पत्र जारी करने के समय इंडी गठबंधन के किसी भी दल को साथ नहीं रखा गया। इससे प्रतीत होता है कि राज्य में इंडी गठबंधन का स्वरूप और आकार ध्वस्त हो गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य के युवा, महिला, किसान और गरीब इनके झाँसे में आनेवाले नहीं हैं। लोग भली भांति जानते हैं कि जिस प्रकार नेचर और सिग्नेचर नहीं वदलता है उसी प्रकार इनके झूठ और फरेब नहीं वदलेगा । चर्चा है कि तय और सिम्बोल ले चुके इनके उम्मीदवारों में भी अदला बदली और परिवर्तन हो सकती है। लोग जानते हैं कि ये किस प्रकार परिवर्तन करते है। श्री सिन्हा ने कहा कि पिता पुत्र के बड़बोलेपन और संवेदनहीनता के कारण आज भी इनके नेताओं ने दल छोड़ा है। ये न तो गरीबी जानते हैं न ही इन्हें गरीबों के कल्याण से कोई लेना देना है। बस खानापूर्ति के लिये इन्होंने परिवर्तन पत्र जारी कर दिया है। इनको मालूम है कि 2019 की तरह इसबार भी इन्हें एक भी सीट पर जीत हासिल नही होगी।

## वंचितों के उत्थान में बी पी मंडल का बड़ा योगदान रहा: तेजस्वी

### राजद कार्यालय में पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य ने दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष स्व बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में स्व मंडल जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि देश में जब भी सामाजिक परिर्वतन की बात होगी स्व मंडल का नाम गर्व से लिया जायेगा। देश और समाज उन्हें वंचितों का सच्चे हितैषी के रूप में हमेशा याद रखेगा। स्वर्गीय मंडल ने हमेशा पिछड़े, दलित एवं अकलियत समाज के उत्थान की लड़ाई लड़ते रहे। देश में पिछड़े और दलित जातियों का अध्ययन कर जो रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपा गया उसे मंडल आयोग के नाम से जाना गया। तदुपरान्त उसी मंडल आयोग की रिपोर्ट को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व वीपी सिंह ने 1990 के दशक में लागू कर दिया और पिछड़ों को सत्ता एवं नौकरी में इसके बाद अधिकाधिक भागीदारी मिली। श्री जगदानन्द सिंह ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा बीपी मंडल के द्वारा जो पिछड़ों के आरक्षण के लिए अनुशंसा की गई थी उसी का परिणाम रहा की आज पूरे भारत वर्ष में पिछड़ा वाद की राजनीति को बल मिला। इस अवसर पर स्व बीपी मंडल के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव श्री श्याम रजक, भोला यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, अजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रीमती मुकुंद सिंह, श्री प्रमोद कुमार राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, निर्भय कुमार अंबेडकर, उपेंद्र चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव श्री राकेश रंजन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्व बीपी मंडल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुशवाहा समाज से सार्वजनिक माफी मांगे नेता प्रतिपक्ष : भगवान

### जदयू ने राजद प्रत्याशी दीपक यादव के बयान पर चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह दांगी एवं प्रदेश प्रवक्ता धीरज कुशवाहा ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर वाल्मीकिनगर लोकसभा से राजद प्रत्याशी दीपक यादव द्वारा जदयू के दिवंगत नेता स्व बैद्यनाथ महतो पर किये गए आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए केन्द्रीय चुनाव आयोग से राजद प्रत्याशी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद प्रत्याशी दीपक यादव द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे श्री बैद्यनाथ महतो की तुलना बैल से करना घोर अपमानजनक है। श्री बैद्यनाथ महतो कुशवाहा समाज के सर्वमान्य नेता रहें हैं इसलिए उनके ऊपर की गई इस अभद्र टिप्पणी से पूरा कुशवाहा समाज आहत है। चुकी दीपक यादव राजद के प्रत्याशी हैं लिहाजा उन्होंने तेजस्वी यादव के इशारे पर श्री बैद्यनाथ महतो के विषय में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। इसलिए तेजस्वी यादव को सर्वजनिक रूप से माफी मंगनी चाहिये। श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद प्रत्याशी दीपक यादव का बयान राजद के वास्तविक चरित्र और मानसिकता को दशार्ता है। जिस व्यक्ति ने विधायक, मंत्री और सांसद के रूप में जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहें। उन्होंने जनकल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और ऐसे महान व्यक्तित्व के खिलाफ ओछी भाषा का प्रयोग करना यह बताता है कि राजद पूरी तरह से अपना आपा खो चुकी है। साथ ही पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री धीरज कुशवाहा ने कहा कि स्व बैद्यनाथ महतो समाजवादी नेता थे, उनके विरुद्ध राजद प्रत्याशी का बयान यह सिद्ध करता है कि राजद के लोग समाजवादियों से घृणा करते हैं। दीपक यादव का बयान राजनीतिक मयार्दा के बिल्कुल खिलाफ है। इस प्रेसवार्ता में राधेश्याम एवं नागमणि कुशवाहा मौजूद रहें।

# घोषणा पत्र : राजद ने चार साल की अग्निवीर योजना को निरस्त करने का किया ऐलान

### लोकसभा चुनाव : राजद का घोषणा पत्र जारी, 2024 के चुनाव के लिए 24 वादे

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में शनिवार को राजद का घोषणापत्र जारी किया। राजद इस घोषणापत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए हैं। श्री यादव ने यहां घोषणापत्र जारी करने के दौरान कहा कि हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। उन्होंने कहा है कि केंद्र में राजद समर्थित गठबंधन की सरकार के गठन के छह महीने के अंदर 1 करोड़ नौकरियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। तेजस्वी के वादे के मुख्य अंश : सरकार बनते ही बिहार को उसके विशेष राज्य का हक हम दिलायेंगे ताकि बिहार भी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होते हुए समावेशी विकास सुनिश्चित कर सके। विशेष दर्जा के साथ ही विशेष पैकेज दिया जाएगा। पिछड़ा राज्य होने के कारण आगामी 5 वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए 1 लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र को 4000 करोड़ रूपए की विशेष धनराशि मिलेगी। सेना एवं अर्द्ध सैनिक बल : चार साल की अग्निवीर योजना को निरस्त करते हुए सेना में स्थायी नियोजन सुनिश्चित किया जायेगा तथा 2014 के पूर्व की भांति सेना में भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। ड्यूटी के दौरान अर्धसैनिक बलों के जवान की शहादत के पश्चात उन्हें भी शहीद का दर्जा दिया जाएगा। रेलवे : रेलवे की नियुक्ति को 2014 के पूर्व के मानको पर ले जाकर इसे दुगुनी करते हुए निराश युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएँगे। रेलवे में पूर्व की तरह बुजुर्गों और बच्चों सहित अन्य वर्गों को टिकट में रियायत पुनः बहाल की जाएगी। रेलवे के निजीकरण को रोका जाएगा । एयरपोर्ट : बिहार में पूर्णिया, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं रक्सौल एयरपोर्ट को शुरू किया जाएगा। 10 फसलों पर एमसपी एवं स्वामीनाथन रिपोर्ट : कृषकों को समर्पित नीतियाँ किसानों के साथ बैठकर बनायेंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करेंगे। बिहार के उत्पादों के लिए अधिकतम एमएसपी सुनिश्चित करेंगे। किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली मुफ़्त दी जायेगी। घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों एवं महंगाई ने गरीब और निम्न आयवर्ग की कमर तोड़ दी है। हम वादा करते हैं कि पूरे देश में इसकी कीमत 500 रुपये से अधिक नहीं होगी। बिजली की बेतहाशा बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए एक आयोग का गठन किया जायेगा। साथ ही हरेक घरेलू उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। मंडल कमीशन : वंचितों, उपेक्षितों एवं पिछड़ों के कल्याणार्थ मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों की सहायता बिहार में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्री लगवाई जाएगी। लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि आधारित एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हमारी प्राथमिकता होगी। राज्य में और देश के स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अच्छे व्यवसायिक विचारों और योजनाओं वाले युवाओं को मार्गदर्शन और प्रारंभिक पूंजी प्रदान की जाएगी। आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन प्रदाताओं के वेतन एवं मानदेय को बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को घर बनाने और छोटे व्यवसाय शुरू करने में मदद करने के लिए विशेष कार्यक्रम बनाएंगे। सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का तेजी से ऑडिट करेंगे तथा उनके बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों को अपडेट करेंगे। स्वास्थ्य : स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाएंगे जिसमे मुफ्त परामर्श, नैदानिक सेवाएं, दवाएं और उपभोग्य वस्तुएं और उपचार प्रदान करने के लिए एक सार्वभौमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। सामाजिक न्याय- जातिगत जनगणना : हम देश भर में जातिगत जनगणना कराएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व मिले, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी शामिल हैं, चाहे उनकी जाति और समुदाय कुछ भी हो। महिला सशक्तिकरण : सभी गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रूपए की सहायता दी जाएगी। पोषण और स्कूल में रहने के लिए प्रोत्साहन के तौर पर हम बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे ताकि वे पीछे न रहें। कानून प्रवर्तन निकायों, जैसे पुलिस इत्यादि, को लोगों के प्रति अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया जाएगा।

### बिहार की तर्ज पर आरक्षण की सीमा बढाकर 75 फीसदी की जाएगी

वंचितों, उपेक्षितों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों, के लिए बिहार की तर्ज पर आरक्षण की सीमा बढाकर 75 की जाएगी। हम सरकारी ठेकों में दलित, पिछड़ों और आदिवासी समुदायों की हिस्सेदारी तय करेंगे। वर्तमान में देश की बहुसंख्यक आबादी युवा है। युवा वर्गों के हितों के मद्देनजर राष्ट्रीय युवा आयोग का गठन किया जाएगा। इसमें राज्य के युवा छात्रों, व्यवसायियों तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों की भागीदारी होगी। केंद्र और राज्य में हमारी सरकारी आने पर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाएगा। फिल्म और टीवी प्रशिक्षण और फिल्म सिटी का निर्माण : रोजगार, पर्यटन और निवेश को बढ़ाने के लिए राज्य में एक फिल्म और टीवी संस्थान और उसी से जुडी एक फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। धरोहर और पर्यटन : बिहार के सभी धर्मो के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर उन्हें ऐतिहासिक स्थल बनाने की कार्यवाही की जाएगी। पर्यटकों के लिए इन सभी स्थानों पर उपयुक्त सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत : दीपंकर

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। संविधान निमार्ता डॉ। भीम राव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को हड़ताली मोड़ स्थित विधायक सत्येदव राम के आवास पर लोकतंत्र बचाओ-संविधान बचाओ नागरिक संवाद का आयोजन किया गया। नागरिक संवाद के मुख्य अतिथि भाकपा-माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के नेता अब खुलकर कह रहे हैं कि 400 पार वाला बहुत उन्हें संविधान बदलने के लिए चाहिए। अब मोदी कह रहे हैं कि अम्बेडकर भी आ जाएं तो संविधान को खत्म नहीं कर पाएंगे। संविधान निमार्ता का नाम संविधान खत्म करने वाले के रूप में लेने जैसा अहंकार मोदीजी ही दिखा सकते हैं। बाबासाहब ने सही कहा था कि संविधान किन लोगों के हाथ में है उसी पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। समय आ गया है संविधान को संविधान विरोधियों के चंगुल से मुक्त करना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज जब भारत के सबसे निर्णायक चुनावी जंग में संवैधानिक लोकतंत्र का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, हमें अंबेडकर की क्रांतिकारी विरासत से ताकत और प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबा साहेब अंबेडकर ने न सिर्फ हमें संविधान और आरक्षण दिया, बल्कि उन्होंने हमें राजनीति में भक्ति के खतरों से भी आगाह किया था। इसे उन्होंने तानाशाही का नुस्खा बताते हुए कहा था कि अगर हिंदू राष्ट्र हकीकत बन गया तो हम पर बहुत बड़ी मुसीबत आएगी। डॉ अंबेडकर की जयंती मनाते हुए उनके विचारों को आत्मसात करना है और संविधान और भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की रक्षा के लिए पूरे समर्पण और ताकत से काम करने की जरूरत है। नागरिक संवाद में जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता महंथ मांझी, इंजीनियर ओम प्रकाश मांझी, अमित कुमार, रजनीश उपाध्याय आदि लोगों ने भी अपनी बातें रखीं और कहा कि आज सभी लोकतंत्र पसंद नागरिकों को एकजुट होकर संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़नी है। लोकसभा के हो रहे चुनाव में इस बात की गारंटी करनी है कि भाजपा और उसके गठबंधन की बिहार में करारी शिकस्त हो। भाजपा को हराने के लिए पटना का नागरिक समाज नो वोट टू बीजेपी कंपेन भी चलाएगा। नागरिक समाज ने बिहार की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का भी संकल्प लिया। मौके पर एआइपीएफ के पीएस महाराज व विश्वनाथ चौधरी, इंसाफ मंच के लखन चौधरी, आइलाज की मंजू शर्मा, भाकपा-माले विधायक सत्यदेव राम, गोपाल रविदास, रसोइया संघ की नेता सरोज चौबे, भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता केडी यादव, अभ्युदय, सुधीर बोस, जितेन्द्र कुमार, संजय यादव, अनय मेहता, राखी मेहता, समता राय, आर एन ठाकुर, एस के शर्मा, एडवोकेट राजाराम सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा, अधिवक्ता और अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## सत्ता जाने का डर भाजपा के चेहरे पर दिखने लगा है: भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि सत्ता जाने का डर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर साफ दिखने लगा है ।प्रधानमंत्री पूरी तरह बौखला गए हैं। मटन-मछली खाने को भी चुनावी मुद्दा बनाने लगे। भाजपा को बीफ कंपनियों से चंदा लेने में परहेज नहीं है, लेकिन कोई मछली और मटन खाता है तो उसे दिक्कत हो जाती है। प्रधानमंत्री बौखलाहट में अनाप शनाप बयान दे रहें हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि देश की जनता अब बहकावे में आने वाली नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव मुद्दों पर होगा। प्रधानमंत्री ने 2014 में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का ऐलान किया था, क्यों नहीं मिला इसका जवाब जनता जानना चाहती है। प्रत्येक साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी के वादा का क्या हुआ ।कहाँ है 20 करोड़ नौकरी। भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बजाय विभिन्न मंत्रालयों में छंटनी करने का कार्य किया। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 30 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं, लेकिन नियुक्ति नहीं हो रही है। महंगाई आसमान छू रही है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि लोग भावना में नहीं मुद्दों के आधार पर वोट करेंगे। बिहार सहित पूरे देश में भाजपा की हार होगी। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवार की जीत होगी। बड़बोला बाप का बड़बोला पुत्र, चुनावी राजनीति में झूठ का बड़ा गुब्बारा छोड़कर वोटर को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वोटर जानता है ऐसे फूहड़पन और बड़बोलापन की राजनीति करने वाले के गुब्बारे की हवा बहुत जल्द निकल जायेगी। वो नौकरी के नाम पर कभी 10 लाख, कभी 20 लाख और अब 1 करोड़ की बोली लगाते हैं। जमीन के नाम पर नौकरी देने की कहानी पहले से ही चर्चा में है। हम बिहार के अपने युवा मतदाताओं से यही कहना चाहते हैं कि वो बिहार और बिहारियों को हल्का और मजाक बनाने वाले हवाबाजों से सतर्क और सावधान रहें। स्वार्थ और सत्ता की लोलुपता के लिए राजनीति करने वालों के झाँसे में न आकर विकास और समाज कल्याण को समर्पित सरकार को चुनें जो माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित बिहार और विकसित भारत की गारंटी देता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# प्रभारी प्रधानाध्यापिका के बदले उसके पति करते हैं विद्यालय का संचालन

प्रात: किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा)। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय दुगार्पुर का संचालन विभागीय मिलीभगत से प्रभारी प्रधानाध्यापिका के बजाय उसी विद्यालय से वर्षों पूर्व सेवानिवृत हुए उसके पति द्वारा बेरोकटोक करते की बात सामने आ रही है। लिहाजा विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावकों के बीच काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं जानकारी अनुसार विभागीय पदाधिकारी सब कुछ जानकर भी चुप्पी साध रखी है। मालूम हो कि उक्त विद्यालय में पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापिका मंजू कुमारी विद्यालय संचालन मामले में सिर्फ नाम की बनकर रह गई है। वहीं ये बात भी सामने आ रही है कि विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों सहित मध्याह्न भोजन से लेकर छात्र-छात्राओं की बढ़ा-चढ़ाकर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने, शिक्षक-शिक्षिकाओं पर नियंत्रण करने आदि के अलावे समय-समय पर विभाग में फर्जी कागजी घोड़ा दौड़ाने की सारी जवाबदेही इसी विद्यालय से सेवानिवृत हुए उनके पति ने उठा रखी है। स्थानीय होने के कारण विद्यालय में पदस्थापित अन्य सभी शिक्षकों पर रौब डालना इनके आदतों में शुमार है। वहीं जानकारी अनुसार प्रधान शिक्षिका के स्थानीय होने एवं विद्यालय के हर कार्यो में उनके पति द्वारा दखलंदाजी देने के अलावे उनके सगे पंचायत जनप्रतिनिधि द्वारा खुलकर साथ दिए जाने का विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक-शिक्षिकाएं इसका खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन मन ही मन सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं काफी आक्रोशित हैं। वहीं अभिभावक भी विभागीय पदाधिकारी की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। विद्यालय में पदस्थापित कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि विद्यालय की विधि व्यवस्था का आलम यह है कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यालय में उपस्थित रहे या ना रहे लेकिन विद्यालय संचालन के समय से पूर्व एवं समय के बाद तक उनके सेवानिवृत पति विद्यालय में रोजाना अड़े रहते हैं। साथ हीं विद्यालय के हर गतिविधि में शामिल होकर अपनी वर्चस्वता का दंभ भरते हैं। विद्यालय में वर्ग संचालन से लेकर हर गतिविधियों में प्रभारी प्रधानाध्यापिका के बजाय उनके पति का ही निर्देश सर्वोपरि माना जाता है। इस बाबत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शशिकांत कुमार अलबेला से पूछे जाने पर वे इस मामले में उचित निर्णय लेने की बजाय प्रधान शिक्षिका के हमेशा बीमार रहने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। साथ ही वे कहते हैं कि इस मामले में किसी भी शिक्षक-शिक्षिका या अभिभावकों के द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर विभागीय स्तर से समुचित कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल उठता है कि प्रधान शिक्षिका के बीमार रहने की स्थिति में क्या उसके सगे संबंधियों द्वारा रोजाना इस प्रकार विद्यालय के संचालन में दखलंदाजी देना कहां तक उचित है। क्या विभागीय स्तर से इस तरह के मामले में कोई वैकल्पिक व्यवस्था का प्रावधान नही है। खैर बात जो भी हो यह जांच का विषय है।

## कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर।आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक के तुरत बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय ने चुनाव के लिए गठित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिया कि सारे कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। चुनाव कार्य में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रामनवमी के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतें। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक जुलूस में कोई राजनीतिक गतिविधि न हो, ये सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम, सभी एसडीएम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## कस्तूरबा गांधी जयंती समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। कस्तूरबा दिवस पर गूर्मिया पंचायत लालगंज स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में धूमधाम से कस्तूरबा गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर मंत्र मुक्त कर दिया। इसके अलावे आठवीं पास 16 छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रामबाबू पासवान, समिति अध्यक्ष जयनंदन शाह, वार्ड सदस्य कपिल पटेल, वार्डन सीमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षिका बबली कुमारी ने कस्तूरबा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व की विस्तार से चर्चा की अतिथियों ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के टाइप 4 में वर्ग 9 में नामांकन के लिए छात्राओं को उत्प्रेरित किया।

इस दौरान छात्राओं के बीच रंगोली, नृत्य गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्डन सीमा कुमारी, शिक्षिका बबली कुमारी, लेखपाल सीमा गुप्ता, विनय कुमार, नागेंद्र शर्मा, अर्चना आई, सुमन देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में कस्तूरबा गांधी के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

## डॉ. सी वी रमण विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा 14 विद्यालयों में किया गया पुस्तक वितरण

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। भगवानपुर स्थित डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय के 37 छात्रों ने एनसीसी द्वारा आयोजित बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कियो बी सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल आठ अल्फा एवं 11 ब्रावो ग्रेड से पास हुए वहीं सी सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल चार छात्रों ने ब्रावो रैंक प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण विकाश एवं विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित हो उसके लिए कुल 14 विद्यालय एवं एक सार्वजनिक पुस्तकालय को पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान किए गऐ जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भगवानपुर, प्रतापटांड़, आर्यन चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालगंज, द बेटर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल, सराय उच्च विद्यालय, शंभूपुर कोआरी उच्च विद्यालय इत्यादि शामिल हैं सभी विद्यालयों द्वारा अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापन सौपा गयो विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित भी किया गया कि भविष्य में विद्यालयों को ऐसे ही हम मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह द्वारा एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर रिशु कुमार, शोएब अख्तर एवं एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर सौरभ कुमार को बधाई दिया गयो उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ विश्वविद्यालय के अंतर्गत ज्ञान का प्रसार ही नहीं अपितु आसपास के क्षेत्र में भी ज्ञान का संचार करना और पूरे समाज का सर्वांगीण विकास करना है इसी क्रम में आसपास के विद्यालयों में लगभग पंद्रह हजार से भी अधिक साहित्य एवं विज्ञान के पुस्तकों को वितरित किया गया है।

## क्राप कटिंग कराकर अधिकारियों ने ली गेहूं उत्पादन की जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। कृषि विभाग और सांख्यकी विभाग के अधिकारियों के समक्ष सिंहेश्वर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर व मानपुर पंचायत के कन्हुआ गोढ़ियारी मौजा में गेहूं की फसल क्राप कटिंग की गई। वर्ष 2024 में गेहूं के उत्पादन को लेकर अधिकारी काफी संतुष्ट दिखे। इस बार प्रति हेक्टेयर करीब 40 क्विंटल गेहूं का उत्पादन किसान द्वारा किया गया। इस दौरान संयुक्त निदेशक ने कहा कि सरकार वर्तमान समय में किसान के लिए सबसे आधुनिक व्यवस्था के तहत खेती में बढ़ावा दे रही है। ताकि किसान अधिक से अधिक पैदावार कर सकें। साथ ही उन्हें बाजार में अच्छी रकम भी मिल सके। निरीक्षण के दौरान कोसी प्रक्षेत्र के उप निदेशक शशि प्रकाश, जिला संख्यिकी पदाधिकारी मु.आसिफ जावेद, जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी, सिंहेश्वर प्रखंड संख्यिकी पदाधिकारी गोपाल कुमार, मनोज कुमार, विकास कुमार, रजनीश सिंह आदि मौजूद थे।

## बच्चों के बीच समारोह आयोजित कर वितरण की गई पुस्तकें

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पथलघट्टा में प्रभारी प्रधानाध्यापक रासबिहारी ताँती की अध्यक्षता में एवं शिक्षिका प्रीति कुमारी की देखरेख में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान वर्ग प्रथम से वर्ग अष्टम तक के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक वितरण किया गया।विद्यालय में नामांकित कुल 144 बच्चों के बीच पुस्तक वितरण किया गया।पुस्तक वितरण समारोह के दौरान पुस्तक मिलने के बाद छात्र-छात्राओं में काफी खुशी देखी गई।इस दौरान बताया गया कि पहली बार छात्र-छात्राओं के बीच अप्रैल माह में पुस्तक वितरण किया गया है।इसकी पूर्व महीनों विलंब से पुस्तक आती थी और वितरण की जाती थी।पुस्तक वितरण के दौरान कुल आठ विषयों की पुस्तक इन बच्चों के बीच वितरित की गई।इस मौके पर शिक्षिका प्रीति कुमारी,राजेश कुमार,शेखर कुमार,दिलीप रविदास सहित सैकड़ो छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## बच्चों के माध्यम से अभिभावकों में जागृति फैलाने का हो रहा प्रयास

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। अगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रखंड के सत्य साई पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का बीडीओ अजय कुमार ने स्वयं जायजा लिया।वही,प्रतियोगिता मे अव्वल आने वाले छात्र संध्या कुमारी,सोनम कुमारी,कोमल कुमारी,अपर्णा राज,मनीष कुमार,शौर्य सुमेध को उनके द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों में मतदान को लेकर जनजागृति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने मतदान को लोकतंत्र का महापर्व बताते हुए सभी बच्चों से अपने अभिभावकों से 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में आवश्यक रूप से शामिल होने हेतु अपील की।कहा कि सभी की सहभागिता से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है।उन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी लोगों से अपना मतदान करने की अपील की।इस दौरान विद्यालय कोडिनेटर पूनम सरकार ने अभिभावकों से मतदान केन्द्र जा कर मतदान करने की अपील की।इस मौके पर सत्य साई पब्लिक स्कूल के निर्देशक संतोष केशरी,राजेश साह,शिक्षिका नीलम केशरी,पंकज मालवीय,प्रीति सिंह, राजेन्द्र यादव,बबीता कुमारी, निशा कुमारी,नीतू कुमारी,रूबी कुमारी मौजूद थी।

## शिक्षा विभाग की भवन पर है एनजीओ का कब्ज

महनार। शिक्षा विभाग की भवन पर एक एनजीओ का कार्यालय चल रहा है और शिक्षा विभाग इससे बे खबर बना है ।जानकारी के अनुसार महनार के बालक मध्य विद्यालय परिसर में जनक स्मारक भवन अवस्थित है तथा इस भवन में दस वर्ष पूर्व तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का कार्यालय था। बाद में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद सरकार ने विलोपित कर दिया एवं प्रखंड संसाधन केंद्र का भवन निर्माण होने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय उसमें शिफ्ट कर गया। इस प्रकार यह जनक स्मारक भवन लावारिश बन गया। दो वर्ष पूर्व महनार नगर में सफाई करने वाले एनजीओ ने रहस्मय ढंग से इसके भवन पर कब्जा कर लिया है । इसमे सफाई कर्मियों की हाजरी होती है तथा इसमे अपने उपस्कर रख कर इसको एनजीओ ने अपना कार्यालय बना लिया है । एनजीओ को बाजार में कहीं किराया का भवन ले कर अपना कार्यालय खोलना था किंतु शिक्षा विभाग के लावारिश पड़े इस भवन पर ही अनाधिकृत रूप से कब्जा कर अपना कार्यालय खोल लिया गया है।

## उप मुखिया चुनाव में महेश यादव निर्विरोध निर्वाचित

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई। जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत नजारी पंचायत में निर्धारित समय शनिवार 13 अप्रैल को नजारी पंचायत भवन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उप मुखिया चुनाव सम्पन्न हुआ।इस उप चुनाव में दुष्यंत कुमार भू - अर्जन पदाधिकारी जमुई प्रवेक्षक,प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी डॉ० प्रभात रंजन एवम नजारि पंचायत के पंचायत सचिव नारायण कुमार ससमय पंचायत भवन पहुंच गए। वहीं 14 सदस्य वाली वार्ड सदस्यों में 11 सदस्य ही निर्धारित समय पर पंचायत भवन पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

तय समय सीमा के अन्दर 13 नम्बर के वार्ड सदस्य महेश यादव ने उप मुखिया चुनाव में उपस्थित पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।महेश यादव के नामांकन पत्र में मदन मरांडी प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में महेश दास ने समर्थन किया। वहीं उपस्थित 11 वार्ड सदस्यों में एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने से मजिस्ट्रेट दुष्यन्त कुमार, निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० प्रभात रंजन ने महेश यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। तत्पश्चात निर्विरोध निर्वाचित महेश यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस निर्वाचन प्रक्रिया में नजारी पंचायत के वार्ड नंबर 05 के पूर्व उप मुखिया सदस्य एवम वार्ड नंबर 04 और वार्ड नंबर 07 के सदस्य अनुपस्थित रहे।

## विवाह के लिए कन्याओं को मां कात्यायनी की उपासना करना चाहिए

पटना। चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के रूप में नवरात्रि वर्ष में दो बार मनाई जाती है। भक्त अपनी इच्छानुसार मां दुर्गा का 9 दिन का व्रत रखते हैं। नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा होती हैं। मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा है और इस व्रत को करने वाले को भी शक्ति की प्राप्ति होती है। नवरात्रि का पांच पूजा में मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा और मां स्कंदमाता की आराधना हो चुकी है। अब छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा - आराधना होगी।

मां कात्यायनी की उत्पत्ति या प्राकट्य के बारे में वामन और स्कंद पुराण में अलग-अलग बातें बताई गई है। मां कात्यायनी देवी दुर्गा का ही छठा रूप है। स्कंद पुराण में कहा गया है कि मां कात्यायनी की उत्पत्ति परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से हुई थी। वहीं वामन पुराण के अनुसार सभी देवताओं ने अपनी ऊर्जा को बाहर निकालकर कात्यायन ऋषि के आश्रम में इकट्ठा किया और कात्यायन ऋषि ने उस शक्तिपुंज को एक देवी का रूप दिया जो देवी पार्वती द्वारा दिए गए सिंह (शेर) पर विराजमान थी। चूकि कात्यायन ऋषि ने देवी का रूप दिया था इसलिए देवी मां कात्यायनी कहलाई और मां कात्यायनी ने ही महिषासुर का वध की। कालिका पुराण जैसे ग्रंथों में अन्यत्र, यह उल्लेख किया गया है कि ऋषि कात्यायन ने सबसे पहले उनकी पूजा की थी, इसलिए उन्हें कात्यायनी के नाम से जाना जाने लगा। किसी भी स्थिति में, वह दुर्गा का एक प्रदर्शन या स्वरूप है और उसकी पूजा नवरात्रि के छठे दिन की जाती है ।

संस्कृत में देवी महात्म्य, शक्तिवाद का केंद्रीय पाठ, दिनांक 11 ई.पू. वामन पुराण में उनकी रचना की, कथा का विस्तार से उल्लेख किया गया है: "जब देवताओं ने अपने संकट में विष्णु की खोज की, तो उन्होंने और उनके आदेश पर शिव, ब्रह्मा और अन्य देवताओं ने अपनी आंखों और चेहरे से ऐसी ज्वालाएं निकाली कि चमक का एक पहाड़ बन गया। जिससे मां कात्यायिनी प्रकट



हुई, हजारों सूर्यो के समान देदीप्यमान, तीन आंखें, काले बाल और अठारह भुजाएं। शिव ने उन्हें अपना त्रिशूल, विष्णु ने सुदर्शन चक्र या चक्र, वरुण ने एक शंख, अग्नि ने एक तीर, वायु एक धनुष, सूर्य एक तीरों से भरा तरकश, इंद्र एक वज्र , कुवेर एक गदा , ब्रह्मा एक माला और जल-पात्र, कला एक ढाल और तलवार, विश्वकर्मा एक युद्ध-कुल्हाड़ी और अन्य हथियार। इस प्रकार देवताओं द्वारा सशस्त्र और सम्मानित किया गया।

मां कात्यायनी मैसूर की पहाड़ियों की ओर बढ़ीं। वहां, असुरों ने उन्हें देखा और उनकी सुंदरता से मोहित हो गए, उन्होंने अपने राजा महिषासुर से उनका इतना वर्णन किया कि वह उन्हें पाने के लिए उत्सुक हो गए। कात्यायनी ने उनसे हाथ मांगा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें जीतना ही होगा। लड़ाई में। उसने महिष, बैल का रूप धारण किया और युद्ध किया। अंत में मां दुर्गा अपने सिंह से उतरी और महिष की पीठ पर चढ़ गई, जो एक बैल के रूप में था और अपने कोमल पैरों से उसके सिर पर इतनी भयानक ताकत से प्रहार किया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। फिर उसने अपनी तलवार से उसका सिर काट दिया और तब से उसे महिषासुर का वध करने वाली महिषासुरमर्दिनी कहा जाने लगा। इस कथा का उल्लेख वराह पुराण और शक्तिवाद के शास्त्रीय पाठ , देवी-भागवत पुराण में भी मिलता है।

स्कंद पुराण का एक अन्य संस्करण है, जहां कात्यायनी दो भुजाओं वाली देवी के रूप में प्रकट होती हैं और बाद में 12 भुजाओं वाली देवी के रूप में विस्तारित होती हैं। कार्तिकेय के तेज के कारण ही इनका यह नाम पड़ा। इस संस्करण में पार्वती अपना शेर उपहार में देती हैं। कात्यायनी द्वारा महिष को क्षमा करने का यह अनूठा संस्करण है

अमरकोष में पार्वती को ही कात्यायनी कहा गया है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, हेमवती एवम ईश्वरी कहा गया है। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमे भद्रकाली और चंडिका भी शामिल है, में भी प्रचलित हैं। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि मां कात्यायनी परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। मां कात्यायनी शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतञ्जलि के महाभाष्य में किया गया है, जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रचित है। उनका वर्णन देवी भागवत पुराण, और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है, जिसे 400 से 500 ईसा में लिपिबद्ध किया गया था।

बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों, विशेष रूप से कालिका पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है।

## विधानसभा का ईवीएम किसी दूसरे विधानसभा के स्ट्रांग रूम में नहीं जमा हो इसे सुनिश्चित करवाये : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर महाबोधि संस्कृति केंद्र बोधगया में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा ईवीएम विवीपैट संग्रहण में लगे सभी पदाधिकारियों एव सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया हू।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एसएम ने ईवीएम विविपैट संग्रहण में लगे सभी पदाधिकारियों एव सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को ईवीएम विविपैट रिसीविंग का कार्य सौपा गया है, जो काफी महत्वपूर्ण कार्य है। ईवीएम विविपैट काफी सेंसिटिव चीज होती है। इसे पूरी सतर्कता से कम करें। हर हाल में सभी ईवीएम मशीन का सील एवं एड्रेस टैग आदि को जांच करते हुए अलग-अलग विधानसभा वार ईवीएम विविपैट को स्ट्रांग रूम में जमा करना है।

किसी भी कीमत पर किसी विधानसभा का ईवीएम विविपैट, किसी दूसरे विधानसभा के स्ट्रांग रूम में नहीं जमा हो इसे सुनिश्चित करवाये। इसकी पूरी निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा बार पदाधिकारी को अलग से प्रतिनियुक्ति करें।इस कार्य में लगे सभी पदाधिकारी से पूछा कि यदि किसी को अभी भी डाउट है तो उसका समाधान करवाया जाएगा जो भी दिक्कतें महसूस हो रही है उसे आप स्पष्ट रूप से अवगत करावे तुरंत समाधान करवाने का कार्य किया जाएगा। मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक कागजातों को भरना जरूरी है। सभी पीठासीन पदाधिकारी की डायरी पूरी अच्छी तरीके से भरना होगा। कोई भी ईवीएम में यदि एक भी वोट पड़ा है तो इस संबंधित ईवीएम मशीन को भी स्ट्रांग रूम में सीधे जमा कराया जाएगा। ईवीएम विविपैट रिसीविंग के दौरान कोई समस्या नहीं हो, इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को भी पूरा दुरुस्त रखा जाए। इसके लिए अभी से ही प्लान तैयार कर लें।

उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी स्ट्रांग रूम में ईवीएम विविपैट जमा करने के लिए पर्याप्त संख्या में लेबर की व्यवस्था उपलब्ध रखें। सभी विधानसभा वार ईवीएम विविपैट रिसीविंग के दौरान अलग-अलग रंग का ड्रेस कोड रखें। उन्होंने कहा कि ईवीएम विविपैट रिसीविंग में लगे सभी मजदूर एवं अन्य पदाधिकारी कर्मियों को नाश्ता पानी चाय लस्सी इत्यादि समय-समय पर मिले, इसकी पूरी व्यवस्था कर ले।

स्ट्रांग रूम में ईवीएम विविपैट पूरी सुगमता के साथ तेजी से रिसीविंग करने के लिए सात टेबल से बढ़कर 9 टेबल किया गया है ताकि कम समय में सभी ईवीएम विविपैट को जमा करवाया जा सके।ईवीएम विविपैट के संग्रहण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समहर्तागण, अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कर्मिगण उपस्थित थे।

## बोधि वृक्ष के नीचे एक विशेष प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन



गया। रॉयल थाई मंदिर, बुद्धगया ने महाबोधि मंदिर के परिसर में पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे एक विशेष प्रार्थना सभा और जल अर्पण समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन थाई पारंपरिक नववर्ष के दिन सोंगक्रान उत्सव के अवसर पर किया गया। रॉयल थाई मंदिर के मठाधीश फ्राधमबोधिवोंग के नेतृत्व में रॉयल थाई मठ बुद्धगया के मुख्य मठाधीश थेरवाद और बुद्धगया के विभिन्न मंदिरों और मठों से लामाओं को आमंत्रित किया गया। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी और सदस्य श्री किरण लामा भी शामिल हुए।

बाद में सुबह 9:30 बजे सोंगक्रान उत्सव मनाने के लिए, पुराने साल के अंत को चिह्नित करने के लिए रॉयल थाई मंदिर, बुद्धगया में आयोजन किया गया। सोंगक्रान को 'जल महोत्सव' भी कहा जाता है। मंत्रोच्चार और संघ दान के संक्षिप्त समारोह के बाद, भिक्षुओं, लामाओं, डॉ. महाश्वेता महारथी, श्री किरण लामा, राजदूत डॉ. परविंदर सिंह, विश्व शांति संस्थान संयुक्त राष्ट्र ने बुद्धगया के रॉयल थाई मंदिर के परिसर में बुद्ध की मूर्तियों, स्तूपों और बोधि वृक्ष को सुगंधित जल अर्पित करने में भाग लिया। इसका नेतृत्व फ्राधमबोधिवोंग, रॉयल थाई मठ के मुख्य मठाधीश, फ्रामहा निपोन प्रसादी, मठाधीश के सचिव बुद्धगया मठाधीश ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में पति और पत्नी दोनो हुए घायल, रेफर

चौसा (मधेपुरा)। भटगामा -उदाकिशुनगंज मुख्य मार्ग एसएच -58 पर शुक्रवार की देर रात्रि में अज्ञात वाहन से धक्का लगाने से पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे प्रथिमिकी उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना के संदर्भ में बताया गया की चौसा थाना क्षेत्र के लौआलगान पश्चिमी निवासी संजय मंडल (45वर्ष) एवं उनकी पत्नी भुलिया देवी (40 वर्ष) अरजपुर पश्चिमी पंचायत के मधुरापुर गांव स्थित अपने बेटी के घर से वापस अपने घर लौआलगान वापस आ रहे थे इसी दौरान पंचायत सरकार भवन लौआलगान पूर्वी के समीप अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया जिस कारण दोनों पति पत्नी वही पर घायल होकर गिर पड़े। वही चौसा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौसा में भर्ती कराया जहां से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भागलपुर रेफर कर दिया।

### मुरलीगंज में आयोजित होने वाले अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग का तिथि बढ़ी

मुरलीगंज (मधेपुरा)। कोल्हायपट्टी डुमरिया पंचायत के डुमरिया गांव स्थित संतमत आश्रम परिसर में 20-21 अप्रैल को होने वाली अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग का प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय अधिवेशन अगले 4 व 5 जून को आयोजित होगी। उक्त जानकारी देते हुए स्वामी दयानंद बाबा ने बताया कि कोल्हायपट्टी डुमरिया में दो दिवसीय अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग प्रखंड मुरलीगंज का बारहवां वार्षिक अधिवेशन 20 व 21 अप्रैल से होना था। लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण अनुमंडल से आयोजन के लिए आदेश नही मिल पाया है। जिस कारण आयोजन की तिथि अगले 4 व 5 जून को निर्धारित किया गया है। जिसमें आचार्य महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज समेत अन्य वरिष्ठ संतो का आगमन होगा।

### दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर बहु को मार कर लाश को किया गायब

राजापाकर। बराटी थाना के अंधरवारा गांव में दहेज लोभियों ने एक बहू की हत्या कर लाश को गायब कर दिया है।इस संबंध में शुक्रवार की देर शाम बराटी थाना में मृतका के पिता ने आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज कराई है।।इस संबंध में लड़की के पिता ने थाने में आवेदन देकर छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।मृतक अंशु कुमारी के पिता पुलिस राय ग्राम खजूरहटा, थाना दरियापुर, जिला सारण ने आवेदन में कहा है कि बीते वर्ष 2021 मे हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपनी पुत्री अंशु कुमारी की शादी अंधरवारा ग्राम निवासी बालेश्वर राय के पुत्र जयशंकर राय से किया था। शादी के बाद एक दो वर्ष का लड़का भी है। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही मेरी पुत्री अंशु कुमारी से मोटरसाइकिल एवं सोने की सिकरी की मांग लड़का पक्ष के लोग करने लगे। मैंने समझाया कि गेहूं काटकर बेचकर गाड़ी एवं सीकरी खरीद कर दे दूंगा।इसी बीच 11 अप्रैल को सुबह अंशु की मौसी उमा देवी के द्वारा फोन पर सुबह 7 बजे बताया गया कि अंशु को मार कर उसके पति एवं घर वाले लाश को गायब कर दिया है। सूचना पाकर मृतक के पिता अंशु के ससुराल आए तो गांव वालों ने बताया की आपकी बेटी को मार कर रातों-रात लाश को लापता कर दिया गया है।दहेज के कारण मेरी पुत्री को जयशंकर राय उर्फभोला राय , बालेश्वर राय ,लारिया देवी, कुशेश्वर राय, सुनीता देवी, पूजा कुमारी सभी अंधरवारा निवासी थाना बाराटी ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए लाश को लापता कर दिया है।आवेदन में जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।वहीं इस घटना के बाद लड़का के परिजन सभी घर छोड़कर फरार है।

### जलियांवाला बाग कांड का 105 वीं दिवस मनाया, शहीदों को दिया श्रद्धांजलि

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के तत्वाधान में 105 वीं जलियांवाला बाग दिवस पर रेलवे जंक्शन चौक अवस्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा कोटि-कोटि नमन किया गया, तथा शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीद क्रांतिकारी अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज हुकूमत द्वारा रॉलेक्ट एक्ट कानून के विरोध में आयोजित सभा पर जनरल ओ डायर ने अंधाधुंध गोलियां चलवा कर हजारों लोगों को शहीद कर दिया, इसका बदला उधम सिंह भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर लंदन में जनरल ओ डायर को गोली मारकर लिया। श्री यादव ने कहा कि आज भी रॉलेक्ट एक्ट के तरह जनविरोधी तीन कृषि बिल, न्यू बिजली बिल, न्यू लेबर एक्ट, न्यू लैंड एक्ट, न्यू वाहन एक्ट, सीएए, एन आर सी जैसे काला कानून लाकर दिल्ली के बॉर्डर पर जलियांवाला बाग कांड के तरह ड्रोन से हमला कर 755 किसानों की हत्या की गई।

सम्पादकीय

# खटाखट कैसे मिटेगी गरीबी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ह्यगरीबी मिटाओह्ल का एक फॉमूर्ला दिया है। उनके मुताबिक, यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, तो प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में एक लाख रुपए सालाना जमा कराए जाएंगे। वह गरीब परिवार किसान, मजदूर या किसी का भी हो सकता है, उस परिवार की महिला को 8500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। यह आर्थिक मदद तब तक जारी रहेगी, जब तक वह परिवार गरीबी-रेखा से बाहर नहीं आ जाता। क्या कांग्रेस ने ऐसी योजना के अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है? सबसे अहम सवाल तो गरीबों की संख्या का है। दरअसल ऐसे गरीबों की देश में कितनी संख्या है, यह न तो कांग्रेस को पता है और न ही सरकार यह डाटा साझा करना चाहती है। गरीबी-रेखा की परिभाषा तक निश्चित नहीं है। देश में गरीबी की स्थिति क्या है, उसे लेकर भी विरोधाभास हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर आर्थिक असमानता के यथार्थ को दोहराया है। देश के 22 सबसे अमीर भारतीयों के पास इतना धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। राहुल गांधी के अनुसार, मोदी सरकार ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। यह देश के महज 25-30 धन्नासेठों की इतनी राशि है, जितनी 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को दी सकती थी। राहुल यह चुनाव देश के गरीबों और 22-25 अरबपतियों के बीच की लड़ाई मानते हैं। यह वामपंथी सोच का विश्लेषण है। यदि अरबपतियों के पास बेइंतहा आर्थिक संसाधन हैं, तो उनकी कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार भी देती हैं और करोड़ों रुपए के कर भी अदा करती हैं। बहरहाल राहुल गांधी का दावा है कि कांग्रेस देश से खटाखट गरीबी को मिटा देना चाहती है। हमारी जो गारंटी है, उसके जरिए हम एक ही झटके में गरीबी समाप्त कर देना चाहते हैं। राहुल गांधी की दादी एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी 1971 में ह्यगरीबी हटाओह्ल का नारा दिया था और प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीता था। उसके बाद की कांग्रेस सरकारों में भी ह्यगरीबीह्ल एक बुनियादी एजेंडा रहा, लेकिन एक समय आया था, जब ह्ययोजना आयोगह्ल (अब नीति आयोग) भी मानता था कि करीब 30 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। समितियां बनाई गईं, फॉमूर्ले तय किए गए, लेकिन सही डाटा देश के सामने पेश नहीं किया जा सका। चूंकि अब प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंचों पर बार-बार दोहरा रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को ह्यगरीबीह्ल से बाहर निकाला है। यानी प्रधानमंत्री भी स्वीकार करते हैं कि देश में 25 करोड़ गरीब रहे हैं, जिन्हें उस रेखा से उबारा गया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान ही देश के सामने है, अलबत्ता कोई बिंदुवार और क्षेत्रवार आंकड़े देश के सामने नहीं रखे गए हैं। इसी दौर में आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने एक आर्थिक आकलन सार्वजनिक किया था। उसके मुताबिक, देश में 23 करोड़ से अधिक भारतीय ऐसे हैं, जो 375 रुपए रोजाना की कमाई करने में भी असमर्थ हैं। वे भी गरीबी-रेखा के नीचे की आबादी हैं। सवाल है कि देश में कितने लोग गरीब हैं, जिन्हें आर्थिक मदद देकर उबारने की जरूरत है? प्रधानमंत्री मोदी देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को ह्यमुफ्त अनाजह्ल बांट रहे हैं। जिन्हें हर माह 5 किलो अनाज की दरकार है और अभी यह योजना 5 और साल चलेगी, तो ऐसे लोग गरीब नहीं हैं, तो उन्हें किस वर्ग में रखा जाएगा? मुफ्तखोरी की कई योजनाएं हैं और नकदी भी बांटी जा रही है। ऐसा लगता है मानो 90 फीसदी भारत गरीब है। सिर्फ धन्नासेठ और उनके सम्पन्न सलाहकार ही ह्यअमीरह्ल हैं। मोदी को ही सरकार के संबद्ध विभाग को आदेश देने चाहिए कि वह गरीबी की परिभाषा स्पष्ट करे, यह अहम मानवीय सरोकार है।

# एक बड़े राजनीतिक पतन को दशार्ते हैं चुनावी बॉन्ड्स

भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली ह्यएनिमल स्पिरिट्सह्ल को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी। किसी भी समझदार व्यक्ति के सामने यह बात तय और स्पष्ट है कि चुनावी बॉन्ड्स की योजना एक जबरन वसूली रैकेट थी। भले ही इसे जारी करते समय इसका वह (इसे बनाने वालों के चैरिटेबल होने का कलंक लगाने का) इरादा नहीं था जिस इरादे के साथ इसे तैयार किया गया था। इस योजना से जो वैध दिखाई देने वाला भ्रष्टाचार फैलाया गया, उसका लंबे समय तक अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा। यह घोटालों के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा जिसने अपने पीछे असाधारण और ऑडिट किए गए दस्तावेजों को देखते हुए कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है। इसकी विभीषिका यह है कि लेन-देन की बारीकियों में विशेष रूप से जब यह सामने आता है-(अ) फार्मा कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा और उनके दान, (ब) विभिन्न प्रकार की शुरू हुई जांच जो ह्यदानह्ल के बाद बंद हो गई, इनमें से एक प्रकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रक्रिया की ओर अग्रसर है, (स) भुगतान के बाद व्यापारिक घरानों के पक्ष में लंबे समय से लंबित मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना; और (द) विदेशी धन के लिए दान के रूप में आने वाला एक स्पष्ट रास्ता सिर्फ शीर्ष चिंताएं हैं। ये न केवल चुनावी बॉन्ड्स योजना के राष्ट्र-विरोधी चरित्र की ओर इशारा करती हैं बल्कि भ्रष्टाचार को निमंत्रण देने के रूप में भी सामने आती हैं-एक खुली नीति जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करने का स्पष्ट रास्ता बताती है। कीमत का पता हो तो एक कारोबारी नेता या निहित स्वार्थ क्या नहीं कर सकता, खास तौर पर जब कानूनी कवर की गारंटी हो, कानून में गोपनीयता लिखी गई हो और भारत के प्रधानमंत्री की पार्टी लूट की प्राप्तकर्ता हो? यह भ्रष्टाचार की ह्यरेट-कार्डह्ल पद्धति को वैध बनाता है जो लगान वसूली की मांग को एक कुशल, पूवार्नुमानित और मात्रात्मक उद्यम बनाता है, केवल यह कि सत्ता के उच्चतम सोपानों पर काम करता है। यह वैध है और वह आपका कोई भी काम हो, उसे पूरा करता है। एक आधुनिक लोकतांत्रिक देश के रूप में यह भारत के पतन और ह्यबनाना रिपब्लिकह्ल बनने की दिशा में निश्चित प्रवेश का प्रतीक है जिसमें शांति की दिखावटी भावना उस आंतरिक व्यवहार को मुश्किल से छुपाती है जहां गंदे काम किए जाते हैं। यह भारत की विकास गाथा की आंतरिक सड़ांध है, बढ़ती जीडीपी की बात तो छोड़िए, यह एक ऐसे देश का खुद का थोपा गया उपनिवेशीकरण है जिसने अपनी प्रतिष्ठा खो दी है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके एआर अंतुले को चुनावी बॉन्ड्स योजना के शुरूआती संस्करण के रूप में वर्णित किया जा सकता है। फर्क सिर्फ इतना था कि उनका धन संग्रह गरीबों के लिए था, न कि चुनाव लड़ने के लिए। जब उनके द्वारा नियंत्रित ट्रस्टों को ह्यदानह्ल के बारे में पता चला तो 1982 में दबाव डालकर अंतुले को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। यह सार्वभौमिक रूप से एक महत्वपूर्ण और बड़ा घोटाला माना जाता था। यह भाजपा ही थी जिसने अंतुले के खिलाफ मामला दर्ज किया था जिन्होंने शार्टेज के समय बिल्डरों को आंशिक रूप से सीमेंट आवंटन के बदले में ट्रस्ट फंड में 50 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। जैसे ही यह घोटाला राष्ट्रीय सुर्खियों में आया तो भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने में भाजपा सबसे आगे थी। लालकृष्ण आडवाणी ने इस घोटाले को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व किया। आज वही पार्टी एक ऐसे चरण में पहुंच गई है जहां उसका नेतृत्व संग्रह के यथानुपात औचित्य की बात करता है। जैसा कि अमित शाह द्वारा धन प्राप्त के औचित्य के लिए पेश किए प्रयास से पता चलता है, जिसमें उन्होंने कहा कि इतने सारे सांसदों के कारण हमें इतना मिला और विपक्ष को कम सांसद होने के कारण इतना धन मिला। फिर भी, चुनावी बॉन्ड्स से राष्ट्र को हुए गहरे नुकसान में उपरोक्त सभी को शामिल नहीं किया गया है। बड़ा झटका तो यह है कि भारत को स्वीकारोक्ति के इस अहसास के साथ आना होगा कि उदारीकरण और निजीकरण के युग में 1991 की उसकी दिशा विफल हो गई है। भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली ह्यएनिमल स्पिरिट्सह्ल को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी। अर्थशास्त्री राजकृष्णा ने 1950 से 1970 के दशक में देश की धीमी आर्थिक गति को ही ह्यहिन्दू रेट ऑफ ग्रोथह्ल कहा था, उससे ऊपर उठ सकें। सुधारों से पहले व्यवसायियों ने व्यापार-सरकार संपर्क की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई दिल्ली में संपर्क कार्यालय रखे। बहुत समय पहले 1970 के दशक के ह्यवैश्विक तेल संकटह्ल के मद्देनजर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था। प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया जिसके बाद इस लाइसेंस-नियंत्रण-राज की जरूरत ही नहीं रही। मनमोहन सिंह ने घोषणा की थी-ह्लसमग्र रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक कुशल और आधुनिक बनने से लाभान्वित होगी और औद्योगिक प्रगति की दुनिया में अपना सही स्थान लेगी।

# शिक्षित, सशक्त व समतामूलक राष्ट्र के हिमायती थे बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर

**इसके पीछे बड़ी दूरदर्शिता झलकती है। इसे संविधान की पुस्तक का स्वरूप दिया गया है। इस प्रकार यह इमारत अपने स्वरूप से ही बहुत कुछ कहती दिखाई देती है। अपने किस्म की यह भारत की पहली इमारत है। इसमें आधुनिक संग्रहालय बनाया गया है। यह निर्माण तो डॉ. आंबेडकर के निधन के बाद ही होना चाहिए था। इस स्मारक की पहल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी भाजपा की पहली सरकार ने की थी, इसे अंजाम तक भाजपा की दूसरी सरकार ने पहुंचाया। नरेंद्र मोदी की सरकार ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का भी भव्य निर्माण कराया। इसमें महू स्थित उनके जन्मस्थान, नागपुर की दीक्षा भूमि, लंदन के स्मारक निवास, अलीपुर महानिर्वाण स्थली और मुम्बई की चयत्यभूमि शामिल है।**






**माधुरी जायसवाल**
लेखिका समाजसेविका

आज देश में समतामूलक समाज का उदघोष करने वाले और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को संविधान देने वाले भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर की जयंती है। पूरा देश डॉ. भीम राव अम्बेदकर के विचारों पर चर्चा कर रहा है। इस चर्चा के बीच उन तमाम वैचारिक पहलुओं पर गौर करना जरुरी है, जो बाबा साहब अम्बेडकर की विचारधारा के मूल में है। बाबा साहेब समतामूलक समाज, शिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र के समर्थक थे। लेकिन, यह विडंबना रही कि कुछ दल अंबेदकर के नाम पर वोट लेकर सत्ता तो हासिल करती रही, लेकिन न तो बाबासाहेब के सपनों को साकार किया और न ही उन्हें समुचित सम्मान ही दिया। भारत को संविधान देने वाले बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। 1907 में उन्होंने अपनी मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की और अगले वर्ष एल्फिंस्टन कॉलेज में प्रवेश किया। इस स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने वाले अपने समुदाय से वे पहले व्यक्ति थे। 1912 तक बॉम्बे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान में बीए पास की और बड़ौदा राज्य सरकार के साथ काम करने लगे। जून 1915 में उन्होंने कला स्नातकोत्तर परीक्षा पास की, जिसमें अर्थशास्त्र प्रमुख विषय और समाजशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र और मानव विज्ञान यह अन्य विषय थे। उन्होंने स्नातकोत्तर के लिए प्राचीन भारतीय वाणिज्य विषय पर शोध कार्य प्रस्तुत किया। 1916 में उन्हें अपना दूसरा शोध कार्य के लिए दूसरी कला स्नातकोत्तर प्रदान की गई और अन्ततः उन्होंने लंदन की राह ली। 1916 में अपने तीसरे शोध कार्य के लिए अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त की। अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के बाद 1927 में अधिकृत रुप से पीएचडी प्रदान की गई। डॉ. आम्बेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। एक नवंबर 1951 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद वे 26 अलीपुर रोड, दिल्ली में सिरोही के महाराजा के घर में रहने लगे, जहां उन्होंने 6 दिसम्बर 1956 को आखिरी सांस ली और महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भव्य डॉ. आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण पूरा किया है, वह किसी महापुरुष के प्रति बड़ा सम्मान है। इसके पीछे बड़ी दूरदर्शिता झलकती है। इसे संविधान की पुस्तक का स्वरूप दिया गया है। इस प्रकार यह इमारत अपने स्वरूप से ही बहुत कुछ कहती दिखाई देती है। अपने किस्म की यह भारत की पहली इमारत है। इसमें आधुनिक संग्रहालय बनाया गया है। यह निर्माण तो डॉ. आंबेडकर के निधन के बाद ही होना चाहिए था। इस स्मारक की पहल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी भाजपा की पहली सरकार ने की थी, इसे अंजाम तक भाजपा की दूसरी सरकार ने पहुंचाया। नरेंद्र मोदी की सरकार ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का भी भव्य निर्माण कराया। इसमें महू स्थित उनके जन्मस्थान, नागपुर की दीक्षा भूमि, लंदन के स्मारक निवास, अलीपुर महानिर्वाण स्थली और मुम्बई की चयत्यभूमि शामिल है। यह स्मारक भारत के संविधान निमार्ता डॉ. आम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान को समर्पित है। डॉ.आम्बेडकर की स्मृति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2003 को महापरिनिर्वाण स्थल राष्ट्र को समर्पित किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के शासनकाल में इस इमारत को संविधान निमार्ता बाबा साहब के स्मारक के रूप में निर्मित किया गया है, इमारत को पुस्तक का आकार दिया गया है। इसमें एक प्रदर्शनी स्थल, स्मारक, बुद्ध की प्रतिमा के साथ ध्यान केन्द्र, डॉ. आम्बेडकर की बारह फुट की कांस्य प्रतिमा है। प्रवेश द्वार पर ग्यारह मीटर ऊंचा अशोक स्तम्भ और पीछे की तरफ ध्यान केन्द्र बनाया गया है। धर्मनिरपेक्ष शब्द की जरुरत संविधान में बाबा साहब को भी नहीं महसूस हुई थी, जबकि उस दौरान देश एक मजहबी बंटवारे से गुजर रहा था, लेकिन कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के शासनकाल में यह शब्द संविधान में जोड़ दिया। वैसे तो बाबा साहब सबके हैं, लेकिन जो लोग बाबा साहब को अपना मानते हैं, उन्हें यह स्पष्ट तो करना ही होगा कि बाबा साहब के इन विचारों को लेकर उनका उल्टा रुख क्यों है? आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ह्लसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्ल के साथ समाज के सभी वर्गों तक विकास की रौशनी पहुंचा रही है। आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला, उजाला एवं सौभाग्य योजना के माध्यम से जिस प्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति को बुनियादी सुविधा दी जा रही है, उसे साफ है कि भाजपा सरकार ने ही बाबा साहेब के सपने को साकार किया है। सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। जयंती पर महामानव भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेदकर को सादर श्रद्धांजलि।

# डॉ. बी.आर. आम्बेडकर की जयंती पर विशेष : बाबा साहब को ही नहीं की भी मानें

**वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमा बाई की 14 वीं व अंतिम संतान थे। आम्बेडकर के दादा का नाम मालोजी सकपाल था। उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव के निवासी थे। वे दलित महार जाति से संबंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी। भीमराव आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत रहे थे और उनके पिता रामजी सकपाल, भारतीय सेना की महू छावनी में सेवारत थे। यहां काम करते हुए वे सूबेदार के पद तक पहुँचे थे। उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा प्राप्त की थी। 1896 में आम्बेडकर जब पाँच वर्ष के थे**





**मुस्ताअली बोहरा**
लेखक

भारत रत्न, महान मर्मज्ञ, अर्थशास्त्री, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले, इतिहास के ज्ञाता, तत्वज्ञानी, मानव शास्त्र के ज्ञाता, कानूनविद, मानवाधिकार के संरक्षक, पाली साहित्य के अध्ययनकर्ता, महान लेखक, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, संपादक, बौद्ध साहित्य के अध्ययनकर्ता, मजदूरों के मसीहा, इतिहासविद, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें पूरी दुनिया प्यार और सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है। वह अपने युग के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे राजनेता और एवं विचारक थे। 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उनका मूल नाम भीमराव है। यूं तो इतिहास में कई महापुरूष हुए लेकिन बाबा साहब जैसा शायद ही कोई हुआ हो। बाबा साहेब ने अपने विचार और काम, दोनों के जरिए समाज को जो दिया वैसा योगदान किसी और का नहीं है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, संवैधानिक, शैक्षणिक सहित शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जिसमें बाबा साहब का योगदान ना हो। बाबा साहब चाहते थे कि दलितों को जो अधिकार मिलने चाहिए, वे उन्हें हासिल हों, देश-समाज में उनका सम्मान बढ़े, दलितों का स्तर ऊँचा उठे और उन्हें बराबरी का दर्जा हासिल हो। बाबा साहब ने कहा कि उनका जीवन तीन गुरुओं और तीन उपास्यों से कामयाब बना है। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरु माना, उसमे उनके पहले गुरु थे तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरु थे

महात्मा ज्योतिराव फुले थे। उनके तीन उपास्य थे ज्ञान, स्वाभिमान और शील। आज भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के और भी कई देशों में आम्बेडकरवाद का प्रचार और प्रसार हो रहा है। स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, बौद्ध धर्म, विज्ञानवाद, मानवतावाद, सत्य, अहिंसा ही आम्बेडकरवाद के सिद्धान्त हैं। छुआछूत को खत्म करना, दलितों में सामाजिक सुधार, भारतीय संविधान में निहीत अधिकारों तथा मौलिक हकों की रक्षा करना, जातिमुक्त समाज की रचना ही इसका मकसद है। आम्बेडकरवाद सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक विचारधारा है। बता दें कि वह कुल 64 विषयों में मास्टर थे, 32 डिग्रियों के साथ 9 भाषाओं के जानकार थे, इसके साथ ही उन्होंने विश्व के सभी धर्मों के बारे में पढ़ाई की थी। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में मात्र 2 साल 3 महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी की थी। वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से ह्यडॉक्टर ऑल साइंसह्ल नामक एक दुर्लभ डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले भारत के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं।

बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नगर में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और उनकी माता का नाम भीमाबाई सकपाल है। डॉ. बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने बचपन से ही जाति भेदभाव और असमानता का सामना किया। वे जिंदगी भर समाज में अधिकार, समानता और न्याय के लिए संघर्ष करते रहे। उन्हें बचपन से ही पढ़ने का शौक था।

उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और अंततः लंदन के अंग्रेजी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद भारत लौटे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। भारत लौटने के बाद उन्होंने अपना जीवन सामाजिक सुधार कार्यों में लगा दिया। वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की। इसके बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। डॉ. आम्बेडकर ने आजादी में भी अहम योगदान दिया। साथ ही पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने के साथ ही दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर जी व उनका का परिवार संत कबीर की विचारधारा से खासा प्रभावित था और संत कबीर के ज्ञान को आधार बनाकर जीवन जीता था। हिंदू पंथ में व्याप्त कुरूतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकार सन 1951 में बाबा साहब ने बौद्ध धर्म अपना लिया था। 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। बाबा साहब का महापरिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हुआ, इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। आंबडवे गांव का रहने वाला था परिवार बाबा साहेब का पूरा नाम भीमराव रामजी आंबेडकर हैं। आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था।

# 14 अप्रैल जयन्ती पर विशेष : महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.आम्बेडकर

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ. भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था। डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही ह्यशिक्षित करोह्ल से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ महिला कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड अंतर्गत कछवां थाना क्षेत्र के ग्राम पहरमा लख दलित मोहल्ला से चुलाई शराब के साथ दो दलित महिला कारोबारी को उत्पाद विभाग की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए अनुमंडलीय उत्पाद निरीक्षक भिखारी कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर काराकाट प्रखंड अंतर्गत कछवां थाना के ग्राम पहरमा लख दलित मोहल्ला से छापेमारी कर दो दलित महिला कारोबारी के पास से पांच-पांच यानी कुल मिलाकर 10 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ दो दलित महिला कारोबारी को भी गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत सासाराम जेल भेज दिया गया।

### मतदाता प्रतिशत में वृद्धि को लेकर निकाली गई साईकिल रैली



नोखा (रोहतास) नोखा प्रखंड के नोनसारी पंचायत में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकली गई साईकिल रैली। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने वोटरों को जागरूक करते हुए पूरी तैयारी में जुटे है। कार्यक्रम का शुभारंभ नोनसारी पंचायत सरकार भवन से प्रारंभ किया गया। पंचायत में साईकिल भ्रमण को देख ग्रामीण लोगों में काफी मतदान को लेकर जागरूकता दिखी। इस अवसर पर पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी को लेकर गांव के लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक कर साईकिल रैली आयोजित की गई।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा



नोखा (रोहतास) नगर परिषद क्षेत्र के पश्चिम पट्टी दुर्गा मंदिर से भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज के स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिस शोभायात्रा का शुभारंभ होते हुए मंत्र उच्चारण के बाद कलश में जल भरकर पश्चिम पट्टी दुर्गा मंदिर पहुंच संपन्न होगा। इसकी जानकारी देते हुए नोखा पश्चिम के पूर्व जिला पार्षद सदस्य रवि शंकर सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। जिस पूजन में हजारों की संख्या में कलश शोभायात्रा में भक्त बढ़चढ़ भाग लें। मौके पर दुर्गा मंदिर कमिटी अध्यक्ष हरक सिंह, अनुराग सिंह, मुन्ना चंद्रवंशी, परशुराम बैठा, सुनील पटेल, बबलू सिंह, वीर बहादुर सिंह, मुन्ना कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### राम नवमी शोभा यात्रा प्रचार रथ का संत देवराहा बाबा ने भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना



आरा। श्री राम नवमी शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष देवराहा श्री शिवनाथ दास जी महाराज के द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा प्रचार गाड़ी को भगवा झंडा दिखाकर महादेवा शिव मंदिर से प्रचार रथ को रवाना किया ,राम भक्तों को का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी लोग प्रभु श्री राम की सेवा में लगे हैं, प्रभु श्रीराम सभी मनोकामना को पूर्ण करेंगे ।उन्होंने बताया कि कलयुग में जीवन सफल बनाने का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है प्रभु श्री राम का नाम लेना। जय श्रीराम का जय घोष करना ।इसलिए हर समय सभी लोग राम का नाम लेते रहें, रामनवमी शोभा यात्रा 17 अप्रैल को आरा के रामगढ़िया से हजारों राम भक्त के साथ झांकियां भी इस में सामिल होंगी इस कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह नवीन सिंह शंभू चौरसिया मनीष कुमार विभु जैन अन्य राम भक्त उपस्थित थे

### नशेड़ी को पुलिस ने भेजा जेल

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशेड़ी चमीला गांव निवासी वीर बहादुर ठाकुर है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की चमिला गांव में एक नशेड़ी शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। सूचना पर तत्काल पहुच कर नशेड़ी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार नशेड़ी का मेडिकल कराया गया मेडिकल में अल्कोहल की पुष्टि होते ही नशेड़ी को कोर्ट भेज दिया गया। वही दूसरी तरफ सिकरौल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में भदार में छापेमारी किया गया ।छापेमारी में भदार गांव से कोर्ट के वारंटी महेंद्र तुरहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, जाँच में जुटी आरपीएफ

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के करवंदिया रेलवे स्टेशन के समीप बीते रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बनारस रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किए जाने से कोच संख्या 37 में एक खिड़की का कांच क्रैक हो गया है।

बताया जाता है कि बनारस से चलकर रांची को जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस जब सासाराम रेलवे स्टेशन से निकली तो चार-पांच किलोमीटर के सफर के बाद हीं अचानक कोच संख्या 37 के एक खिड़की पर तेज पत्थर लगा। जिससे खिड़की का कांच क्रैक हो गया। रेलवे में सफर कर रहे यात्री द्वारा तत्काल इसकी सूचना रेलवे को दी गई। जिसके बाद ट्रेन एस्कॉर्ट टीम एवं अन्य स्टाफ द्वारा भी क्षतिग्रस्त खिड़की का मुआयना किया गया। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि पत्थर लगने की सूचना पर सासाराम स्टेशन के उप निरीक्षक सुशील कुमार द्वारा जांच के क्रम में उक्त गाड़ी में तैनात ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी व अन्य स्टॉफ से पूछताछ की गई है। जिनके द्वारा बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के सासाराम स्टेशन से समय 17:52 बजे खुलने के तुरंत बाद कोच संख्या 37 के एक खिड़की का कांच क्रैक पाया गया था। इस संबंध में जब सीट नंबर 25 पर बैठे यात्री अमरेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सासाराम स्टेशन से तीन-चार किलोमीटर दूर करबंदिया स्टेशन के समीप अचानक ट्रेन की खिड़की से तेज आवाज आई और देखा कि मेरे सामने दक्षिण साइड का कांच क्रैक हो गया है। गाड़ी में रेलवे के ऑन ड्यूटी स्टाफ को तुरंत सूचित किया गया। जिसके बाद रेलवे स्टाफ ने भी उक्त कोच में पहुंचकर क्षतिग्रस्त कांच का मुआयना किया गया। वहीं आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि फिलहाल घटना की गहनता से जांच की जा रही है तथा जल्द हीं शरारती तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों ने दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियो को रात के अंधेरे में उड़ाया

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। थाना क्षेत्र के घुसियां खुर्द पंचायत के गांव से शनिवार की अहले सुबह करीब 3 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी हो गई। जो पंचायत बिक्रमगंज थाना से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चोरी हुई स्कॉर्पियो का नंबर BR 26W 1528 बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी ऑनर विनय कुमार सिन्हा है।

बताया जाता है कि वह अपने दरवाजे पर प्रत्येक दिन की भांति शुक्रवार को गाड़ी खड़ा कर रखा था। जिसकी गाड़ी चोरी की सूचना सबसे पहले उनके मोबाइल पर मैसेज के द्वारा प्राप्त हुई। जिसके बाद काफी खोजबीन के पश्चात भी कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने चोरी की घटना को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। घटना के पश्चात गांव में चर्चा का विषय बना हुआ क्योंकि ऐसी घटनाएं पूर्व में भी घट चुकी है। आसपास के लोगों ने आशंका जताते हुए कहा कि चोरी की घटना में प्रशिक्षित मिस्त्री के द्वारा ही ऐसी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इस घटना के संबंध में प्रोफेसर सुनील कुमार,विकास कुमार,राजीव कुमार, मुखिया विनय प्रकाश चौधरी,सुशील कुमार, अनिल कुमार तथा काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र साह सहित अन्य लोगों ने स्थानीय प्रशासन के प्रति कड़ी निंदा की है।

# खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला छठ व्रत शुरू, आज पहला अर्घ्य

## सप्तमी को उदीयमान सूर्य अर्घ्य के साथ छठ व्रत होगी संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद 36 घंटों का निर्जला व्रत शुरू हो गया। व्रती रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे । खरना पूजा के लिए व्रतियों ने सुबह से ही तैयारी की थी। जो शाम होते ही रोटी और गुड़ की खीर बनाकर विधिवत पूजन व अर्चन कर भगवान भास्कर को भोग अर्पित किया। तत्पश्चात व्रतियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान घर की महिलाओं ने छठी मैया के पारंपरिक गीत गाए। छठ व्रतियों ने बताया कि पहला अर्घ्य से एक दिन पूर्व शाम में स्नान कर विधि विधान से रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार किया जाता है। खीर के अलावा मूली, केला भी होता है। इन सभी को साथ रखकर ही पूजा की जाती है। साथ ही मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर प्रसाद तैयार किया जाता है। जिसे भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा है। गौरतलब है कि चार दिवसीय इस अनुष्ठान में साफ सफाई और पवित्रता का खास ख्याल रखा जाता है। चैती छठ पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। इस पर्व को प्रकृति का त्योहार भी कहा जाता है, रविवार को छठ व्रतियों द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। जबकि सप्तमी तिथि सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिए जाने के बाद पूजा का समापन कर व्रत का पारण किया जाएगा। पर्व में व्रती लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं जो अपने आप में बड़ी बात है। छठ पर्व में सूर्य देव की पूजा की जाती है और उन्हें अर्घ्य दिया जाता है जो धरती पर जीवन के स्रोत है।

## स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मानिकपरासी एवं किरही पंचायत में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय मानिकपरासी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय किरही,अमौरा में छात्र छात्राओं ने साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया। वही बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालयों द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय मानिक परासी और उच्च माध्यमिक विद्यालय किरहीं के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी काराकाट, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी काराकाट, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी काराकाट, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट, बीपीएम जीविका एंव संबंधित पंचायत के बी एल ओ, विकास मित्र, पंचायत सचिव, पंचायत रोजगार सेवक, किसान सलाहकार,आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल थे।

## रामनवमी पर्व को लेकर भगवा ध्वज से सजा बाजार

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) रामनवमी पर्व नजदीक आते ही अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के बाजारों में भगवा ध्वजों का बाजार गर्म हो गया है। जिसको लेकर बाजारों में जगह-जगह टेलरों की दुकानों में भगवा ध्वज सिलने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है । वहीं कई दुकानों में रेडीमेड झंडे बिक रहे हैं । लोगों में रामनवमी पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। राम नवमी पर्व की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं । पर्व के मद्देनजर राम भक्तों में भगवा ध्वज सिलवाने और उसे घरों व दुकानों की छतों पर लगाने की होड़ मची हुई है । बाजार भी भगवा ध्वजों से सज गया है। दुकानदारों ने भगवा ध्वजों की दुकानें सजा ली हैं, जहां जय श्रीराम लिखे हुए भगवा झंडों की जमकर बिक्री हो रही है। जो दुकानों में 10 से लेकर 200 रुपये तक के भगवा ध्वज उपलब्ध हैं। उधर शहर में सड़कों और छतों में सजावट को 10-10 मीटर तक के भगवा झंडे तैयार कराए जा रहे हैं। राम भक्तों ने कपड़े की खरीदारी कर टेलरों की दुकानों पर सिलवाने को भगवा ध्वजों का आर्डर दे रहें है।

## ग्राम भारती महाविद्यालय रामगढ़ में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। शनिवार को ग्राम भारती महाविद्यालय,रामगढ़ कैमूर की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक एवं इकाई दो के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गयो इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों,शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली कार्यक्रम कि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ) राधेश्याम सिंह ने किया।

उन्होंने भारतीय लोकतंत्र में मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालो राष्ट्रीय सेवा योजना एक के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ .यादवेंद्र दुबे ने मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को राजतंत्र एवं लोकतंत्र का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करते हुए जनता के अधिकार के लिए मतदान की महत्ता को सारगर्भित रूप से लोकतंत्र के निर्विवाद आवश्यकता के बारे में विस्तार से चर्चा किया।राष्ट्रीय सेवा योजना दो कि कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रियदर्शिनी सिंह ने लोकतंत्र में युवाओं एवं महिलाओं की महती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालो कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.दिनेश सिंह , डॉ.गजानंद सिंह, डॉ. प्रेम शंकर सिंह डॉ. अमोद प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ. अजय कुमार चौधरी, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ संजय, भोला सिंह, धनंजय सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास यादव ने किया।

# पेयजल आपूर्ति ठप्प एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

## पहाड़ी गांवों में नल जल योजना फ्लॉप पीने के पानी के लिए तरसे ग्रामीण

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। चांद प्रखंड में पहाड़ी क्षेत्रों में बसे गांवों में गर्मी की शुरूआत में पेयजल आपूर्ति पुरी तरह ठप्प हो गई है। ग्रामीण पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। पीएचईडी विभाग एवं ग्राम पंचायत ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने में पुरी तरह बिफल साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग एवं ग्राम पंचायत पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। कैमूर पहाड़ी की गोंद में बसे गांवों के ग्रामीण एक एक बूंद पानी की पानी के लिए तरस रहे हैं।भरारी कला ढेढुआ बसहा खरौली भरारी खुर्द सोंगर आदि गांवों में पेयजल की स्थिति बहुत खराब हो गई है। सरकारी चापाकल मरम्मत के अभाव में बंद हैं।भू जल स्तर नीचे खिसकने से कुंआ सुखा पड़ा हुआ है। जानकारी होने के बाद भी पीएचईडी विभाग नहीं ग्राम पंचायत ने चापाकल मरम्मत कार्य कराया। ग्रामीणों को दुसरे के मेहरबानी पर पीने का पानी मिल पा रहा है।

ग्रामीणों को पीने की पानी उपलब्ध कराने के लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया जा रहा है।जिसे लेकर ग्रामीणों में बहुत आक्रोश है। आगामी लोकसभा चुनाव का समय होने के बाद भी मतदाताओं की उपेक्षा हैरान करने वाला है।अजादी के वर्षो बाद भी कैमूर के पहाड़ियों में स्थित गांवों में आज भी पीने की पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना पुरी तरह फ्लॉप साबित हो गया है। ग्रामीण अशोक जायसवाल श्यामविहारी कुशवाहा लक्ष्मण सिंह आदि ने कहा गांव भरारी कला पंचायत में वार्ड 4 में पिछले सालों से नल जल योजना बंद पड़ा हुआ है।नल जल योजना से ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं होता। ग्रामीणों में मुखिया एवं पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को लेकर जबरदस्त गुस्सा है। ग्रामीणों ने कहा पीएचईडी विभाग एवं मुखिया से पेयजल समस्या दूर करने को कहा जाता है तो कोई सुनवाई नहीं होती है।ढेढुआ वार्ड 4 में कुल आबादी 12सौ है जिसमें दलित 300 अतिपिछड़ा 350 पिछड़ा 200 जनसंख्या है।वार्ड 4 में गरीब परिवार के सदस्यों के पास इतना पैसा नहीं है अपने पैसे से चापाकल या समरसेबुल पंप लगा लें। सभी गरीब परिवार के सदस्य नल जल योजना से पीने की पानी पर आश्रित हैं। चिलचिलाती धूप में पीने का पानी नहीं मिल रहा हो ग्रामीणों का इससे बड़ा क्या दुर्भाग्य हो सकता है। ग्रामीण दुसरे के समरसेबुल पंप से मेहरबानी की पानी पीने को मजबूर हैं। पीएचईडी विभाग की आपातकालीन स्थिति के लिए बनाई गई टीम अभीतक इन गांवों में नहीं पहुंच पाई है। इस संबंध में मुखिया इंदल सिंह ने कहा नल जल योजना पीएचईडी विभाग को सुपुर्द किया जा चुका है।जब ओवसीयर राजदेव राम ने कहा भरारी कला पंचायत वार्ड 4 में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा है।

### छापेमारी कर पुलिस ने छेड़खानी मामले में आरोपी को भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के सकला गांव में एक महिला से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। जो छेड़खानी के मामले में पीड़ित ने दो लोगों को अभियुक्त बनाया है । छेड़खानी के मामला की जानकारी जैसे ही मिली बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय थाना पहुंच कर पीड़ित से जानकारी लिया। वही त्वरित कारवाई करते हुये छापेमारी कर छेड़खानी का एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त सकला गांव निवासी तसवर अंसारी उर्फ सोनू पिता मवलुदीन अंसारी बताया जाता है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि पीड़ित ने छेड़खानी के मामले में दो को अभियुक्त बनाया है ।एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है दूसरा अभियुक्त कुंदन पिता जलालुदीन अंसारी फरार है । गिरफ्तार अभियुक्त को पेशी के लिए न्यायालय भेजा गया,फरार अभियुक्त को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे समुचित कदम

हाजीपुर। रेल मंत्रालय भारतीय रेलवे नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेल मंत्रालय द्वारा आगामी गर्मी के मौसम और संभावित हीट वेब के मद्देनजर स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की गयी है और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय रेलों को निर्देश जारी किए गए हैं।

रेल मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय रेलों को जारी निर्देश में स्टेशनों पर उपलब्ध वॉटर कूलर सही ढंग से कार्य करने तथा यात्रियों की मांग के अनुरूप पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है । इसके अलावा आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर की तैनाती भी की जाएगी ।

पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को उत्तम पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है । यात्रियों की संख्या के मद्देनजर स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में वाटर टैब लगाए गए हैं । इसके अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल के 84 स्टेशन पर 207 वाटर कूलर भी लगाए गए हैं । इसी तरह 85 स्टेशन पर 236 वाटर वेंडिंग मशीन का प्रावधान किया गया है । आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि भी की जा सकती है ।

स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमिति रूप से निगरानी की जाएगी । पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में, रेलवे अधिकारी नगर निगमों/राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स एंड गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा । रेल मंत्रालय के निर्देश के आलोक में स्टेशनों पर चौबीसों घंटे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और इसमें किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए रेल कर्मचारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी ।रेल मंत्रालय अपने यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन उपायों का उद्देश्य पूरे गर्मी के मौसम में स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की आसान पहुंच की गारंटी देना है।

### मैट्रिक में फेल होने पर छात्र घर से हुआ फरार

काराकाट (रोहतास) मैट्रिक में फेल होने पर एक युवक घर से फरार हो गया । फरार युवक बुढ़वल गांव निवासी सुरेंद्र रजक का बेटा अमित कुमार बताया जाता है । पिता के बयान पर बेटा का गुम होने की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराया गया। जो सुरेंद्र रजक ने दर्ज बयान में बताया है कि मैट्रिक परीक्षा में फेल होने पर 8 अप्रैल से बेटा घर से फरार हो गया। काफी खोजबीन किया गया लेकिन अभी तक कहीं पता नहीं चला तो थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया हूं। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने कहा की मामला संज्ञान में आया है गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर खोज-बिन किया जा रहा है।

### महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

नावानगर (बक्सर) बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने आथर नट टोली में छापेमारी किया। छापेमारी में फरार महिला शराब कारोबारी चनकी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा स्वर्गीय बी पी मंडल का मनाया गया 42वीं पुण्यतिथि समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय बी पी मंडल जी का42वीं पुण्यतिथि समारोह शहीद अकली देवी नगर में अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सह जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरियाके अध्यक्षता में मनाया गया ।समारोह के संचालन सातेंद्र यादव ने किया।

समारोह के उद्घाटन प्रो विजय सिंह मुखिया एवं डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रवंशी ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।अपने सम्बोधन में प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि बी पी मंडल जी दो बार सांसद और बिहार के7वे मुख्यमंत्री थे ।वे पिछड़े वर्ग के अनुयायी थे ।वे समाज में समानता के पक्षधर थेउनके अनुसार समानता केवल समान लोगो की बीच होती है ।आसमान के साथ समान जैसा व्यवहार करना असमानता के स्थिरता प्रदान करता है ।डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रववंशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब बीपी मंडल मुख्यमंत्री बने थे तो एक बार कानपुर बरौनी रिफाइनरी में रिसाव के कारण गंगा में आग लग गई थी तब विधानसभा में विनोदानंद झा ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि शुद्र मुख्यमंत्री बनेगा तो पानी में आग लगेगा ही ।इसके जबाब में बीपी मंडल ने कहा कि गंगा में आग तो तेल के रिसाव के कारण लगी है परंतु एक पिछड़े वर्ग के बेटा को मुख्यमंत्री बनने से आपके दिल में जो आग लगी है उसे हर कोई महसूस कर सकता है ।समारोह को सम्बोधित करने वालो लोगो मे ओमप्रकाश यादव भीम यादव महेंद्र मंडल जय किशोर यादव भुनेश्वर यादव जितेंद यादव विनोद कुमार चन्दन पासवान विजय पासवान अमरदेव यादव भिखारी यादव गणेश यादव प्रेम प्रकाश यादव पुष्पेंद्र यादव उमेश यादव बैजनाथ यादव बंटी यादव प्रकाश यादव जगदीश यादव कामेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंजाब नेशनल बैंक 130वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

नावानगर (बक्सर) प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक नावानगर के प्रांगण में 130वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाखा परिसर को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया था ।स्थापना दिवस समारोह में बैंक के वरीय ग्राहक को सहित वरीय बैंक पेंशनर को बुलाया गया था ।जहां बैंक में इस दिवस की धूमधाम मनाते शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार ने अन्यों के साथ केक काटा और सबके बीच केक का वितरण कर पंजाब नेशनल बैंक की उपलब्धियों को गिनाया गया ।इस दौरान बैंक की उपलब्धि गिनाते कितने का बैंक ने कार्य किया और कितना जमा राशि है और कितनी ऋण दिया गया इस पर भी विस्तृत रूप से चर्चा किया गया इस दौरान प्रबंधक अतुल कुमार सभी सीएसपी सेंटर के प्रमुख सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय इंडिया महागठबंधन की हुई बैठक

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के नगर पंचायत के गोड़ारी में प्रखंड स्तरीय इंडिया महागठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व शाहाबाद के पोलित ब्यूरो सदस्य अमरनाथ यादव ने किया। बैठक में प्रखड के महागठबंधन के सभी पंचायत के अध्यक्षों व बूथ कमिटियों ने निर्णय लिया कि लोक सभा चुनाव 2024 में काराकाट संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी को जीत दिलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वही सभी बूथों पर जातिगत गणना पर वोटों की समीक्षा किया गया । पंचायत के सभी महागठबंधन के पंचायत अध्यक्षों से लेकर कार्यकताओं ने मतदान का आंकड़ा दिया । किस बूथ पर कितना मत किसको मिलेगा इसकी समीक्षा की गई । बैठक को सम्बोधित करते हुये काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है, शिक्षा का निजीकरण उद्योग धंधों को बेच कर आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ पर प्रकाश डाला । कहा कि ईलेक्ट्रोरल बॉन्ड के रास्ते रिश्वत के रूप में चंदा का धंधा , पैसे पर वोट न बेचने,रोजगार नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया । महागठबंधन के कार्यकताओं को लोक सभा चुनाव में महागठबंधन के काराकाट से सांसद प्रत्याशी को जिताने की अपील किया । मौके पर राजेंद्र यादव, हजारी सिंह, हीरालाल सिंह, राजीव रंजन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जगरनाथ प्रसाद, अवधेश सिंह, कामेश्वर सिंह, तुलसी यादव, रामनाथ कुशवाहा, बबन सिंह, डॉ नगेंद्र सिंह, अमित पाल, शिव कुमार शर्मा, भरत भूषण सिंह सहित महागठबंधन के कार्यकर्ता थे ।

### भोजपुर में अज्ञात युवक का शव बरामद

आरा। भोजपुर जिले के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के सहेजनी गांव स्थित सड़क किनारे शनिवार की सुबह एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में अफरा-तफरी का आलम रहा। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना हसन बाजार ओपी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर हसन बाजार ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

# आरा में टोनबाजी का विरोध करने पर युवती की पिटाई

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराई गांव में टोनबाजी का विरोध करने पर एक युवती की बैट से पिटाई कर दी गई। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार जख्मी युवती उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराइ गांव निवासी अक्षयवर पांडेय की 22 वर्षीया पुत्री संध्या कुमारी है। इधर जख्मी युवती की बड़ी बहन नेहा कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम जब वह चापाकल पर बर्तन धो रही थी। उसी दौरान पड़ोस के ही एक युवक ने उस पर टोनबाजी की। जिसको लेकर उसने इसकी शिकायत अपने परिजनों से की। जिसके बाद परिजन इस शिकायत को लेकर उदवंतनगर थाना पहुंचे। जिसके बाद थाना द्वारा युक्त युवक एवं उसके परिजनों को भी बुलाया गया। जहां उनके बीच बात खत्म हो गई थी। थाना से लौट के क्रम में उक्त युवक द्वारा जख्मी में युवती को कहा गया कि मेरी बाइक पर बैठ जाओ मैं तुझे घर छोड़ देता हूं। जिसके बाद वह मामला खत्म होने के बाद उसके बाइक पर बैठ गए गई। इसके बाद उक्त युवक जब उसे गांव में लेकर आया तो उसने उसे गाड़ी से धक्का देकर खेत में गिरा दिया और उसकी बेड से पिटाई कर दी।

# अकोढी पंचायत में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

रामगढ़। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी विभागों के द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी क्रम में अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि एव बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रिया कुमारी के नेतृत्व में अकोढी पंचायत में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ।मेरा वोट मेरा अधिकार के नारे लगाते हुए विभाग के कर्मचारियों ने लोकतंत्र में मतदान करने के लिए घर घर जाकर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में एक जुन को मतदान होना है एक जुन को होने वाले मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रखंड में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान में रैली जन सम्पर्क पर्ची वितरण करने एवं मेंहदी रस्म के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने कहा हमारी कोशिश है प्रत्येक पंचायत के महादलित बस्ती अति पिछड़ा वर्ग आबादी के सभी गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने ने कहा मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीणों का सहयोग एवं उत्साह देखकर अगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने की पुरी उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

इसुआपुर। सारण पुलिस अधीक्षक ने इसुआपुर थाना में पदस्थापित थानाध्यक टिंकू कुमार तथा चौकीदार रमेश राय को 30 बोतल अंग्रेजी शराब मालखाना से गायब मामले में संदिग्ध भूमिका की वजह से निलंबित कर दिया। वहीं तत्कालीन अपर थानाध्यक्ष वर्तमान पदस्थापित कोपा थाना निधि कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है। मालूम हो कि 30 बोतल अंग्रेजी शराब गायब मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीपीओ मशरक के जांच के उपरांत उक्त कारवाई की गई है जिसमें जप्ती सूची बनाने वाले तत्कालीन अपर थानाध्यक्ष कोपा नीधि कुमार को भी निलंबित कर दिया गया।

### डीएम ने छठ पूजा की तैयारी को लेकर अधिकारियों के दिए कई निर्देश

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा चैती छठ पूजा की तैयारियों को लेकर जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल कॉन्फ्रेन्स की गई। इस दौरान उनके द्वारा छठ पूजा से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर पृच्छा की गई एवं जरूरी निदेश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया कि जिले के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई व लाईटिंग की व्यवस्था का कार्य संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही दुर्घटना संभावी छठ घाटों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी तरह की विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो। महिलाओं के लिए सभी छठ घाटों पर संगत संख्या में चेंजिंग रूम की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने हेतु निदेशित किया गया। जागरूकता अभियान के तहत सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि छठ घाटों पर बैनर व फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे साथ ही छठ घाटों के आस-पास दीवार लेखन के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेंगे। सभी छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े स्लोगनों का उद्घोष भी कराने एवं पैम्फलेट बँटवानें हेतु निदेशित किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा निदेशित किया गया कि दीपों को सजाकर 01 जून की मतदाता तिथि की आकृति बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

### कार्रवाई जांच में ओवरलोड एक ट्रक जब्त, 3 लाख रुपए का लगा जुर्माना

अरवल। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनन विभाग एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अरवल जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में संयुक्त छापेमारी किया गया। मेहंदिया थाना के सोहसा बालू घाट एवं बालू घाट की निकासी मार्ग पर बालू लदे वाहनों की जांच की गई। छापेमारी के दौरान एनएच 139 पर बालू लदे एक ट्रक को जप्त किया गया, जो ओवरलोडेड था। उक्त वाहन को अरवल थाना में जप्त कर लगभग 3 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

# गया द्वारा नवादा जिला में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




नवादा। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, गया के द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय नवादा में मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, अर्पणा झा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संजय कुमार, डी पी आर ओ नवादा तथा डॉ विनय कुमार चौधरी, प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर दीपक मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के प्रति जागरूक किया। वही, उन्होंने जागरूक मतदाता बनने के कई महत्वपूर्ण गुर भी बताए। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में मत का अहम योगदान है। अपने मत के अधिकार को जाने और स्वयं के विवेक एवं इच्छाशक्ति से मतदान दिवस के दिन मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया के अधिकारी बुलंद इकबाल ने कहा कि मतदान करना केवल बस आपका अधिकार ही नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी भी है। मौके पर कॉलेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी छात्राओं को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज के पीआरओ प्रो शुभेन्दु अमित ने मंच का संचालन किया। जिला समाज कल्याण के अधिकारी अर्पणा झा तथा संजय कुमार डीपीआरओ, नवादा ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूक रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर सीबीसी के पंजीकृत एकजुट पटना के कलाकारों ने गीत, संगीत तथा नाटक द्वारा उपस्तिथि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर डीडी न्यूज के नवादा रिपोर्टर श्याम सुन्दर एवं कॉलेज के प्राध्यापकगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# जननायक के सच्चे अनुयाई है नीतीश कुमार : डॉ.चन्दन यादव



प्रात : किरण संवाददाता

गया। चुनावी सभा के कार्यक्रम में बाराचट्टी के सुलेबट्टा मैदान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साथ में बिहार के वरिष्ठ मंत्री विजय चौधरी एवं राज्यसभा सांसद संजय झा का आगमन हुआ है, जहाँ हेलीपैड पर मुख्यमंत्री एवं मंत्री एवं राज्यसभा सांसद का जदयू प्रदेश सचिव डॉ. चन्दन यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ है। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री को जननायक कपूर्री ठाकुर चित्र देते हुए आभार व्यक्त किया, डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जननायक के सच्चे अनुयायी है और इनके प्रयास से हीं आज बिहार के सच्चे सेवक कपूर्री जी को भारत रत्न जैसे सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है, मुख्यमंत्री ने पूरे बिहार को अपना परिवार माना है और कभी भी पारिवारिक व्यक्तियों या जात-पात को राजनीतिक प्रश्रय नहीं दिया सदा प्रतिभा को सम्मान दिया और पूरे बिहार को परिवार मान कर उसकी सेवा किया है और उनके विकास के लिए योजनाबद्ध काम किया है। डॉ.यादव ने कहा है की चुनाव का समय है बिहार के साथ देश की जनता देख रही है कि एक तरफ देश की छबि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है जिनका संकल्प है कि सब का साथ - सब का विकास तो दूसरे तरफ हमारे बिहार ने नेता बिहार विकास पुरूष नीतीश कुमार जिनका संकल्प है न्याय के साथ विकास, और इसी संकल्प के साथ केंद्र और राज्य सरकार काम कर जनता की सेवा कर रही है वही विपक्ष में जो पाटीर्यां है उनको बस अपने परिवार से मतलब है, वो बस चाहते है कि किसी प्रकार ढोंग और दिग्भ्रमित कर के उनका परिवार सत्ता में स्थापित हो जाये । जिस समाज के वो रहनुमा बनते है उनके बड़े नेताओं का बलि चढ़ाने में भी विलंब नहीं कर रहें, डॉ. यादव ने जनता को ऐसे ढोंगी पाटीर्यों से बचने का अपील करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आवाहन किया है, ताकि देश और प्रदेश में अमन चैन के साथ विकास का रफ्तार जारी रहें हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में 10 दिवसीय बस्ता विहीन शैक्षिक कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाताब

मशरक। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे 10 दिवसीय बस्ता विहीन शैक्षिक कार्यक्रम का समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ' यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एक नवाचार है जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीवन जीने की कला का ज्ञान प्राप्त किया विद्यार्थियों ने किताबी दुनिया से बाहर निकल कर नवीन ज्ञान का अर्जन किया ' विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूर्तिकला, मिट्टी के बर्तन बनाना, विद्युतीय यंत्र में आरो बनाना, तकनीकी ज्ञान में सीसीटीवी बनाना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,आत्मरक्षा के उपाय, योग तथा हैंडबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया ' कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 1 अप्रैल 2024 को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना झा जी के शुभ करकमलों से हुआ तत्पश्चात प्राचार्य महोदया द्वारा छात्रों के मध्य विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित ज्ञान को सजगता से प्राप्त करने संबंधी विचार प्रस्तुत किए गए ' विद्यार्थियों ने 1 अप्रैल 2024 से 13 अप्रैल 2024 तक विभिन्न क्षेत्रों में नवीन ज्ञान प्राप्त किया ' कार्यक्रम का समापन 13 अप्रैल 2024 को बड़े ही हर्षोल्लास से हुआ ' समापन के दिन छात्रों द्वारा सीखे गए ज्ञान का प्रदर्शन भी किया गया ' अंत में प्राचार्य महोदया द्वारा विद्यालय की तरफ से सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद दिया गया '

# जिलाधिकारी ने एसएसटी एवं एफएसटी को लेकर की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में एसएसटी एवं एफएसटी से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी एसएसटी, एफएसटी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर 247 घंटा के तर्ज पर वाहनों का सघन जाँच करें। कैश या अन्य आपतिजनक वस्तुओं की प्राप्ति होती है तो संबंधित थाना इसकी जप्ती सूची बनाते हुए जिले में व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग को यथाशीघ्र सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। समीति के सदस्य 24 घंटे के अंदर अपना निर्णय पारित करते हुए संबंधित व्यक्ति को सूचित करेंगे। किसी भी आमजनों को जाँच क्रम में असुविधा न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, वरीय कोषागार पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित थे।

# गया बाबू का अवसान समाज और शिक्षा के लिए अपूरणीय क्षति




प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था समकालीन जवाबदेही परिवार के तत्वावधान में औरंगाबाद प्रखंड के सुसनार गांव निवासी गया सिंह के असामयिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया। लोगों ने कहा कि सदर प्रखंड के सुसनार ग्राम निवासी स्व गया सिंह का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय सिंह शिक्षा की बेहतरी और समाज के दबे कुचले लोगों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहा करते थे। उनके जाने से शिक्षा क्षेत्र के अतिरिक्त समाज सेवा में एक रिक्ति आ गई है जिसकी पूर्ति निकट भविष्य में संभव नहीं दिखती।शिक्षक चंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिन लोगों ने दिव्यात्मा को अपनी श्रद्धांजलि निवेदित की ,उनमें प्रमुख हैं सर्वश्री मिथिलेश सिंह ,बिंदा सिंह,उमा सिंह, शिक्षक अमर्त्य प्रत्यय, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार,मनोज सिंह,उज्जवल कुमार ,नरेश सिंह, निशांत, बबलू कुमार ,अंकुश सिंह ,डब्लू कुमार ,पीयूष कुमार,अमन सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाबू गुलाब राय के पुण्यतिथि पर साहित्य संवाद का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के आधारभूत स्तम्भ, महान साहित्यकार बाबू गुलाब राय जी के 61 वीं पुण्यतिथि के मौके पर साहित्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के के आह्वान पर संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संवाद के क्रम में कहा कि आधुनिक हिंदी साहित्य को विश्व साहित्य के समकक्ष खड़ा करने में श्री राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।हिंदी साहित्य का उन्होंने संक्षिप्त इतिहास लिखा और इतिहास के माध्यम से तत्कालीन साहित्यकारों के बारे में स्वच्छ समालोचना का प्रस्तुतिकरण किया।कर्तव्य शास्त्र,तर्कशास्त्र, नवरस काव्य को संपोषित समीक्षात्मक ग्रंथ हैं तो हिंदी काव्य विमर्श,हिंदी नाट्य विमर्श साहित्य समीक्षा के विविध उपादानों से उल्लिखित टिप्पणी ग्रंथ के रूप में जाने जाते हैं। विद्यार्थी जीवन उनकी ऐसी कृति है जो प्रत्येक अध्येता को अवश्य पढ़ना चाहिए।जिससे,वह जान सके कि विद्यार्थी जीवन कितना बहुमूल्य है।हिंदी कविता और रहस्यवाद ऐसा समीक्ष्य ग्रंथ है जिसमें कविता के रहस्यमयी गतिशीलता का पता चलता है। कविता कैसे मानव मन को द्रवित कर देती है।यह भी पता चलता है। साहित्य संवाद के मौके पर जम्होर विकास मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह,गायक अमित कुमार सिंह, राम पुकार ओझा, जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, पवन कुमार सिंह, सोमप्रकाश रविकर, सौरव राज सहित अन्य उपस्थित थे।

# युवाओं को भ्रमित कर रहे किसीके बहकावे में नहीं आवे: चिराग पासवान



- गरिब कल्याण का काम किए प्रधानमंत्री: सम्राट चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया के संसदिय क्षेत्र के बेलागंज विधानसभा के बस पडाव पर गया संसदीय क्षेत्र के एणडीय प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पक्ष मे जनसभा को संबोधित करने आए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जो पार्टी भगवान की आस्था की बात करती है इस चेती नवरात्र में मछली खाती है? उसपर कैसे विश्वास किया जा सकता है युवाओं को द्रभ्रिमीत करने की काम कर रही है युवाओं के सच्चे हितेशी है नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार जो हर समय युवा विग भारत के रोजगार के बारे में सोचा ओर किया है ।गरिब कल्याण का काम किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने,गरिबो को मुफ्त अनाज केसाथ अब मुफ्त इलाज सोचने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करे आप सभी,आप लोग पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भारी संख्या में मतदान करे किसी के बहकावे में आकर नही रहे,वही लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि जितन राम माझी हमारे उस समय साथ दिए जब हमारे उपर से पिता का साया छिन लिया गया था तब पूर्व मुख्यमंत्री ने हमारा साथ दिए हैं आप सभी उनका साथ देगे न,चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में युवाओं को रोजगार मिला है और आगे भी मिलता रहेगा बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार मिलकर बिहार में विकास कार्य और रफ्तार पकडेगी,आप अपने बगल के राज्य उत्तर प्रदेश में विकास कल कारखाने एवं हर तरह के विकास की गंगा बह रही है उसी तरह आप सभी गया के जीतन राम मांझी को भारी संख्या में मतदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाथो को मजबूत करे,देश को विकसित बनाने के साथ राज्य को भी विकसीत बनाना है इसलिए आप सभी 19 अप्रेल को अवश्य मतदान करें,इस सभा मे चिराग पासवान के युवा लोगों ने भारी संख्या में नारे लगाए,वही उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का स्वागत बुके देकर ई अजय कुशवाहा ने किया,वही बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने आने वाले 16 अप्रेल को गया मे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा मे आने का विनती की,वही इस कार्यक्रम का अंत में धन्यवाद ज्ञापन ई अजय कुशवाहा ने किया है। इस अवसर पर सुनिल बंम्बयीया, बेलागंज विधानसभा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, लोकसभा चुनाव प्रभारी सिडी शर्मा,संयोजक कुमार सतयशील,बुलबुल सिह,मनिष सिह।

# युगों युगों से जारी है सूर्योपासना की परंपरा

प्रात : किरण संवाददाता




औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में छठ पूजा की परंपरा से युगों युगों से चलती आ रही है। औरंगाबाद जिला मगध प्रमंडल का एक हिस्सा है। मगध प्रमंडल हजारों वर्षों पूर्व मगध साम्राज्य के नाम से प्रचलित थी। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि छठ पूजा में कात्यानी माता की पूजा होती है जिन्हें साक्षी मानकर हम भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं जिसमें चार दिवसीय पर्व की शुरूआत चतुर्थी को नहाए खाए के साथ शुरू होती है।पंचमी तिथि को संध्या में गुड और चावल के प्रसाद से खीर बनाकर खरना करते हैं। इस समय से 36 घंटे का अखंड उपवास शुरू हो जाता है। षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य देते हैं एवं सप्तमी तिथि को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ पूजा की पूणार्हुति की जाती है। औरंगाबाद जिले में त्रेतायुगीन देव एवं उमंगा का सूर्य मंदिर है जहां देव का सूर्यकुंड तालाब पर छठ करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। सूर्यकुंड में स्नान ध्यान का बहुत ही महत्व है। चर्म रोग से पीड़ित व्यक्ति यदि सूर्यकुंड में स्नान के पश्चात भगवान भास्कर की आराधना करते हैं उन्हें इस रोग से मुक्ति भी मिल जाती है।देव का सूर्य मंदिर त्रि संध्या के देवता है।ब्रह्मा विष्णु महेश त्रिदेव की मूर्ति इस मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित है।जहां भगवान सूर्य की तीन रूपों में आराधना की जाती है।आदित्य ब्रह्म,आदित्य शिव और आदित्य विष्णु के तीन रूप तीन तापों को हरने वाले हैं। तीन शूलों के नाशक है।तीन दोषों से मुक्ति दिलाने वाले हैं।उमंगा का सूर्य मंदिर भी इसी तरह की विशेषता लिए हुए हैं।वहीं देवकुंड का सहस्त्र धारा तालाब भी छठ पूजा में अपनी आस्था एवं भक्ति से परिपूर्ण हो जाता है।यह भी वर्णित है कि जिस तालाब के अधिष्ठाता भगवान शंकर हो वहां छठ करने की परंपरा ही अपने आप में विशिष्ट हो जाती है। बतरे बटाने नदी के तट के समीप सडसा ग्राम के दोमुहान सूर्य मंदिर भी अपने आस्था को समेटे हैं। जहां देव के बाद सर्वाधिक भीड़ होती है।इसके अलावा औरंगाबाद जिले में दाउदनगर का सूर्य मंदिर,विष्णु धाम का सूर्य मंदिर,टंडवा का सूर्य मंदिर,कझवां,सुंदरगंज,पिपरा बगाही का सूर्य मंदिर सहित दर्जनों सूर्य मंदिर हैं जहां छठ के मौके पर छठ करने वाले लोगों की भीड़ लगी रहती है। यह पर्व प्रकृति को संपोषित है जहां कर्मकांड शून्य हो जाता है। पवित्रता ही इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।साल में दोनों बार चैत्र एवं कार्तिक में नए फसल जब खेतों में उग जाते हैं तो उन्हीं से छठ की पूजा की जाती है।कार्तिक में जहां चावल श्रेष्ठ है वही चैत्र माह में गेहूं की शीर्षता बरकरार होती है। दोनों ही बार नई फसल हमारी समृद्धि का सूचक है और फसल की उपज में भगवान सूर्य की विशेष भूमिका है।औरंगाबाद जिला सूर्य पूजा के लिए आखिर क्यों विख्यात है यह शोध का विषय है।

# शनि देव महाराज प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां में श्री श्री शनि देव महाराज का पांच दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकल कर घाट के चारों तरफ भ्रमण कराया गयो जहां प्रधान आचार्य धर्मदत्त जी के द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 250 कलशों में जलाभरण किया गया। जिसके बाद यात्रा में शामिल श्रद्धालु मधुश्रवां घाट के चारों तरफ परिभ्रमण करते हुए वापस यज्ञ मंडप पहुंचे। यहां विधि विधान के साथ कलशों का मंडप प्रवेश कराया गया। शनिदेव मंदिर के पुजारी अंकुश गिरी ने बताया अनुष्ठान के पहले दिन 24 घंटा अखंड संकीर्तन के साथ शुभारंभ किया गया` दुसरे दिन कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन तथा संध्या आरती का आयोजन किया गया है।साथ ही रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया है इस अवसर पर श्रेणी 1008 श्री हरे राम जी महाराज के मुखाबिंदु से प्रवचन आयोजन किया जायेगो तीसरे दिन वेदी पूजन ,चौथे दिन शनि देव महाराज का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा` पांचवें दिन पूणार्हुति के अवसर पर समिति की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रहों में बलिष्ठ सूर्य पुत्र शनि महाराज की महिमा अरिष्ट कष्ट को शांति उपरांत उत्तम फल प्रदान करने वाला है। शनि की आराधना व पूजन से मनुष्य को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो सकता हैं।

# केंद्र और राज्य दोनों मिलकर विकास का काम कर रहे हैं: मुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता




गया। लोकसभा चुनाव गया संसदीय क्षेत्र गया लोकसभा क्षेत्र के बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रचार करने गया पहुंचे। मंच पर नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी में गजब की जुगलबंदी देखने को मिली है। सीएम नीतीश कुमार ने गया में की चुनावी जनसभा में कहा कि बिहार की 40 और देश में 400 सीट लानी है, लोगों से कहा-किसी के बहकावे में नहीं आएं, मांझी ने कहा-नीतीश नहीं होते तो वे मुख्यमंत्री नहीं होते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन के खिलाफ जमकर बोला। वहीं, राजद को मुख्य निशाने पर रखा है ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस बार बिहार की सभी 40 सीट जीतनी है और देश भर में हम लोग 400 के पार जाएंगे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।। हमने पूरा काम किया है और आगे भी काम करते रहेंगे।अब हम कहीं जाने वाले नहीं हैं।केंद्र और राज्य दोनों मिलकर विकास का काम कर रहे हैं।2005 से गया लोकसभा प्रत्याशी जीतन राम मांझी के साथ हैं। हम दोनों ने काफी काम किया है।कुछ समय के लिए अलग हो गए थे।अब सब कुछ सही है और हम लोग एक साथ एनडीए में रहेंगे और विकास का काम करेंगे।देश और राज्य का विकास तेजी से होगा।चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमारे लिए भी बहुत कुछ किया है। यदि वह नहीं होते तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठते हैं। मुख्यमंत्री उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आए हैं।इस मौके पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व सीएम व गया लोकसभा प्रत्याशी जीतन राम मांझी, वर्तमान सांसद विजय मांझी, मंत्री डॉ प्रेम कुमार, विधायक ज्योति मांझी, समेत अन्य लोग मौजूद थे.।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा सभी वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि की अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता



गया। पंजाब के जलियांवाला बाग हत्याकांड के 105 वीं बरसीं पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा सभी वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर अंग्रेजों से इस कायरता पूर्ण नरसंहार के लिए माफी मांगने के लिए भारत सरकार से पहल करने की मांग किया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वैशाखी के त्योहार के अवसर पर रौलेट एक्ट का विरोध करने वाले निहत्थे महिला, पुरूष, बच्चों पर अंधाधुंध फायरिंग करने वाले जनरल डायर ओर उनके आका को नहीं पता था। कि इस नरसंहार ओर काले कारनामे से भगत सिंह ओर उधमसिंह के दिलों में जो बदले की आग लगेगी ओर देश के क्रांतिकारियों के आंदोलन से अंग्रेजों के दांत खट्टे करनेवाले ओर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेकने वाले होंगे। भारत के सभी लोगों को अपने शहीदों पर अभिमान है और इनका सभी भारतीय हमेशा ऋणी रहेगें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, सुनील बम्बई, संतोष ठाकुर, अशोक भारती, क्षितिज मोहन सिंह, प्रेम प्रकाश चिंटू, पिंटू सिंह, बबलू सिंह, महेश यादव, सारिका वर्मा, राखी अग्रवाल, संजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़वा सिसवानिया में युवक की संदिग्ध मौत

रक्सौल।रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मुरला पंचायत के सिसवनिया गांव में बीती रात्रि एक चौबीस वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत की खबर है इसने गले में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया है।मृत युवक सिसवनिया गांव निवासी स्वर्गीय इंदल दास का पुत्र बताया जाता है मृत युवक अपने घर में अकेले था,जबकि उसका भाई बाहर कमाने गया है।पुष्टि थानाध्यक्ष सच्चिदानन्द पांडेय ने की।

### पुलिस ने सेलर सहित 8 लोगों को पकड़ा

कैमूर जिले के मोहनिया पुलिस को गुप्त सूचना मिला था मोहनिया शहर के वार्ड नंबर 7 में नशीले इंजेक्शन का सेवन करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई है। सूचना के संकलन करते हुए मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और छापामारी की गई तो कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और वहीं कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग निकले। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 80 पीस प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 200 पीस नीडल, ₹1600 नगद और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार सभी आरोपी मोहनिया थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। जिसमें कुछ लोग नशीला इंजेक्शन बेचने वाले तो कुछ नशा का सेवन करने वाले लोग शामिल हैं। इस छापेमारी में पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार, प्रभात कुमार, चंदन कुमार और भास्कर यादव के साथ रिजर्व गार्ड और सिपाही शामिल थे।जानकारी देते हुए मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कैमूर पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि मोहनिया वार्ड 07 में इंजेक्शन लेने वाले लोग एक जगह जुटे हुए हैं। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन कर छापामारी किया गया तो 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। वही कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। इन आरोपियों से पूछताछ कर एक दर्जन लोगों की पहचान की गई है। उन लोगों के खिलाफ भी छापामारी अभियान तेज किया जाएगा।

### लोक आस्था के पूर्व छठ पूजा को लेकर छठ घाटों का निरीक्षण किया:डीएम

अरवल।जिला पदाधिकारी, अरवल श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा छठ पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में प्रखण्ड अरवल के मोथा एवं भदासी छठ घाट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि छठ घाटों की पूर्ण साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही छठ घाटों पर लाईटिंग की समुचित व्यवस्था कराने हेतु निदेशित किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था करने का निदेश दिया गया. साथ ही शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु भी निदेशित किया गया।

### नीतू नवगीत ने महिलाओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान

पटना। प्रसिद्ध लोक गायिका तथा पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आईकॉन डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने ह्यनॉक द डोरह्न कार्यक्रम के तहत मैनपुरा एरिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कई घरों तथा हाउसिंग कांप्लेक्स में जाकर नीतू नवगीत ने मतदाताओं विशेष कर महिलाओं से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान महादान है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर ही हम अपने लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो- युवाओं, बुजुर्गो और महिलाओं को लोकतंत्र के महान त्यौहार में अपनी हिस्सेदारी निभाई चाहिए और मतदान करके अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने में अपनी भूमिका का पालन करना चाहिए।

### फोर्स लेने जा रही तीन बस एक-दूसरे से टकराई, दो घायल

सोचहा।थाना क्षेत्र के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर शर्फुद्दीन पुर फ्लाई ओवर के समीप फोर्स लेने जा रही तीन बस की आपस में टकर हो गई, घटना शनिवार की अहले सुबह की है, इस हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गया।एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दो चालाक को मामूली चोटें आई है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के भीड़ मौके पर जुट गई।भीड़ ने घटना की सूचना हाईवे पारा मेडिकल टीम को दी, हाईवे एंबुलेंस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए एसकेएमसीएच पहुंचाया। चालक की पहचान गया जिला के राघवेंद्र शर्मा के रूप में हुई है।घटना को लेकर चालक भोला एवं संजय प्रसाद ने बताया कि गया से मधुबनी फोर्स लेने जा रहे थे।

# लोकसभा निर्वाचन के सफल संचालन में अपेक्षित सहयोग करें प्राईवेट शिक्षण संस्थान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिले में 25 मई को मतदान है। उक्त कार्य में इस जिला में बड़ी संख्या में वाहनों की आवश्यकता है। सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने में जिले के प्राइवेट विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। समय पर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में रजिस्टर्ड बसों के अलावे अन्य जिले में रजिस्टर्ड बसों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संचालन के लिए बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आयोजित बैठक में जिले के प्राइवेट विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में संचालित हो रहे सभी वाहनों की विवरणी विहित प्रपत्र में परिवहन कोषांग को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि जिले में चार डिस्पैच सेन्टर बनाये गये हैं। सभी डिस्पैच सेन्टर पर वाहन कोषांग क्रियाशील रहेगा ताकि वाहन मालिकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र का विद्यालय है, उसी क्षेत्र के बूथ के साथ वाहन को टैग किया जायेगा। साथ ही रिंग बस के रूप में भी वाहनों का उपयोग किया जायेगा। नोडल पदाधिकारी, परिवहन कोषांग को निर्देश दिया गया कि प्राइवेट विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक अथवा विद्यालय प्रबंधन समिति को बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका ध्यान रखा जाय। साथ ही निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले वाहनों का भुगतान समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दर पर पूर्ण पारदर्शी तरीके से कराना सुनिश्चित कराएंगे।

प्राइवेट विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षों ने कहा कि पूर्व के निर्वाचन में जिला प्रशासन को मदद की गयी थी। इसी तरह लोकसभा निर्वाचन में भी सहयोग किया जायेगा। समय पर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी। इस अवसर पर अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्त्ता (लोक शिकायत)-सह-वरीय पदाधिकारी, परिवहन कोषांग, ललन प्रसाद, नोडल पदाधिकारी, परिवहन कोषांग, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, रजनीकांत प्रवीण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुजीत कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सहित अन्य अधिकारी एवं जिले के प्राइवेट विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन शाखा का किया औचक निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिला निर्वाचन शाखा का औचक निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न सम्पन्न कराना है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए सभी कार्यो को ससमय निष्पादित करना है। कार्यो के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि आयोग को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। सभी संचिकाओं एवं अभिलेखों को अद्यतन रखा जाय। निर्वाचन शाखा के सभी अधिकारी एवं कर्मी गोपनीयता बनाये रखेंगे। अनावश्रूक रूप से लोगों का जमावड़ा कार्यालय में नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखेंगे।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चिट्ठियां देंगी 25 मई को मतदान करने का संदेश

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिले के शत-प्रतिशत मतदाता 25 मई 2024 को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, इस हेतु जिला स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाताओं को लगातार जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए एक-एक मत की महता से मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्रधान डाकघर बेतिया में स्वीप गतिविधि के तहत चिट्ठियों पर मतदाता जागरूकता संदेश से संबंधित मुहर लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा चिट्ठियों पर मतदाता जागरूकता संदेश (लोकतंत्र का महात्योहार, चलो चलें करें मतदान, 25 मई 2024 को मतदान अवश्य करें, कोई मतदाता छूटे नहीं) से संबंधित मुहर लगाकर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर उपस्थित प्रशासनिक एवं डाकघर के अधिकारियों ने चिट्ठियों पर मुहर लगाया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार सहित जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उदेश्य यह है कि जिले के कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहें। जिले के शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। इसी कड़ी में आज का यह कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने कहा कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सबसे सशक्त, कारगर और सार्थक माध्यम चिट्ठियां हैं। प्रधान डाकघर बेतिया से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भेजी जाने वाली चिट्ठियों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश अंकित रहेगा। इससे मतदाता जागरूक एवं प्रेरित होंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, एसडीएम, बेतिया विनोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग कमलाकांत त्रिवेदी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, डाक निरीक्षक राम विनय उरांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ओवर टेक की चक्कर में एन एच पर टेंकर पलटी, चालक और खलासी घायल

रक्सौल। एन एच पर ओवर टेक के दौरान एक टेंकर पलट गई। इस घटना में चालक और उप चालक दोनों गंभीर घायल हो गए। इनका इलाज चल रहा है। घटना एन एच पर रघुनाथपुर और लक्ष्मीपुर के समीप की है।बताया गया कि टेंकर बरौनी से तेल लेकर आ रही थी।ओवर टेक के दौरान पलट गई। घायल टैंकर चालक नेपाल के हेटौड़ा निवासी सरोज लामा व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए रक्सौल के एसआरपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां उनका उपचार चल रहा है।एक बस के ओवर टेक के दौरान सामने से आ रही एक ट्रक को बचाने की चक्कर में यह घटना हुई।

# चुनावी पाठशाला में शिक्षक की भूमिका में दिखे अंचलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

मोतिहारी।कल्याणपुर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज कार्यक्रम के तीसरे चरण में राजकीय मध्य विद्यालय तुलसीपट्टी में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। चुनावी पाठशाला की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर दास के संबोधन से हुआ। इसके बाद बीआरपी श्रीकांत सिंह ने चुनावी पाठशाला के प्रतिभागियों का स्वागत किया।

चुनावी पाठशाला में शिक्षक की भूमिका में कल्याणपुर के अंचलाधिकारी रणधीर कुमार दिखें। बच्चों को समझाते हुए अंचलाधिकारी रणधीर कुमार ने कहा की चुनावी पर्व में हम सब की भूमिका महत्वपूर्ण है।खासकर बच्चे अपने घर और आसपास के लोगों को मोटिवेट कर उन्हें वोट देने के लिए तैयार करें। चुनावी पाठशाला कार्यक्रम के संयोजक राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय शीतलपुर के शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी ने कहा कि अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो अपने हर काम को ईमानदारी से करना होगा। चुनाव के प्रति भी हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है और सबों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। चुनावी पाठशाला के अंतिम सत्र में बच्चों से प्रश्नोत्तरी किया गया जिसमें चयनित चार छात्राओं और एक छात्र को मैडल एवं पुस्तक भेंट कर अंचलाधिकारी रणधीर कुमार ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक अब्दुल सलमान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई शिक्षकों में शिक्षक अमित कश्यप सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से उपस्थित थे। बच्चों की तीन टोली बनाई गई प्रत्येक टोली में 15-15 बच्चों को रखा गया जो समूह बनाकर अपने आसपास के लोगों को चुनाव के लिए जागरूक करेंगे।

# तीन दिवसीय यज्ञ किया गया प्रारंभ

सुगौलीः करमवा रघुनाथपुर पंचायत के माधोपुर शिव मंदिर में नव शिवलिंग स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा करने के लिए शनिवार से तीन दिवसीय यज्ञ प्रारंभ किया गया। उक्त यज्ञ का प्रारंभ सैकड़ों कुंवारी लड़कियों के साथ साथ यज्ञ करता, ग्रामीणों ने जल यात्रा किया।जल यात्रा का प्रारंभ माधोपुर मंदिर से प्रारंभ कर गांव का परिक्रमा करते हुए डुमरी गांव के करीब सिकरहना नदी उत्तर वाहिनी स्थल तक श्रद्धालुओं गये ।और नदी किनारे आचार्य धीरेन्द्र पांडेय व पंडित रामाशंकर ओझा के द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कराने के उपरांत श्रद्धालुओं ने जल भर कर शिव मंदिर पहुंचे। आचार्य धीरेन्द्र पांडेय ने बताया कि यज्ञ में सात जजमान अपने पत्नी अपने अपने वेदी के माध्यम से तीन दिन तक लगातार भगवान कि विधिवत पुजा अर्चना करेंगे।साथ ही सोमवार को नये शिवलिंग में प्राण प्रतिष्ठा करने के उपरांत जलाभिषेक होगा। उक्त यज्ञ के मुख्य जजमान सुबोध कुमार मिश्रा व्यवस्था अध्यक्ष रामाकांत सिंह, सते यादव राजेंद्र यादव, दरोगा ठाकुर सहित अन्य थे ।

# चमकी बुखार की रोकथाम को लेकर प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाएः बीडीओ

प्रात: किरण संवाददाता

बनकटवा। चमकी बुखार की रोकथाम और जागरूकता को लेकर प्रखंड प्रशासन एलर्ट हो गया है।इसके लिए सभी तैयारी और प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया जा रहा है।इसी कड़ी में स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पासवान की अध्यक्षता में जेई व एईएस (चमकी बुखार) की रोकथाम को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी विधालयों के प्रधानाध्यापक को एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया।बीडीओ ने सभी एचएम को चमकी बुखार के बारे में अपने-अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया. बैठक के दौरान डॉ आशुतोष कुमार व यूनिसेफ के बीएमसी मुनेंद्र कुमार ने संयुक्त तौर पर बताया की गर्मी के दिनों में मस्तिक ज्वर या चमकी बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है।यह रोग नवजात शिशु से 15 वर्ष आयु के किशोर एवं किशोरियों को अपना शिकार बनाता है।सभी बीएलओ को चमकी बुखार के बचाव को लेकर जन जागरूकता फैलाने को निर्देशित किया गया।इस दौरान सभी प्रधानाध्यापक को इस बीमारी के लक्षण जिसमे बच्चों को तेज बुखार आना,गर्दन में अकड़न,शरीर का सुस्त पड़ना यदि बच्चों में उक्त लक्षण पाए जाने पर अविलंब अस्पताल में सरकारी अथवा निजी वाहन से भी भर्ती करावे निजी वाहन का राशि अस्पताल द्वारा तुरंत भुगतान कर दिया जाएगा।वही बचाव के बारे में बताया गया कि बच्चों को तेज धूप में नही निकलने दे,कच्चा आम,लीची नही खिलाएं।बच्चों को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलाएं।खाली पेट नही रहने दे।

देर रात तथा सुबह उठते ही बच्चों को जगाए और देखें कि बच्चा बेहोश या चमकी तो नही है।इस दौरान चमकी की धमकी खिलाओ,जगाओ,अस्पताल ले जाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई.मौके पर बीइओ कल्पना कुमारी, अशोक शर्मा, विजय कुमार सहित दर्जनों दर्जनों प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# जनता दरबार का आयोजन कर कई मामलो का हुआ निपटारा

प्रात: किरण संवाददाता



सुगौलीः सुगौली थाना परिसर में हर सप्ताह की भाती शनिवार को जनता दरबार का आयोजन प्रशासन द्वारा किया गया। जनता दरबार में जमीन संबंधित मामलो को लेकर फरियादी जनता दरबार में हाजिर हो करा अपना अपना पक्ष रखते है। वही इस सप्ताह सुगौली थाना में कुल पांच मामलो का निपटारा की सुनवाई हुई जिसमे बैदुल्लाह दूसरा पक्ष जमील अख्तर वगैरह वकील सहनी दूसरा पक्ष रामाशीष मिश्रा तीसरा ओमप्रकाश बनाम लक्ष्मण जायसवाल और चौथा संतोष साह बनाम जोगिंदर प्रसाद सहित अन्य लोगो का फरियादी का पक्ष सुना गया वही तीन फरियादी जीना पहले से ही न्यालय में केस चला रहा उन्हे न्यालय में अपना पक्ष रखने की बात कही गई वही चौथा पक्ष की सुनवाई कर दिया गया। वही इस बार सुनवाई में काफी लोग पहुंचे और अपना पक्ष रखे और सुनवाई पूरे होने बाद संतुष्ट हो चले गए। वही इस बार जनता दरबार सीओ कुंदन कुमार जरूरी सरकारी कार्य को लेकर नही पहुंचे जहा राजस्व कर्मचारी अखिलेश कुमारा प्रेम कीशोर सिंह संजय दुबे पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जिलाधिकारी ने की निर्वाचन कार्यो के प्रगति की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



मोतिहारी।समाहरणालय स्थित एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री सौरव जोरवाल के द्वारा जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं डीसीएलआर के साथ निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के अवसर पर चिन्हित किए गए सभी डिस्पैच सेंटर पर की जाने वाली तैयारी को अंतिम रूप देते हुए शीघ्र पूर्ण कराई जाए।डिस्पैच सेंटर पर सभी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए स्थलों की मार्किंग कर दी जाए तथा वहां के लिए पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति आदेश निकाल दिया जाए। प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने की व्यवस्था कराई जाए।सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को अपने विधानसभा से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ नियमित रूप से बैठक करने का निर्देश दिया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त समीर सौरभ,अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण उपस्थित थे।

# सतुआन पर्व आज

प्रात: किरण संवाददाता

मोतिहारी। पंचांग के अनुसार, इस साल सतुआन 14 अप्रैल, दिन रविवार को मनाई जाएगी। उक्त बातें माता अन्नपूर्णा ज्योतिष परामर्श केन्द्र, घोड़ासहन के संस्थापक सह संचालक आचार्य आलोक पाण्डेय के द्वारा कही गई। ज्योतिष गणना तथा धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इस दिन सूर्यदेव और लक्ष्मीनारायण की पूजा करना बेहद शुभ होता है। ऐसा करने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है।बिहार और यूपी के पूर्वी हिस्से में मनाया जाने वाला त्योहार सतुआन अपने आप में खास है। बैसाख के इस तपते महीने में जब धरती गर्म हो रही होती है और सूरज का ताप लोगों को जला रहा होता है तो इस चढ़ते सूरज के ताप को सहने की क्षमता पाने का यह त्योहार सतुआन अपने आप में खास है। इसे जुड़शीतल त्यौहार के नाम से भी बिहार के मिथिलांचल के लोग मनाते हैं और इससे मिथिला में नए वर्ष की शुरूआत का प्रतीक कहा जाता है। बता दें कि इस बार 14 अप्रैल रविवार के दिन यह सतुआन होगा।

बिहार में एक कहावत और भी है सत्तु के चार यार चोखा, चटनी, प्याज, अचार. मतलब आम की चटनी के साथ प्याज, अचार और सत्तु खाकर इस पर्व को मनाने की परंपरा है। इस दिन सूरज कर्क रेखा से दक्षिण की ओर जाना प्रारंभ करता है और इस दिन खरमास भी खत्म हो जाता है। यह मूलतः आम के नए फल के साथ खेतों में आई चने और जौ की नई फसल के स्वागत का त्योहार है।

यह पर्व मूलतः गर्मी के आ जाने की तरफ इशारा करता है, इसके साथ ही हम यह भी कह सकते हैं कि यह ग्रीष्म ऋतु के स्वागत का पर्व है। इसी दिन मटके में पानी भरकर रखा जाता है और उसे अगले दिन पेड़ की जड़ों में डाला जाता है। इसी जल का पूरे घर में छींटा देते हैं।

# छठ व्रतीयों ने दूसरे दिन खरना पूजा कर कुशलता की कामना



मोतिहारी। चार दिवसीय चैती छठ व्रत शुक्रवार नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। वही व्रत का समापन 15 अप्रैल उगते हुए सूर्य को अर्ग के बाद हो जाएगा। वही चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की खस्टी तिथि को मनाया जाता है। इसमें व्रत करने वाली महिलाएं निर्जला रहकर व्रत को करती है। वही 12 अप्रैल शुक्रवार से नहाए खाए के साथ शुरू हुआ । वहीं 13 अप्रैल शनिवार को खरना पूजा हुआ। 14 अप्रैल रविवार को संध्या अर्ग और 15 अप्रैल सोमवार को उदयमान सूरज को अर्ग के बाद में समापन हो जाएगा। आस्था का महापर्व छठ पूजा साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक मास में और दूसरा चैत्र मास में। दोनों छठ व्रत का काफी महत्व है। इस व्रत को महिलाएं पूर्ण आस्था एवं स्वच्छता के साथ करती है। छठी माता की कृपा से सारी मुरादे पूर्ण होती हैं। वही छठ व्रति नीतू दुबे ने कहा कि छठ व्रत करने से सारी मुरादे पूर्ण होती है। छठी माता की कृपा से सुख ,शांति,समृद्धि ,निरोग्यता ,यश ,बल ,बुद्धि, विद्या, संतान ,ख्याति की प्राप्ति होती है। मौके पर नितेश्वर दुबे, अशोक तिवारी, रजनी तिवारी, शशांक मणि त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, कशिश,आकृति,नमन, श्रीयांशी, दिव्यांशी, मिस्टी, सांवी, आर्यवीर, माया देवी, अनीता सिंह, रानी कुमारी के साथ-साथ भक्त मौजूद थे।

# हजारी कॉमर्स क्लासेज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय शहर में तीन दशकों से भी अधिक से संचालित हजारी कॉमर्स क्लासेज, नागा रोड वार्ड-23 के प्रांगण में इस वर्ष संस्थान से इंटरमीडिएट वाणिज्य संकाय में बेहतर अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे अव्वल अंक सुप्रिया कुमारी, बिहार टॉप टेन में शामिल 455 एवं जिला टॉपर 453 अंक रौशनी कुमारी के साथ प्रकृति कुमारी 432, स्नेहा कुमारी 430, कुमारी स्वीटी 407, कीर्ति कुमारी जायसवाल 407, साइस्ता प्रवीण 398, शोभा कुमारी 394, नेहा कुमारी गुप्ता 400, भूमि कुमारी 398, गुंजन कुमारी 385, श्रेया कुमारी 380 करिश्मा कुमारी 376, आयुषी कुमारी 365, अनुष्का कुमारी 358, नंदनी कुमारी 354, खुशबू कुमारी 319, भागीरथी कुमारी 300 के साथ भारती कुमारी, वंदना मिश्रा, सिमरन, श्वेता मिश्रा एवं लडको में नितेश कुमार 385, पंकज श्रीवास्तव 372, अभिनंदन सिंह 450, विशाल कुमार 392, साहिल गुप्ता 365, अभिषेक, कृष, केशव, अक्षय, एलेक्स, सूरज सर्राफ एवं पल्लव गुप्ता आदि शामिल हैं। इस संबंध में संस्थान के निदेशक डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता ने सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और उन्हें बधाई दिया।

# पारा मेडिकल कोर्स के छात्रों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसीटी पारा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रांगण में बिहार कौशल विकाश मिशन के तहत हेल्थ विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित पारा मेडिकल कोर्स मे 2022-23 सत्र पास छात्रों के बीच अंक प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर कालेज के निर्देशक डॉ. कुमार मनीष, प्रिंसिपल डॉ. कमल प्रसाद, डॉ. प्रहस्थ कुमार, डॉ. अनुपम, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. राजेंद्र कुमार, प्रसिद्ध समाज सेवी महेश अग्रवाल, रजनीश प्रियदर्शी, आलोक कुमार, कपड़ा बैंक से ज्योति राज गुप्ता, समाजसेवी रोटी बैंक संचालिका पूर्णिमा भारती, स्वच्छ रक्सौल से रंजीत सिंह, प्रो. अखिलेश दयाल, रंजीत रंजन आदि ने छात्रों मनोबल बढ़ाते हुए प्रोत्साहित किया और उन्हे सम्मानित किया। साथ मे प्रमाण-पत्र का भी वितरण किया गया एवं उनके उजवल भविष्य के कामना के लिए और जीवन में उचाई की सफलता पाने के लिए मूल मंत्र दिया गया।

# विद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में शुक्रवार को परीक्षा परिणामोत्सव - सह- दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रखंड की बीआरपी लक्ष्मी कुमारी अभिभावक रामबालक प्रसाद यादव, आकाश कुमार, प्रधान शिक्षक मनोज कुमार एवं वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए बीआरपी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम एवं लग्न से इस विद्यालय के साथ साथ प्रखंड का भी नाम रौशन हुआ। प्रधान शिक्षक मनोज कुमार ने कहा कि आप सभी से जुदा होने का गम हमें भी है, परन्तु अपने बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आपको सदैव आगे बढ़ते रहना है। वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बच्चों को सफलता का मूल मंत्र बताया और कहा कि हमने जो आत्मविश्वास आपके अंदर भरा है और जो अनुशासन और संस्कार दिया है। वह आपको सफलता की ओर चलते रहने में सहायक होगा। जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए सदैव उचित प्रयास करते रहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मनिषा कुमारी और निरपी कुमारी ने विदाई गीत मुबारक हो तुमको विदाई तुम्हारी, मगर दिल से न हो जुदाई तुम्हारी" प्रस्तुत किया। मुन्नी कुमारी और करिश्मा कुमारी द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत" बस इतना ही संग था तुम्हारा हमारा" ने बच्चों और शिक्षकों को भावुक कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे चलाएगा 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें; बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल



**गोरखपुर , एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी में दिल्ली, पंजाब और मुंबई आवागमन करने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर, वाराणसी, छपरा, लालकुआं और टनकपुर से विभिन्न तिथियों व रूटों पर जून तक 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देश पर ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ट्रेनों की घोषणा के साथ ही टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। रेलवे ने ट्रेनों के संचालन की तैयारी पूरी कर ली है। आवश्यकतानुसार और समर स्पेशल ट्रेन चलाने की भी योजना तैयार कर ली है। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार गोरखपुर के रास्ते बिहार से दिल्ली और पंजाब के लिए भी ट्रेनें चलाई जाएंगी। सहरसा से सरहिंद और रक्सौल से आनंदविहार के बीच समर स्पेशल ट्रेन की घोषणा कर दी गई है। दरअसल, छुट्टियों के समय नियमित ट्रेनों का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। गोरखपुर और छपरा से दिल्ली और मुंबई रूट पर चलने वाली ट्रेनों में नो रूम (टिकटों की बुकिंग बंद) की स्थिति बन गई है।

### पीएम पर विवादित बयान देने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर एफआईआर

**बीजापुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा अपने दिए गए बयानों को लेकर फंसते नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने बीजापुर की एक चुनावी सभा में डमी ईवीएम की मदद से लोगों को वोट देने का तरीका समझाया था। इस दौरान उन्होंने बटन दबाने के बारे में बताते हुए गोंडी बोली में कवासी लखमा जीत गया और मोदी मर गया जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इस बात की जानकारी मिलने पर चुनाव आयोग ने इस मामले में संज्ञान में लिया और इसे हेट स्पीच मानते हुए स्नढ्ढक्र दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद बीजापुर जिले के मिरतूर और कुटरू थाने में कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर पुलिस ने स्नढ्ढक्रदर्ज कर ली है। इस मामले में जानकारी देते हुए बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ धारा 500, 506, 188 व आरपीए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर जगदलपुर में खुलेआम पैसे बांटने के मामले में जगदलपुर कोतवाली में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है।
सीएम बोले- कांग्रेस को स्पष्ट दिख रही हार
कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### अगर सुंदर ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोलकर दिखा दें तो मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी- कंगना रनौत

**मंडी, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत ने प्रदेश के कांग्रेस विधायक और मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर को खुली चुनौती दे डाली है। कंगना ने शुक्रवार को भरी सभा में मंच से कहा कि अगर वह (सुंदर ठाकुर) मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोलकर दिखा दें तो मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी। इससे पहले सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा था कि कंगना मुंबई से यहां आती हैं, वह राजनीति क्या जानें? सुंदर के इस बयान से नाराज कंगना ने सीधा हमला करते हुए उन्हें खुला चैलेंज दे डाला। राजनीति एक भाव है जो मुझमे अपने आप आया है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों की सेवा करना चाहती हूं। कंगना पर निशाना साधते हुए सुंदर ठाकुर ने गुरुवार को कहा था, ये चुनाव है, किसी फिल्म की प्रमोशन नहीं है कि आपने दो महीने में फिल्म बना ली ढिंका चिका-ढिंका चिका करके, प्रमोशन करके और ट्वीट करके।

# नितिन गडकरी की छवि के सामने फेल हैं सारे जातीय समीकरण



**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर शहर के बीचों-बीच पड़ने वाले शताब्दी चौक पर चुनावी लाउडस्पीकर का बहुत शोर है। बसपा के नीले झंडे वहां सबसे ज्यादा लहरा रहे हैं, लेकिन तभी उधर से मनीष नगर की ओर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का काफिला निकलता है और लोगों की भीड़ उनकी तरफ उमड़ पड़ती है। वह आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं।

यह संसदीय सीट कई मायनों में महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय यहां है और भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जीत की हैट्रिक बनाने की तैयारी कर रहे हैं। तीसरे, इस सीट पर जातीय समीकरण हावी हैं। लेकिन जातीय समीकरणों पर गड़करी की छवि कहीं ज्यादा भारी पड़ रही है। उन्हें लोग एक ऐसे मंत्री, सांसद और नेता के रूप में देखते हैं, जिन्होंने शानदार सड़कें बनाकर न सिर्फ नागपुर, बल्कि सूबे और देश का भी विकास किया है।

पार्टी के भीतर ही नहीं बल्कि विरोधियों के बीच भी गडकरी की साख उनकी स्वीकार्यता को बढ़ाती है। हालांकि कांग्रेस ने एक ओबीसी और अनुभवी उम्मीदवार विकास ठाकरे को उनके सामने उतारकर चुनौती पैदा करने की कोशिश की है लेकिन लोग साफ कहते हैं कि कोई और उम्मीदवार होता तो भाजपा की राह मुश्किल हो सकती थी लेकिन यहां तो गडकरी जी मैदान में हैं। बता दें कि नागपुर में ओबीसी मतदाताओं की संख्या 50 फीसदी से भी ज्यादा होने का अनुमान है जिनमें ज्यादातर कुनबी और तेली हैं। भाजपा ने अपने प्रचार में गडकरी की छवि को भुनाने का भरपूर प्रयास किया है, उनका नारा है... 'कहो दिल से नितिन जी फिर से...।'

उद्धव ठाकरे केंद्र की विफलताओं को जनता के सामने रखने का प्रयास कर रहे हैं। वह नागपुर पश्चिम सीट से विधायक हैं। नागपुर पश्चिम सीट में ही संघ मुख्यालय भी पड़ता है और उनका आत्मविश्वास इतना लबालब है कि उन्होंने हाल में दावा किया था, संघ के कई लोग भी उनके पक्ष में वोट करेंगे।

नागपुर के लोग चुनाव में दिलचस्पी ले रहे हैं और पैनी नजर बनाए हैं। जीरो माइल इलाके के निवासी मोरेश्वर सी. धुने कहते हैं कि विकास ठाकरे के मैदान में उतरने से शायद पांच लाख मतों से जीत का लक्ष्य गडकरी पूरा नहीं कर पाएं, फिर भी अच्छे मतों से उनकी जीत पक्की है। एक खाद्य श्रंखला के संचालक एवं भाजपा में सक्रिय प्रणब घुगरे कहते हैं कि गडकरी शानदार मतों से जीत की हैट्रिक लगाने जा रहे हैं। नागपुर सीट पर वैसे तो 26 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें ज्यादातर निर्दलीय व छोटे दलों के नुमाइंदे हैं। हालांकि यहां भाजपा, कांग्रेस के बाद तीसरे नंबर की पार्टी बसपा है। बसपा ने योगेश पातीराम को प्रत्याशी बनाया है। पिछले कई चुनावों में बसपा यहां तीसरे नंबर पर उभरकर आई, पर उसके वोट घट रहे हैं। दरअसल, 15-20 दलित मतदाता इस सीट पर हैं जिनमें हिन्दू एवं बौद्ध दलितों की मिलीजुली संख्या है। दलित वोटर साढ़े चार लाख के करीब होने की संभावना है। 12 मुस्लिम वोटर भी हैं। 2009 में बसपा प्रत्याशी को 1.18 लाख मत मिले थे, लेकिन 2019 में 32 हजार से भीकम रहे।

### दिव्यांग पति को नहीं देना होगा गुजारा भत्ता, कर्नाटक हाईकोर्ट ने मामले में निचली अदालत के आदेश पलटा




**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति को अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी और जुर्माना लगाने के निचली अदालत के आदेश भी पलट दिया। हाई कोर्ट महिला द्वारा दायर गुजारा-भत्ता संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने व्यक्ति की शारीरिक सीमाओं पर जोर देते हुए कहा कि पति बैसाखी की मदद से चल रहा है और भरण-पोषण के लिए उससे नौकरी की अपेक्षा करना अव्यवहारिक है। इस मामले में पति-पत्नी के बाद तलाक हुआ था और पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 के तहत भरण पोषण के लिए 15,000 रुपये प्रति माह दिए जाने की मांग की थी। हालांकि बाद में पति दिव्यांग हो गया और गुजारा भत्ता देने में अक्षम हो गया। हाई कोर्ट ने पति की दिव्यांगता के मद्देनजर उसकी पत्नी द्वारा दायर भरण-पोषण संबंधी याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि हाई कोर्ट ने दिव्यांग पति के पिता से पोते के जरूरतों के लिए बेटे की दिव्यांगता से पहले का भुगतान वित्तीय सहायता के लिए महिला को देने को कहा।



### केरल में शशि थरूर का वाम दलों पर हमला, भाजपा विरोधी वोटों को बांटने का लगाया आरोप

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** वाम दलों पर तिरुअनंतपुरम में भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी दल विपक्षी एकता के बारे में बहुत चिंतित होने का दावा करते हैं, लेकिन यह बताने में विफल हैं कि वे भाजपा के कुशासन पर फोकस करने के बजाय अपनी अधिकांश ऊर्जा उन्हें कमजोर करने में क्यों लगा रहे हैं।

तिरुअनंतपुरम में त्रिकोणीय मुकाबला है और यहां थरूर का मुकाबला भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और भाकपा के पी. रविंद्रन से है। थरूर ने कहा कि यह विडंबना है कि वामपंथी इस संसदीय सीट पर भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित करना चाहते हैं और वायनाड में गठबंधन धर्म का उपदेश देते हैं, जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं।

उनका इशारा वायनाड से राहुल की उम्मीदवारी पर भाकपा की आपत्ति की ओर था। उन्होंने यह भी कहा कि वामपंथियों ने हर बार उनके विरुद्ध उम्मीदवार खड़ा किया है और इसके लिए वह उनकी आलोचना नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने 2009 में उनसे ही पहली बार सीट हासिल की थी।

### बाल विवाह करना चाहते थे पेरेंट्स, लड़की ने की बगावत

**हैदराबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के फर्स्ट ईयर में एस निर्मला ने टॉप किया है। निर्मला की कहानी वाकई बहुत से लोगों के प्रेरणा दायक है। इसने फिर यह साबित कर दिया है कि अगर पढ़ने-लिखने का मौका मिले तो लड़कियां सफलता की बुलंदियों को छू सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्मला बाल विवाह की चपेट में आन वाली थीं, मगर किसी तरह बच गईं। उन्होंने शिक्षा का रास्ता चुना और आज अपना नाम रोशन किया है। वह कुर्नूल जिले के पेद्दा हरिवनम की रहने वाली हैं। उन्होंने 440 नंबर में से 421 नंबर (95.7प्रतिशत) हासिल किया है। वह हमेशा से प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। 10वीं के एग्जाम में उन्होंने 600 में से 537 नंबर (89.5प्रतिशत) पाए थे। निर्मला की 4 बहनें हैं। इनमे से 3 की शादी उनके पेरेंट्स ने पहले ही कर दी थी। वे निर्मला की भी शादी करना चाहते थे। मगर, उन्होंने इसका विरोध किया और अपना करियर बनाने पर जोर दिया।

## चुनाव से पहले घबराए हुए हैं पीएम मोदी, नॉनवेज वाली टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया पलटवार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके उस बयान के लिए निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा है कि सावन के महीने में मीट खाने का वीडियो प्रदर्शित कर विपक्ष बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाता है। इस पर कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री घबरा गए हैं। वह रोज ध्यान भटकाने का नया तरीका खोजने की कोशिश करते हैं। वह हर दिन हमें अपनी बीमार मानसिकता का एक नया उदाहरण देते हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिना रुके राजनीति करना बचकाना व थकाऊ है और दावा किया कि चुनाव में भाजपा पिछड़ रही है क्योंकि उसने अभी तक अपना घोषणापत्र तैयार नहीं किया है, जबकि कांग्रेस पहले ही अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है और लोगों से संपर्क कर रही है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, ÷प्रधानमंत्री के विपरीत हमने यह ट्रैक नहीं किया है कि किस नेता ने किस महीने में क्या खाया। यहां पोषण के कुछ डाटा हैं, जिन्हें हम ट्रैक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनीमिया कई वजहों से होता है जिनमें आयरन की कमी, अपर्याप्त आहार और अन्य पोषक तत्वों की कमी शामिल है। 2015-16 और 2019-21 के बीच पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एनीमिया में लगभग 10 प्रतिशत प्वाइंट्स की वृद्धि हुई।÷ कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि 15 से 19 वर्ष की महिलाओं में एनीमिया का प्रसार 9.2 प्रतिशत तक बढ़ गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में पांच वर्ष से कम उम्र के 10 में से आठ बच्चे एनीमिया से प्रभावित मिले। रमेश ने आरोप लगाया, मिड-डे मील योजना में स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए नाश्ता शामिल करने की 4,000 करोड़ की योजना पर धन की कमी के कारण वित्त मंत्रालय ने वीटो कर दिया था।

#### मोदी सरकार में कुपोषण व्यापक स्तर पर

उन्होंने कहा कि ग्लोबल हेल्थ इंडिकेटर (जीएचआई) रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के बच्चों में वेस्टिंग रेट (लंबाई के अनुपात में कम वजन) 18.7 प्रतिशत है जो इसके सूचकांक में शामिल देशों में सबसे अधिक है। बच्चों में बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत है जो दुनिया में 15वीं सबसे अधिक है। मोदी सरकार में कुपोषण व्यापक स्तर पर बना हुआ है और कई डाटा इंडिकेटरों के अनुसार, यह और भी बदतर हो गया है।

## बाइडन-ट्रंप को टक्कर देगा शिक्षक, बदला नाम; कहा- राजनीति को रीसेट करना जरूरी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के अलावा एक नए व्यक्ति का नाम सामने आया है। इसके लिए एक 35 वर्षीय शिक्षक डस्टिन इबे ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम भी बदला है। उन्होंने राष्ट्रपति की दौड़ में बाइडन और ट्रंप के बीच दोबारा मुकाबले को देखते हुए निराशा व्यक्त की है। हालांकि, यह एक ध्यान आकर्षित करने वाला निर्णय है, लेकिन इबे के पास उठाने के लिए कई गंभीर मुद्दे हैं।

मीडिया से बात करते हुए डस्टिन इबे ने कहा, मेरा नाम कोई भी अन्य (लिटरली एनीबडी एल्स) है और मैं राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हुआ हूं। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी अपने वेतन पर घर खरीदने में असमर्थ हैं। डस्टिन इबे ने कहा, मौजूदा स्थिति में हम और कई युवा घर ढूंढने में संघर्ष कर रहे हैं। हम अब उन चीजों के लिए संघर्ष कर रहे हैं जो 20 से 30 साल पहले चिंता का विषय नहीं था। गणित के शिक्षक इबे ने कहा कि अब अमेरिकी राजनीति को रीसेट करने की आवश्यकता है और वह इसका तरीका ढूंढ रहे हैं। इबे ने बताया कि उन्होंने ऐसा करने लिए कानूनी तौर पर अपना नाम बदल लिया और खुद को मतपत्र में लाने के लिए लंबे समय से लोगों के हस्ताक्षर एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पिछले हफ्ते वह डलास के एक पार्क में अपनी टेबल लगाई और लोगों के हस्ताक्षर जुटाने में लग गए। इस दौरान कई लोग उन्हें उत्सुकता से देख रहे थे और कई उनपर हंस रहे थे। इस दौरान वित्तीय क्षेत्र में काम करने वाले 28 वर्षीय ब्रैंडन रियोस डस्टिन इबे के समर्थन में आगे आए। उन्होंने कहा, बाइडन और ट्रंप के अलावा भी कोई है जिसे हम चाहते हैं। इसलिए मैं इस व्यक्ति को अपना वोट दे रहा हूं। कोई भी वहां पहुंच सकता है और बाइडन एवं ट्रंप से बेहतर काम कर सकता है। 68 वर्षीय सेवानिवृत्त विंसेंट जेम्स ने कहा, वह जो भी कर रहा है, मैं उसकी सराहना करता हूं। बता दें कि टेक्सास में राष्ट्रपति पद के लिए किसी उम्मीदवार को शामिल करने के लिए 113,000 ऐसे मतदाताओं के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है जिन्होंने पार्टियों के प्राथमिक चुनावों में हिस्सा नहीं लिया है।

### रूस से युद्ध के बीच यूक्रेन की सरकार पर फूटा सैनिकों का गुस्सा, भर्ती को लेकर नियमों में बड़े बदलाव से है नाराज

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन में सेना में भर्ती को लेकर नियमों में बड़े बदलाव किए गए हैं। अलजजीरा कि रिपोर्ट के मुताबिक सैनिकों का कहना है कि अब उन्हें तब तक सेना में सेवा देनी होगी जब तक वे अपंग ना हो जाएं या फिर उनकी जान ही ना चली जाए। दरअसल नए नियमों में सेवा की सीमा को खत्म कर दिया गया है। पहले यूक्रेन में 36 महीने की सेवा को अनिवार्य बनाया गया था। बता दें कि रूस के आक्रामक रवैये के आगे यूक्रेन में सैनिकों की कमी हो रही है। ऐसे में यूक्रने के रक्षा विभाग ने 5 लाख सैनिकों की भर्ती का लक्ष्य रखा है। यूक्रेन की संसद में गुरुवार को अनिवार्य भर्ती को लेकर कानून बनाया गया है। इस कानून को लेकर विवाद हो रहा है। इस कानून के प्रारंभिक मसौदे को रद्द करने के लिए हजारों संशोधन पेश किए गए जिसके चलते इसमें महीनों का समय लगा और विलंब हुआ। सांसदों ने भी इस कानून को लेकर लंबे समय तक उदासीन रवैया अपनाया हुआ था। पहले से ही अनुमान जताया जा रहा था कि यह कानून लोगों को पसंद नहीं आएगा। यह कानून पूर्व सेना कमांडर वालेरी जालुझनी के अनुरोध पर तैयार किया गया है जिन्होंने कहा था कि सेना के विभिन्न रैंकों को मजबूत बनाने के लिए 5,00,000 नयी भर्तियों की जरूरत है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के बाद देश में अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की कमी हो गई है। नए कानून के मसौदे पर यूक्रेन वासियों ने अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई। इस कानून के बाद



यूक्रेन के प्राधिकारियों के अधिकारों में वृद्धि होगी जिससे वर्तमान व्यवस्था में कई बदलाव होंगे। निवर्तमान सेना प्रमुख अलेक्ज़ेंडर सिरस्की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने ऑडिट करने के बाद आंकड़ों की समीक्षा की और कहा कि आवश्यक संख्या उतनी अधिक नहीं है क्योंकि सैनिकों की क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्था की जा सकती है।

## राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर की बढ़ी मुश्किलें, अदालत ने नशीली दवाओं और बंदूक मामले में ठुकराई अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हंटर बाइडन ने हथियार खरीदने के लिए झूठ बोलने और बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स का इस्तेमाल करने के आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया था। हालांकि, संघीय न्यायाधीश मैरीलेन नोरिका ने शुक्रवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। डेलावेयर में एक संघीय न्यायाधीश ने उनके खिलाफ अवैध रूप से बंदूक रखने के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया है। बता दें, हंटर बाइडन ने हथियार खरीदने के लिए झूठ बोलने और बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स का इस्तेमाल करने के आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया था। हालांकि, संघीय न्यायाधीश मैरीलेन नोरिका ने शुक्रवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

यह पहला मौका है, जब अमेरिका में किसी मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे के खिलाफ आपराधिक आरोप तय हुए हैं। जून के पहले सप्ताह के दौरान सुनवाई होगी। इससे पहले पिछले साल अदालत ने माना था कि हंटर ने हथियार खरीदने के लिए कई बार झूठ बोला है। उन पर अक्तूबर 2018 में बंदूक खरीदने के



दौरान अपनी नशे की लत को लेकर झूठ बोलने का भी आरोप है। कहा गया था कि हंटर ने जब अक्तूबर 2018 में डेलावेयर के कॉल्ट कोबरा स्पेशल स्टोर से बंदूक खरीदी थी। तो उस समय बंदूक खरीदने के लिए उन्होंने जो फॉर्म भरे थे, उसमें उन्होंने झूठी जानकारी दी थी। उन्होंने उस समय कहा था कि वह ड्रग्स का आदी नहीं है जबकि ऐसा नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने हंटर को इस मामले में दोषी माना है। हंटर बाइडन लगातार इन आरोपों से इनकार कर रहे हैं। वहीं, उनकी कानूनी टीम ने तर्क दिया था कि उनके मुवक्किल को वर्तमान राष्ट्रपति के साथ उनके पारिवारिक संबंध के कारण गलत तरीके से फंसाया जा रहा था। हंटर बाइडन के वकीलों ने तर्क दिया था कि मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने दावा किया था कि मूल याचिका सौदे से छूट का प्रावधान जो टूट गया था वह अभी भी कायम है। उन्होंने अभियोजन का नेतृत्व करने के लिए डेलावेयर में अविशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति को भी चुनौती दी थी। हालांकि, संघीय न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार अटॉर्नी जनरल को स्वयं राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया था। जो हंटर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। न्यायाधीश नोरिका ने अपने फैसले में कहा कि हंटर पर आरोप लगाने वाली कार्यकारी शाखा का नेतृत्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा किया जा रहा है।

### हिंदू-ईसाई महिलाओं की जबरन शादी और धर्मांतरण पर संयुक्त राष्ट्र ने लगाई पाकिस्तान को फटकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अल्पसंख्यक महिलाओं की सुरक्षा मामले को लेकर पाकिस्तान एक बार फिर से निशाने पर है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने हिंदू और ईसाई महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा नहीं दिए जाने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना की है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाई और हिंदू समुदाय से जुड़ी युवतियों और लड़कियों के लिए सुरक्षा की कमी पर एक्सपर्ट्स ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि देश को संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने की जरूरत है। देश के हर एक वर्ग के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, 'ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दासता और यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है।' संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से इसे लेकर बयान जारी किया गया। इसमें विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं और लड़कियों के साथ इस तरह के व्यवहार को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555